
वर्ष- 13 अंक - 160
लखनऊ, मंगलवार 10 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


एसपी ने किया कोतवाली फतेहगढ़ का निरीक्षण 10

30 दिन के भीतर जलापूर्ति न करने वाली कंपनियों पर होगी एफआईआर : स्वतंत्रदेव 03


# भारत-सेशेल्स के रिश्ते नए चरण में : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह रिश्ता सदियों पुराना, गहरा और विश्वास पर आधारित है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत और सेशेल्स सिर्फ भूगोल से ही नहीं, बल्कि इतिहास, भरोसे और भविष्य के लिए एक साझा विजन से भी जुड़े हुए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक अर्मिनी के साथ यहां हैदराबाद हाउस में संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत और सेशेल्स का नाता केवल आज का नहीं है, बल्कि यह अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ने वाला संबंध है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर की लहरें सदियों से दोनों देशों के लोगों को जोड़ती आई हैं। इन तटों पर व्यापार फला-फूला, संस्कृतियों का मेल हुआ और आपसी विश्वास की परंपराएं




**हिंद महासागर के साझा भविष्य को देंगे आकार : पीएम**

मजबूत होती गईं। एक समुद्री पड़ोसी और भरोसेमंद साझेदार के रूप में सेशेल्स भारत के महासागर विज़न का अभिन्न हिस्सा है और दोनों देशों का सहयोग जल, थल और नभ तक फैला हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की चर्चाओं में भारत-सेशेल्स साझेदारी को और अधिक सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। दोनों देश अपने आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए नए अवसरों की तलाश जारी रखने पर सहमत हुए हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के साथ-साथ वित्तीय प्रौद्योगिकी और डिजिटल समाधान के क्षेत्र में भी सहयोग को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

मोदी ने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत नींव रही है और भारत के सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत ने सेशेल्स के लिए 175 मिलियन डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। यह पैकेज सामाजिक आवास, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ठोस परियोजनाओं को समर्थन देगा। इन पहलों से सेशेल्स के लोगों, विशेषकर युवाओं के लिए, रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर सृजित होंगे।

## परीक्षा पे चर्चा में पीएम ने कहा- अनुशासन के बिना प्रेरणा बन जाती है बोझ



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देशभर के छात्रों से संवाद करते हुए पढ़ाई, जीवन और भविष्य की सफलता से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण और प्रासंगिक मंत्र दिया- अनुशासन के बिना प्रेरणा अधूरी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल मोटिवेशन से लक्ष्य हासिल नहीं होते, बल्कि निरंतर अभ्यास, नियमित दिनचर्या और आत्म-अनुशासन ही किसी भी सपने को साकार करते हैं। प्रधानमंत्री ने 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण के दूसरे एवं अंतिम एपिसोड में कोयंबटूर (तमिलनाडु), रायपुर (छत्तीसगढ़), गुजरात और गुवाहाटी (असम) के छात्रों से संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री और छात्रों के बीच हुए संवाद में स्टार्टअप, विकसित भारत 2047, परीक्षा के तनाव, यात्रा, खेल, पढ़ाई और नेतृत्व जैसे विषयों पर अहम सवाल उठे। प्रधानमंत्री ने सरल उदाहरणों और व्यावहारिक सुझावों के जरिए छात्रों को न केवल परीक्षा, बल्कि जीवन के लिए भी दिशा दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के समय में छात्र तनाव, तुलना और असफलता के भय से घिरे रहते हैं, लेकिन यदि वे स्वयं पर विश्वास रखते हुए अनुशासित जीवन अपनाएं, तो हर चुनौती अवसर में बदल सकती है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि परीक्षा कोई बोझ नहीं, बल्कि स्वयं को परखने और बेहतर बनने का अवसर है। इसी सोच के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' का उद्देश्य डर हटाकर आत्मविश्वास जगाना है। प्रेरणा बनाम अनुशासन पर छात्रों के सवाल का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री ने एक उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान अपने पड़ोसी की अच्छी फसल देखकर प्रेरित तो हो जाए, लेकिन समय पर खेत की तैयारी न करे, तो बारिश आने के बाद भी उसे अच्छा परिणाम नहीं मिलेगा। इसी तरह, प्रेरणा तभी काम आती है जब उसके साथ अनुशासन जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि अनुशासन आधार है और प्रेरणा उसे सजाने का काम करती है।

# जेल में आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या

**एजेंसी, चंडीगढ़।**

फरीदाबाद की उच्च-सुरक्षा वाली नीमका जेल में बंद आतंकवाद के एक आरोपी अब्दुल रहमान की रविवार देर रात एक अन्य कैदी द्वारा हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का खुलासा सोमवार सुबह तब हुआ, जब जेल प्रशासन को उसकी लाश बैरक में मिली। हमले के आरोपी की पहचान अरुण चौधरी के रूप में हुई है, जिसे हाल ही में जम्मू-कश्मीर से नीमका जेल स्थानांतरित किया गया था।

जेल सूत्रों के अनुसार, रहमान पर एक नुकीले और हाथ से बनाये गये हथियार से उस समय हमला किया गया, जब वह अल्ट्रा-हाई सिक्योरिटी सेल में बंद था। इसी विशेष सुरक्षा इकाई में अरुण चौधरी भी रखा गया था। घटना की जानकारी मिलते ही जेल अधिकारी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय सिविल अस्पताल भेज दिया गया है।

जेल के विशेष सुरक्षा प्रकोष्ठ ने इस



**अयोध्या को दहलाने की रची थी साजिश, कश्मीरी कैदी ने किया हमला**

मामले में सुरक्षा चूक की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर का 19 वर्षीय अब्दुल रहमान पिछले वर्ष दो मार्च को हरियाणा स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), गुजरात एटीएस और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया था। उस पर भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा से जुड़े होने और अबू सुफियान नामक ऑपरेटिव के निर्देश पर काम करने का आरोप था। गिरफ्तारी के समय सुरक्षा एजेंसियों ने उसके पास से दो जिंदा हैंड ग्रेनेड और डेटोनेटर बरामद किए थे। एजेंसियों का दावा था कि वह अयोध्या को निशाना बनाने की साजिश रच रहा था। जांच में यह भी सामने आया था कि वह सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित हुआ था। आरोपी अरुण चौधरी उर्फ अबू जट्ट जम्मू के आरएस पुरा क्षेत्र का निवासी है। उसके खिलाफ हत्या और रंगदारी सहित कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें सांबा का चर्चित अक्षय शर्मा हत्याकांड भी शामिल है।

अक्टूबर 2024 में उसे कठुआ जेल से नीमका जेल लाया गया था। इससे पहले 2024 की शुरुआत में वह कठुआ जेल के अंदर से इंस्टाग्राम पर लाइव आकर जेल स्टाफपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर सुर्खियों में आया था। फरीदाबाद के डबुआ थाना में रहमान के खिलाफ शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत पहले से मामला दर्ज था। प्रशासन अब हमले के पीछे के मकसद की जांच कर रहा है।

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,58,060/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,44,900/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,18,590/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,00,000/किग्रा |



# उ.प्र. अब बीमारू नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त राज्य : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानमंडल के बजट सत्र के मौके पर कहा कि जनसंख्या घनत्व के मामले में अव्वल यह राज्य अब बीमारू नहीं बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त राज्यों की श्रेणी में आता है जो गर्व की बात है।

योगी ने सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक बीमारू राज्य अब देश में सशक्त राज्य के रुप में अपनी पहचान बना चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडा होते हैं। पहला राज्यपाल का अभिभाषण और दूसरा सामान्य बजट। राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्ययोजनाओं का दस्तावेज होता है, जिसके माध्यम से प्रदेश की जनता को संबोधित किया जाता है। इस पर सदन में माननीय सदस्य विस्तृत चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जाएगा, जिस पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बजट सत्र की कार्यवाही 20 फरवरी तक चलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक बीमारू राज्य कही जाने वाली छवि को बदला है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश ने आर्थिक क्षेत्र में ब्रेक थ्रू किया है, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है और रोजगार के अवसर लगातार बढ़े हैं। पिछले पांच वर्षों से उत्तर प्रदेश एक सरप्लस बजट वाला राज्य बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने विधानमंडल को लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार स्तंभ बताते हुए कहा कि लोकतंत्र संवाद से चलता है, न कि कार्यवाही को बाधित करके। सरकार हर सकारात्मक सुझाव को स्वीकार करने के लिए पूरी तरह तत्पर है, लेकिन सदन की कार्यवाही में व्यवधान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश विधानसभा में कई नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं, जो स्वस्थ संसदीय परंपराओं का प्रमाण हैं।

## यूपी बजट सत्र में पहले दिन से हंगामा

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र 2026-27 सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। लेकिन पहले ही दिन सदन का माहौल गरमा गया। समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के विधायकों ने सरकार की नीतियों और उपलब्धियों पर सवाल उठाते हुए जमकर हंगामा किया। राज्यपाल ने जब विपक्षी दलों की लगातार नारेबाजी पर नाराजगी जताई तो सदन में हलचल और बढ़ गई। उन्होंने कहा कि आप लोगों के समय में यह जीरो था जीरो। पांच-सात सालों से आप लोग बस हंगामा ही कर रहे हैं। आगे भी आपका जीरो ही रहने वाला है। राज्यपाल की इस टिप्पणी पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना जोर से हंसते दिखे, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सत्ता पक्ष के विधायक मेज थपथपाकर समर्थन जताने लगे। सत्र शुरू होने से पहले ही सपा और कांग्रेस विधायकों ने विधानभवन परिसर में प्रदर्शन किया। सपा विधायक जाहिद बेग नारे लिखी तख्तियां लेकर सदन पहुंचे और लगातार नारेबाजी करते रहे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मौजूदगी में हुई विधायक दल की बैठक में तय हुआ कि सदन के भीतर और बाहर सरकार को घेरने के लिए आक्रामक रुख अपनाया जाएगा।

## बजट सत्र के दौरान चलने वाले स्वास्थ्य शिविर का सीएम ने किया उद्घाटन

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र की शुरुआत से पूर्व विधान भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह स्वास्थ्य शिविर उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद सदस्यों के लिए लगाया गया है, जिसमें केजीएमयू के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया है। यह शिविर माननीय सदस्यों के साथ-साथ विधान भवन में उपस्थित अन्य लोगों की सुविधा के लिए भी उपलब्ध रहेगा।

# भारत-ग्रीस में द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग मजबूत करने पर हुआ करार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत की यात्रा पर आए ग्रीस के रक्षा मंत्री निकोलास-जॉर्जियोस डेंडियास ने सोमवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। दोनों रक्षा मंत्रियों ने भारत और ग्रीस के बीच द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग मजबूत करने के लिए संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किये और साल 2026 के लिए द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना का आदान-प्रदान किया। ग्रीस ने भारत में संपर्क अधिकारी तैनात करने की घोषणा की, ताकि दोनों समुद्री देशों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ाया जा सके।

नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता में दोनों रक्षा मंत्रियों ने दोहराया कि भारत-ग्रीस की रणनीतिक साझेदारी शांति, स्थिरता, स्वतंत्रता और आपसी सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित है। दोनों देशों ने भारत के



**समुद्री सहयोग बढ़ाने के लिए ग्रीस भारत में तैनात करेगा संपर्क अधिकारी**

'आत्मनिर्भर भारत' और 'एजेंडा 2030' के तहत हेलेनिक डिफेंस सुधारों के बीच साझेदारी के जरिए अपने-अपने रक्षा उद्योगों की क्षमताएं बढ़ाने का फैसला लिया। भारत और ग्रीस के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए एक संयुक्त समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो पांच साल का रोडमैप बनाने का शुरुआती चरण है।

## संक्षिप्त समाचार

### निजी अस्पताल की एनआईसीयू में आग से नवजात की जिंदा जलकर मौत

**कानपुर।** बिठूर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निजी अस्पताल के नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) में आग लग जाने से उसमें भर्ती एक नवजात की जिंदा जलकर मौत हो गयी। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित पक्ष को समझा बुझाकर मामले को शांत करवाते हुए कार्रवाई का आश्वाशन दिया है। आरोप है कि घटना के कई घण्टे बीत जाने के बाद भी हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा सच्चाई छुपाई गयी। देर रात परिजनों को शक होने पर उन्होंने जमकर हंगामा किया। तब जाकर घटना का खुलासा हुआ। परिजन बच्ची को लेकर दूसरे अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### शरद पवार की अचानक बिगड़ी सेहत, बारामती से सीधे पुणे के अस्पताल ले जाया गया

**पुणे/बारामती।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष और देश के वरिष्ठतम नेताओं में शुमार शरद पवार की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें बारामती से पुणे के प्रसिद्ध रूबी हॉल क्लिनिक में लाया गया। 85 वर्षीय पवार पिछले कुछ समय से तेज बुखार और लगातार खांसी की समस्या से जूझ रहे थे। सेहत में गिरावट की खबर सामने आते ही उनके समर्थकों और राजनीतिक हलकों में चिंता की लहर दौड़ गई है।

# तीन महीने में फैसला दे दिल्ली हाईकोर्ट, कुलदीप सेंगर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। मामले में कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वह इस मामले से जुड़ी अपीलों की सुनवाई तेजी से करे। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट ने निष्कासित भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया।

दरअसल, कुलदीप सिंह सेंगर को इस मामले में 10 साल की सजा सुनाई गई है। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में सजा निलंबित करने की मांग की थी, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे मंजूरी देने से इनकार



कर दिया था। इसके बाद सेंगर ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। मामले में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच, जिसमें जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एन.वी. अंजरिया शामिल थे, ने कहा कि यह मामला ऐसा है जिसमें हाईकोर्ट को अपील पर आउट ऑफ टर्न यानी प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने साफ निर्देश दिया कि दिल्ली हाईकोर्ट इस अपील का निपटारा तीन महीने के भीतर करे। सुनवाई के दौरान पीड़ित पक्ष के वकील ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने भी ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ अलग से अपील दाखिल की है। इसमें सजा की अवधि समेत कई बिंदुओं को चुनौती दी गई है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चूंकि हाईकोर्ट के आदेश में उस अपील का कोई जिक्र नहीं है, इसलिए वह उस पर अभी कोई टिप्पणी नहीं कर रहा है।

## भारत नेटवर्क तत्परता सूचकांक में अब 45वें पायदान पर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने वैश्विक नेटवर्क तत्परता सूचकांक (एनआरआई) 2025 में अपनी स्थिति बेहतर करते हुए 45वें पायदान पर पहुंच गया है। इससे पहले भारत 49वें स्थान पर था। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि वॉशिंगटन डीसी स्थित पोर्टुलन्स संस्थान की इस रिपोर्ट में भारत चार स्थान ऊपर चढ़कर अब 45वें पायदान पर पहुंच गया है। पिछले वर्ष भारत का अंक 53.63 था, जो इस बार बढ़कर 54.43 हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत कई अहम संकेतकों में दुनिया में सबसे आगे है।

# व्हाट्सऐप, मेटा को नहीं मिली राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सऐप की उन याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को 23 फरवरी तक स्थगित कर दी जो गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ दाखिल की गई हैं।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ से कहा गया कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल अस्वस्थ हैं और इसलिए सुनवाई स्थगित कर दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि वह अंतरिम आदेश पारित करने के लिए दायर याचिकाओं पर 23 फरवरी को सुनवाई

**सुप्रीम कोर्ट ने टाली प्राइवेसी मामले की सुनवाई**

करेगी। उसने उस एक वादी को मामले में पक्षकार बनाए जाने की अनुमति दी जिसका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार कर रहे हैं। न्यायालय ने तीन फरवरी को मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सऐप से मंगलवार को अप्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा था कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां डेटा साझा करने के नाम पर नागरिकों की निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं। न्यायालय गोपनीयता नीति को लेकर सीसीआई के उस आदेश के खिलाफमेटा और व्हाट्सऐप की अपील पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उन पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

## ईपीएफओ का नया ऐप यूपीआई के जरिये पीएफ का पैसा निकालने की देगा सुविधा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंशधारक इस साल अप्रैल में पेश होने वाले एक नए मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये यूपीआई (यूपीआई) भुगतान गेटवे का उपयोग करके अपने पीएफका पैसा सीधे बैंक खातों में पा सकेंगे। एक शीर्ष सूत्र ने यह जानकारी दी। एजेंसी के सूत्र के मुताबिक श्रम मंत्रालय एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत ईपीएफ का एक निश्चित हिस्सा सुरक्षित कर दिया जाएगा, जबकि एक बड़ा हिस्सा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये बैंक खाते के माध्यम से निकासी के लिए उपलब्ध होगा। सूत्र ने आगे बताया कि ईपीएफओ एक नया मोबाइल ऐप पेश करेगा, जिसके जरिये सदस्य यूपीआई गेटवे का उपयोग करके पैसे निकालने के साथ ही पासबुक शेष राशि जैसी अन्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस समय सदस्य अपने ईपीएफ खातों तक पहुंचने और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए या तो यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) पोर्टल या उमंग ऐप का उपयोग करते हैं। ये सेवाएं दोनों मंच पर उपलब्ध रहेंगी, जबकि नया समर्पित ऐप ईपीएफओ ग्राहकों के लिए सेवाओं की पहुंच और वितरण में सुधार करेगा। सूत्र ने बताया कि अंशधारक मोबाइल ऐप के जरिये अपने बैंक खातों में हस्तांतरण के लिए उपलब्ध पात्र ईपीएफ शेष राशि देख सकेंगे। उन्हें लेनदेन पूरा करने के लिए अपने जोड़े गए यूपीआई पिन का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी, जिससे बैंक खातों में धन का सुरक्षित हस्तांतरण सुनिश्चित होगा। ईपीएफओ इस सेवा का फिलहाल परीक्षण कर रहा है। श्रम मंत्रालय द्वारा इस साल अप्रैल में बड़े स्तर पर इस ऐप को पेश किए जाने की संभावना है।

### रूस से कच्चा तेल आयात किए जाने के मामले में पूछे गए प्रश्नों पर विदेश सचिव ने कहा-


# तेल का आयात उपभोक्ताओं व राष्ट्रीय हितों पर आधारित होगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को कहा कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हमारे प्रयास राष्ट्रीय हितों पर निर्भर करेंगे। उन्होंने कहा कि हम भारतीय उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर पर्याप्त ऊर्जा उपलब्ध कराने की नीति का अनुसरण करते हैं।

विदेश सचिव ने सोमवार को एक विशेष प्रेस ब्रीफिंग में रूस से कच्चा तेल आयात किए जाने के मामले में पूछे गए प्रश्नों पर विस्तार से उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि देश की तेल कंपनियां बाजार की परिस्थिति एवं तेल की उपलब्धता, मूल्य, आपूर्ति प्रणाली और जोखिम आदि का आकलन कर आवश्यक फैसला करेंगी। तेल कहां से हासिल किया जाए इसका फैसला तेल कंपनियां





करेंगी, जो बाजार की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ कई पेचिदा मुद्दे जुड़े हैं, तेल कंपनियां जिनका ध्यान रखेंगी। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते की जो रूपरेखा तय पाई गई है, उस संबंध में अमेरिकी प्रशासन की ओर से दावा किया गया है कि भारत रूस के साथ कच्चे तेल का आयात बंद कर देगा। भारत सरकार की ओर से अभी इस संबंध में कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी गई है। अमेरिकी प्रशासन ने यह भी धमकी दी है कि भारत ने यदि भविष्य में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से कच्चे तेल का आयात किया तो उस पर दंडात्मक टैरिफ फिर से लगा दिया जाएगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने आगे कहा कि भारत तेल और गैस क्षेत्र में मुख्य रूप से आयात पर निर्भर है। भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था है तथा हम ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता को बहुत महत्व देते हैं। देश अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए 80-85 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। आयात पर होने वाले खर्च का मुद्दा भी इससे संबंधित है। इसीलिए हमारा फैसला भारत के उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा करने पर भी केंद्रीत है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बाजार में उथल-पुथल का माहौल है तथा अनेक देश इससे प्रभावित हैं और हम ऊर्जा बाजार में मूल्य और आपूर्ति में स्थिरता चाहते हैं। इस संबंध में भारत की भूमिका बहुत अनुकूल रही है। हमारा लक्ष्य है कि हमें उचित मूल्य पर पर्याप्त ऊर्जा उपलब्ध हो, जो विश्वसनीय है टिकाउ हो। उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा के संबंध में किसी एक देश या स्रोत पर निर्भर नहीं है तथा वह अनेक देशों से इसका आयात करता है। आयात स्रोतों की विविधता बाजार के हालात के अनुरूप होती है। हमारे पास आपूर्ति के जितने अधिक स्रोत होंगे, हमारे लिए उतनी ही बेहतर स्थिति होगी।

# गैंगस्टर रवि काना मामले में जेल अधीक्षक समेत तीन अफसर जांच में दोषी, एसआईटी भी कसेगी शिकंजा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बांदा जिला जेल से कुख्यात स्क्रैप माफिया व गैंगस्टर रविन्द्र सिंह (रवि काना) की संदिग्ध रिहाई मामले में जेल अधीक्षक समेत तीन अफसर दोषी पाए गए हैं। विभागीय जांच में जेल अधीक्षक समेत तीन अधिकारियों की मिली भगत विभाग पाई गई है।

दरअसल, बांदा जिला जेल में बंद कुख्यात स्क्रैप माफिया व गैंगस्टर रविन्द्र सिंह (रवि काना) की रिहाई पर सवाल उठ रहे थे। इसके बाद जब मामले ने तूल पकड़ा तो जेल चौकी प्रभारी की शिकायत पर कोतवाली नगर थाने में जेल अधीक्षक, जेलर और अन्य अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 260 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह धारा आरोपी की हिरासत में जानबूझकर की गई लापरवाही से संबंधित है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की। विभागीय जांच का जिम्मा प्रयागराज रेंज के डीआईजी जेल राजेश श्रीवास्तव को सौंपी गई थी। जांच रिपोर्ट में जेल अधीक्षक समेत तीन अफसर दोषी पाए गए हैं। गौरतलब है कि रवि काना कई गंभीर मामलों में वांछित है, जिनमें नोएडा के सेक्टर-63 थाने में दर्ज उगाही का केस भी शामिल है। वह वर्ष 2024 से अन्य मामलों में बांदा मंडल जेल में बंद था। उगाही प्रकरण में बी-वारंट के जरिए उसे कोर्ट में तलब किया गया था। जांच अधिकारी की रिमांड अर्जी पर 29 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई, लेकिन उसी शाम उसकी रिहाई कर दी गई थी। घटना के बाद गौतम बुद्ध नगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महानिदेशक कारागार और जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा। इसी क्रम में बांदा जेल के जेलर विक्रम सिंह यादव को निलंबित कर दिया गया। जबकि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जेल चौकी प्रभारी अनुराग पांडेय ने लिखित तहरीर दी, जिसके आधार पर जेल अधीक्षक अनिल गौतम, निलंबित जेलर विक्रम सिंह यादव और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिए थे। फिलहाल विभागीय जांच अब सामने आ गई है जिसमें तीन अधिकारी दोषी पाए गए हैं। अब उनके खिलाफ विधि कार्रवाई की जाएगी।

# मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में 17 महिलाओं की सुनवाई, आयुक्त ने दो सप्ताह में निस्तारण के दिए निर्देश

- फायरिंग, दहेज उत्पीड़न से भूमि विवाद तक गूंजा महिला दर्द, शक्ति संवाद में प्रशासन सख्त
- निष्पक्ष जांच व गिरफ्तारी की मांग, महिला जनसुनवाई में गंभीर मामलों पर आयुक्त का कड़ा रुख
- धोखाधड़ी, घरेलू हिंसा और राजस्व विवादों पर फोकस, मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद बना न्याय का मंच

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

सोमवार को देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के



अंतर्गत विशेष महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त देवीपाटन मंडल ने दूर-दराज क्षेत्रों से आई कुल 17 महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण व निष्पक्ष समाधान अधिकतम दो सप्ताह के भीतर सुनिश्चित कराया जाए। इस अवसर पर अपर आयुक्त भी उपस्थित रहीं। जनसुनवाई में थाना इटियाथोक क्षेत्र के ग्राम परना बगुलहा निवासी एक महिला ने अपराध संख्या 307/2025 में नामजद अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष विवेचना की मांग की। पीड़िता ने बताया कि गैंगेस्टर एक्ट में सजा पा चुके आरोपियों ने उसके पति पर जानलेवा फायर किया था, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। चिकित्सकीय परीक्षण में फायर आर्म इंजरी की पुष्टि के बावजूद विवेचना में लापरवाही बरती जा रही है। साथ ही आरोपियों द्वारा लगातार दी जा रही धमकियों से परिवार की जान-माल की सुरक्षा को गंभीर खतरा बना हुआ है। महिला ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की गुहार लगाई। इसी क्रम में करनैलगंज थाना क्षेत्र की एक महिला आसमा बानों ने दहेज उत्पीड़न, तीन तलाक और न्यायालय के आदेश के बावजूद गुजारा भत्ता न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया तथा बिना तलाक दूसरी शादी कर ली। महिला ने मामले में जांच कर अभियुक्त की गिरफ्तारी की मांग की। कटरा बाजार थाना क्षेत्र की एक वृद्ध महिला ननकई देवी ने जालसाजी और ठगी का गंभीर मामला उठाया। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने आधार व बैंक दस्तावेज लेकर कन्या विवाह सहायता योजना की धनराशि खाते में भिजवाकर धोखाधड़ी से निकाल ली, जिससे उनके विरुद्ध वसूली अधिपत्र जारी हो गया। पीड़िता ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कराने और वसूली की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। वहीं तरबगंज तहसील क्षेत्र की लालमती ने भूमि विवाद से जुड़े प्रकरण में खड़ी गेहूं की फसल में किलाबंदी कराए जाने का विरोध दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि संबंधित आदेश के विरुद्ध अपील न्यायालय में लंबित है, जिसकी सुनवाई 11 फरवरी 2026 को निर्धारित है। इसके बावजूद किलाबंदी की तैयारी की जा रही है। महिला ने अपील निस्तारित होने तक किलाबंदी पर रोक लगाने की मांग की। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने सभी प्रार्थना पत्रों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही वार्ता की और प्रत्येक प्रकरण में त्वरित, निष्पक्ष व समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# चार केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से हुई मदरसा बोर्ड परीक्षा

- 760 अभ्यर्थी रहे उपस्थित
- आलिम-मौलवी परीक्षा में 269 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, प्रशासन की रही कड़ी निगरानी

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) तथा आलिम (सीनियर सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत जनपद गोण्डा के कुल 04 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 09 फरवरी 2026 (सोमवार) को परीक्षाएं सकुशल सम्पन्न कराई गईं। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान केन्द्रों पर सुरक्षा एवं अनुशासन की समुचित व्यवस्था रही। परीक्षा में फाजिल/मुंशी/मौलवी के अंतर्गत कुल 785 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 569 उपस्थित एवं 216 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली (आलिम - सीनियर सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) में कुल 244 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 191 उपस्थित एवं 53 अनुपस्थित पाए गए। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 1029 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 760 उपस्थित एवं 269 अनुपस्थित रहे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सतत निगरानी की गई।

## धर्म के बढ़ने से पाप और बुराइयां कम होंगी : मसूद आलम





गोंडा, समृद्धि न्यूज़। आरएन पाण्डेय मेमोरियल हॉस्पिटल में चल रहे नव दिवसीय शिव महापुराण कथा के 8वें दिन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी गोण्डा मसूद आलम, व राम सागर अकेला पूर्व विधायक बलरामपुर, लालचंद गौतम प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी ,व दर्जनों साथियों के साथ महा शिव पुराण कथा में पहुंचे मसूद आलम ने कहा अगर वास्तविक में धर्म का पालन हो तो धर्म के बढ़ने से पाप और बुराइयां कम होंगी कथावाचक कौशिक जी महाराज ने मसूद आलम द्वारा पूर्व में शिव भक्तों के सेवा करने के उद्देश्य से कजरी तीज पर्व के अवसर पर 37 किलोमीटर सड़क निजी पैसे से मरम्मत कार्य की सराहना की और मसूद आलम को आशीर्वाद दिया।

मसूद आलम ने कथा में आमंत्रण देने के लिए डाक्टर राजेश पाण्डेय का आभार व्यक्त किया। राम सागर अकेला पूर्व विधायक ने कहा कि सभी धर्म मानवता की सीख देते हैं लाल चन्द गौतम ने इतनी बड़ी कथा आयोजन के लिए डॉक्टर राजेश पाण्डेय जी को बधाई दी।

# जर्जर बिशुही पुल के लिए तीसरे दिन भी हस्ताक्षर अभियान जारी

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। आज तीसरे दिन भी बिशुही पुल के निर्माण के लिया हस्ताक्षर अभियान जारी रहा जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर एक ही बात कही कि जर्जर पुल का नवनिर्माण जल्द से जल्द कराया जाए इस अवसर पर सेंट जेवियर्स हायर सेकेंड्री स्कूल गोंडा के छात्र आकाश दुबे ने बताया कि यह पुल बनना कितना आवश्यक है इस बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि जब सुबह हमारी बस जाती है तो डेली एक से डेढ़ घंटे में लेट पहुंचता हूं और हमारा पाठ्यक्रम डेली कुछ ना कुछ छूट जाता है तथा जनता इंटर कॉलेज के छात्र सुरेंद्र कनौजिया ने बताया कि सुबह जब हम स्कूल जाते हैं तो एक से डेढ़ घंटे



का जाम पड़ने के कारण डेली में कॉलेज लेट पहुंचता हूं हमारी सरकार से यही मांग है कि जल्द से जल्द इस पुल का निर्माण कराया जाए व सूरज जायसवाल ने बताया कि मैं इंटियाथोक का व्यापारी हूं मेरा एक दूकान पुल के इस पार तथा एक दूकान उस पार है पुल पर लगे जाम के लिए मुझे घंटों लग जाते हैं अपने इस दूकान से उस दुकान जाने में अतः हमारी सरकार से यही मांग है कि इस पुल का नवनिर्माण जल्द से जल्द कराया जाए व कार्यक्रम संयोजक युगांक मिश्रा ने बताया कि आज तीसरे दिन तक 3231 लोगों ने हस्ताक्षर कर एक ही स्वर में कहा कि इस पुल का निर्माण बहुत ही आवश्यक है और हमारा कार्यक्रम जब तक चलेगा जब तक पुल के निर्माण के लिए सक्षम अधिकारी वार्ता नहीं करते हैं तब तक हमारा अभियान जारी रहेगा इस अवसर पर सिद्धेश सोनी, अल्तमस इदरीसी, अयान चौधरी, विवेक सोनी, विकाश द्विवेदी, नितिन शर्मा, ओम प्रकाश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# नहीं थम रहा मनरेगा में फर्जीवाड़ा

## बिना काम भरे जा रहे मास्टर रोल, एक ही फोटो से कई भुगतान

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का सनसनीखेज मामला सामने आया है। उल्लापुरवा समेत कई गांवों में बिना कोई काम कराए ही मजदूरों के नाम से मास्टर रोल चलाए जाने का आरोप लगाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, काम दिखाने के लिए एक ही फोटो को बार-बार अपलोड कर सरकारी पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है, जिससे अधिकारियों को गुमराह कर लाखों रुपये का भुगतान निकाला जा रहा है। इतना ही नहीं, जिन गांवों में कोई कार्य हुआ ही नहीं, वहां दूसरे गांवों के लोगों के नाम मजदूर सूची में दर्ज कर भुगतान कर लिया गया। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की जानकारी खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को फोन के माध्यम से दी, जिसके बाद मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने बताया मामला हमारे संज्ञान में है। जांच कराई जा रही है। यदि आरोप सही



पाए गए तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना में हो रही इस कथित धांधली से क्षेत्र के गरीब मजदूरों में भारी आक्रोश है। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## खबरें एक नजर में

### वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा

लोगों से सतर्क रहने की अपील

तेंदुए के हमले में मासूम की मौत के बाद वन विभाग सतर्क

बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग स्थित मोहकम पुरवा गांव में दो दिन पहले तेंदुए के हमले में एक मासूम बच्ची की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए अभियान तेज कर दिया है और इलाके में पिंजरा भी लगाया गया है। यह घटना दो दिन पूर्व मोहकम पुरवा गांव में हुई थी। घर के आंगन में खेल रही 6 वर्षीय सहजल नाम की बच्ची पर तेंदुए ने हमला कर उसे खेत में खींच लिया था। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ बच्ची को छोड़कर भाग गया, लेकिन हमले में गंभीर रूप से घायल सहजल की इलाज के दौरान मौत हो गई। वन विभाग तेंदुए को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जानवर को सुरक्षित पकड़ने के उद्देश्य से गांव के बाहर पिंजरा लगाया गया है। इसके साथ ही, ग्रामीणों से भी सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।



### पीएमश्री स्कूल पवही में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

बहराइच समृद्धि न्यूज़। पीएमश्री कम्पोजिट स्कूल पवही में सोमवार को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और अतिथियों ने उनकी मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षमा सिंह (ए.आर.पी. अंग्रेजी) और विशिष्ट अतिथि उमेश कुमार सिंह (अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ) ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना और दीपमाला ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके उपरांत अतिथियों का माल्यार्पण और बैच अलंकरण कर स्वागत किया गया। छात्राओं सलोनी, मानवी, प्रीती, अनीता और शिवानी ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक और गीतों के माध्यम से अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 'हम यूपी वाले भैया हैं', 'मेरे अच्छे चंदामामा', 'मोर बन यो रसिया', 'एक दो तीन चार', 'मैं निकला गड्डी लेके' और 'चमकेगा इंडिया' जैसे गीतों पर प्रस्तुत नृत्यों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सड़क सुरक्षा पर आधारित एकांकी रही, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से यातायात नियमों के पालन का सशक्त संदेश दिया। इसके अतिरिक्त, महारास, कव्वाली 'कामयाबी', होली गीत 'ऐसी होली तोय खेलाऊँ' और 'दादा जी छड़ी' जैसी प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत कर दिया। बच्चों द्वारा एकल कविता, भाषण और गीत भी प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने कार्यक्रम को और रोचक बना दिया। समापन अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ने मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नोडल संकुल रामानन्द गुप्ता, बृजेश चौधरी, कमलेश कुमार राव, अकील अहमद, शिक्षक संकुल, अजय कुमार वर्मा, प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रभात शुक्ला, वेदप्रकाश वर्मा, सर्वेश कुमार वर्मा, आरती शुक्ला, मनीषा शर्मा, आकांक्षा सिंह, कोमल राव, नाजमा बेगम सहित समस्त शिक्षकगण और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।



### आदर्श तालाब सूखा, पशु-पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा

सादुल्लानगर/बलरामपुर। विकासखंड रेहराबाजार के सादुल्लानगर क्षेत्र के ग्राम छितलुपुर में बना आदर्श तालाब इन दिनों पूरी तरह सूखा पड़ा है। तालाब में पानी न होने के कारण क्षेत्र के पशु-पक्षियों को भीषण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही हालात और गंभीर होते जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार आदर्श तालाब का निर्माण जल संरक्षण और पशु-पक्षियों के लिए स्थायी जल स्रोत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन नियमित देखरेख और समय पर पानी भराव न होने से तालाब सूख गया है। तालाब के सूख जाने से न सिर्फ मवेशियों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है, बल्कि पक्षियों का आवागमन भी कम हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही तालाब में पानी नहीं भरा गया तो गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों की समस्या और बढ़ सकती है।

# आज से घर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा

- जरवल ब्लॉक में 28 फरवरी तक चलेगा एमडीए अभियान
- 2.88 लाख से अधिक लोगों को मिलेगी बीमारी से सुरक्षा
- सीफार के सहयोग से आयोजित हुई मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला



बहराइच समृद्धि न्यूज़। जनपद बहराइच फाइलेरिया उन्मूलन की ओर अग्रसर है, यही कारण है इस वर्ष राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत केवल जरवल ब्लॉक में ही सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगा। अभियान के सफल संचालन के लिए 43 सुपरवाइजर एवं 510 स्वास्थ्य टीमें गठित की गई हैं, जो घर-घर जाकर अपने सामने 2.88 लाख से अधिक लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगी। यह जानकारी जरवल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में जिला फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी (एफसीओ) दीपमाला ने दी। उन्होंने बताया कि बीते पाँच वर्षों से लगातार चल रहे एमडीए अभियानों के परिणामस्वरूप इस बार जरवल ब्लॉक में सूक्ष्म कृमियों की दर अधिक पाई गई, इसी कारण यहां विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शेष ब्लॉकों में जल्द ही फाइलेरिया प्रसार दर की जांच के लिए संचरण मूल्यांकन सर्वेक्षण (टास) कराया जाएगा। जिसके आधार पर आगे उन्मूलन की रणनीति बनाई जाएगी। एफसीओ ने बताया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ पंचायती राज, शिक्षा, बाल विकास, सूचना एवं अन्य विभागों का भी सहयोग लिया गया है। अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वयं दवा सेवन कर की जाएगी, जिससे आमजन में विश्वास बढ़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि दवा खाली पेट नहीं लेनी है। दो वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर शेष सभी लोगों को दवा सेवन कराया जायेगा।

एफसीओ ने मीडिया से अपील की कि अभियान की सही व स्पष्ट जानकारी जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि इस लाइलाज बीमारी से समाज को सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन, रोग प्रबंधन, वाहक नियंत्रण, विभागीय समन्वय एवं डिजिटल नवाचार पर आधारित पांच-स्तंभीय रणनीति पर कार्य कर रही है।

# भारत नेपाल सीमा पर दो नेपाली युवक गिरफ्तार

## हैदराबाद से चुराए करोड़ों के जेवरात बरामद, नेपाल भागने की फिराक में थे



बहराइच समृद्धि न्यूज़। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रूपईडीहा चेकपोस्ट पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने दो नेपाली युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से करोड़ों रुपये के सोने और हीरे के जेवरात बरामद हुए हैं। ये युवक हैदराबाद से इन गहनों की चोरी कर भागे थे। एसएसबी की 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि हैदराबाद के जुबली हिल्स थाना इंस्पेक्टर ने सूचना दी थी। उन्होंने बताया था कि दो नेपाली युवक करोड़ों रुपये के सोने, हीरे के जेवरात और कीमती नग चुराकर बहराइच के रास्ते नेपाल भागने की फिराक में हैं। हैदराबाद पुलिस ने संदिग्धों की तस्वीरें भी साझा की थीं। इसके बाद रूपईडीहा चेकपोस्ट पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध नेपाली युवकों को रोका गया और उनकी तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से सोने की चूड़ियां, बेशकीमती नग और अंगूठियां बरामद हुईं। गिरफ्तार किए गए दोनों नेपाली युवकों की पहचान कृष्णा चंद, निवासी जनपद करनाली, और भूपेंद्र शाही, निवासी आठबीस, जिला दैलख, नेपाल के रूप में हुई है। दोनों युवकों को हैदराबाद पुलिस के निरीक्षक कविउद्दीन और उनकी टीम को सौंप दिया गया है।

# जिले के बहुचर्चित हॉस्पिटल मेडिसिन अस्पताल को प्रशासन करेगा सीज

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

विगत कुछ मांह पूर्व केशवपुर पहड़वा महादेवा की रहने वाली श्रीमती तारा पत्नीसूरज गोस्वामी की डिलीवरी के लिएआशा बहू के द्वारा बहला फुसलाकर मेडिसन अस्पताल में भरती करा दिया जहां बच्चे को जन्म देने के बाद महिला की मौत हो गई उक्त प्रकरण में जांच के बाद मेडिसन हॉस्पिटल दोषी पाया गया तत्पश्चात उसे सोमवार तक मरीजों को जिला अस्पतालम में शिफ्ट करने का आदेश दिया गया था जब इस प्रकरण मेंआज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संत लल पटेल से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया कि यदि आज सोमवार तक मरीजों





को शिफ्ट नहीं करते हैं तो मंगलवार को हम वहां से मरीजों को अपने एम्बुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल में शिफ्ट करवा कर मेडिसन हॉस्पिटल को सील कर देंगे।

# महसी में एसडीएम के खिलाफ 13वें दिन भी हड़ताल जारी

- चंदन-टीका विवाद में अधिवक्ताओं की कलमबंद हड़ताल से 80 लाख का राजस्व नुकसान

बहराइच समृद्धि न्यूज़। महसी तहसील में उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद के खिलाफ बार एसोसिएशन का धरना आज 13वें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं की 'कलमबंद हड़ताल' के कारण तहसील का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे अब तक शासन को 80 लाख रुपये से अधिक का राजस्व नुकसान हुआ है। यह विवाद प्रशासनिक तानाशाही और धार्मिक पहचान से जुड़ा है। विवाद की मुख्य वजह एसडीएम आलोक प्रसाद द्वारा सनातनी प्रतीकों जैसे चंदन, टीका और चोटी रखने वाले वादकारियों व वकीलों के प्रति कथित अपमानजनक टिप्पणियां हैं। बार एसोसिएशन महसी के पदाधिकारियों ने एसडीएम पर



'अमर्यादित व्यवहार' और 'जातिवादी मानसिकता' का आरोप लगाया है।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत प्रसाद मिश्र ने इसे 'आत्म-सम्मान और सांस्कृतिक पहचान की लड़ाई' बताया है। उन्होंने शासन और जिला प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठाए।

महामंत्री रामकरण त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि जब तक एसडीएम आलोक प्रसाद को महसी से हटाया नहीं जाता, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस प्रकरण से शासन की 'सवर्ण विरोधी' छवि बन रही है। इस हड़ताल का सबसे बड़ा असर सरकारी राजस्व पर पड़ा है। उप-निबंधक (रजिस्ट्री) प्रमोद सिंह के अनुसार, पिछले 10 दिनों में रजिस्ट्री न होने से शासन को लगभग 80 लाख रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है। आम जनता भी अपने आवश्यक कार्यों और जमीन की खरीद-फरोख्त के लिए परेशान है।जिला प्रशासन की ओर से अब तक इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ब्राह्मण बहुल महसी क्षेत्र में यह विवाद अब राजनीतिक रंग भी ले सकता है।


## सूचना

सहारा इंडिया मण्डल कार्यालय 117/एन/98 काकादेव कानपुर पिन-208025 कानपुर।

आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर अपना प्रशासनिक कार्यालय जो कि आपके द्वारा किराए पर लिया गया था को समस्त बकाया धनराशि का भुगतान कर खाली कर दें। इससे पूर्व भी कई बार आपको नोटिस भेजे जा चुके हैं, लेकिन आपका व्यवहार अच्छा नहीं रहा। आपने एक बार भी नोटिस का जवाब नहीं दिया। यदि आप ऐसा करने में कासिर रहे तो भवन मालिक स्वयं प्रशासनिक कार्यालय खाली करवा देगा। जिसके जिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

नोटिस देहिन्दा

सपना गुप्ता पत्नी अनिल गुप्ता निo 6/306 कौशल मार्केट भोलेपुर क्रासिंग कोo फतेहगढ़, जनपद-फर्रुखo।


# जिलाधिकारी ने ब्लाक विशेश्वरगंज का किया निरीक्षण



विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सोमवार को दोपहर बाद ब्लाक विशेश्वरगंज का मैनुअल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी दीपेंद्र पांडेय तथा ग्राम सचिव भी मौजूद रहे। त्रिपाठी ने सबसे पहले ब्लाक परिसर में बने विभिन्न भवनों का निरीक्षण किया और ब्लाक के भीतर बनी इंटरलॉकिंग सड़क को आगे तक पूर्ण करने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# आकांक्षी जिला व आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर। आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित संकेतकों को संतृप्त किए जाने, अच्छी गतिविधियों को संस्थागत रूप देने, सभी क्षेत्रों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने, कार्यों की नियमित निगरानी, विभागीय अभिसरण, नवाचार एवं परस्पर सीख को बढ़ावा देने तथा जागरूकता एवं व्यवहारिक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से 14 अप्रैल तक चलने वाले संपूर्णता अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री आरती तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता, एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज से किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन सहित विभिन्न





क्षेत्रों में निर्धारित संकेतकों की संतृप्ति हेतु विभागवार कार्ययोजनाएँ प्रस्तुत की गई तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को जिले एवं ब्लॉक को स्वस्थ, समर्थ एवं समृद्ध बनाने की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने संपूर्णता अभियान को जनआंदोलन के रूप में संचालित करने और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री श्याम मनोहर तिवारी, उपनिदेशक कृषि, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त सीडीपीओ, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


## कार्यालय नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच

पत्रांक संख्या- 259/न0प0रि0/2025-26 दिनांक 09.02.2026

संशोधित अल्पकालिक ई- निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्र संख्या - 255/न0प0रि0/2025 दिनांक 02.02.2026 द्वारा 15वां वित्त आयोग से बायो कम फाइटो रेमिडियन कार्य हेतु ई-निविदा के माध्यम से दिनांक 02.02.2026 से दिनांक 19.02.2026 को अपराह्न 12:30 बजे तक आमंत्रित की गयी थी, किन्तु अपरिहार्य कारणोंवश निविदा की तिथि की समय-सीमा बढ़ाते हुए अब उक्त निविदायें दिनांक 10.02.2026 से दिनांक 26.02.2026 को अपराह्न 2.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 26.02.2026 को अपराह्न 04.00 बजे खोली जायेगी।

अधिशासी अधिकारी

नगर पंचायत रिसिया बहराइच

# यूपी बना देश के लिए मॉडल राज्य : आनंदीबेन

▸ राज्यपाल ने दिखाई यूपी के विकास की तस्वीर



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के प्रथम दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण प्रदेश की बदली हुई पहचान का स्पष्ट घोषणापत्र बनकर सामने आया। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश ने बीते वर्षों में 'बॉटलनेक स्टेट' की छवि से बाहर निकलकर 'ब्रेकथ्रू स्टेट' के रूप में सुशासन, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, आर्थिक सशक्तिकरण, कृषि विस्तार, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास और व्यापक जनकल्याण के क्षेत्रों में ठोस उपलब्धियां हासिल की हैं।

राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की नीतिगत दृढ़ता, प्रशासनिक दक्षता और विकसित उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ते आत्मविश्वासपूर्ण कदमों का तथ्यात्मक और संवैधानिक प्रस्तुतीकरण रहा। राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति आज देशभर में प्रभावी मानक के रूप में उभर रही है।

सरकार की कठोरता और संवेदनशीलता के संतुलित दृष्टिकोण ने संगठित अपराध और माफिया तंत्र पर निर्णायक नियंत्रण स्थापित किया है। आधुनिक तकनीक के व्यापक उपयोग, पुलिस बल के सुदृढ़ीकरण, त्वरित एवं प्रभावी न्याय व्यवस्था तथा पारदर्शी प्रशासनिक प्रणालियों के माध्यम से प्रदेश में भयमुक्त और विश्वासपूर्ण वातावरण तैयार हुआ है। यही सुरक्षित परिवेश उत्तर प्रदेश को उद्योग, व्यापार, स्टार्टअप, निवेश और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के लिए देश के सर्वाधिक आकर्षक और भरोसेमंद राज्यों में स्थापित कर रहा है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति ने ठोस और निर्णायक परिणाम दिए हैं।

### अपराध और माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी

संगठित अपराध के विरुद्ध कार्रवाई में अब तक 35 माफिया व 94 सह-अपराधी दोषसिद्ध, 2 अपराधियों को मृत्युदंड, जबकि 267 अपराधी मुठभेड़ में ढेर किए गए हैं। 977 अभियुक्तों को एनएसए के तहत निरुद्ध किया गया है और माफिया तत्वों से 4,137 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की जा चुकी है। त्वरित पुलिसिंग के लिए यूपी-112 का रिस्पॉन्स टाइम 25 मिनट 42 सेकंड से घटकर 6 मिनट 51 सेकंड किया गया है। साइबर अपराधों से निपटने हेतु प्रदेश के सभी 75 जिलों में साइबर क्राइम थाने कार्यरत हैं, जबकि एटीएस ने 148 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। 146 रोहिंग्या बांग्लादेशी, पाकिस्तानी व अन्य अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार पर सख्त प्रहार करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा 999 सफल ट्रैप ऑपरेशन किए गए हैं। सुरक्षा तंत्र की संस्थागत मजबूती की दिशा में 2017 के बाद 8 नई विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं और 6 अन्य निर्माणाधीन हैं।

### पुलिस बल के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट में लगभग 150 प्रतिशत की वृद्धि

2.19 लाख से अधिक पुलिस भर्तियां, 1.58 लाख कर्मियों को प्रोन्नति तथा 83,122 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। पुलिस बल के सुदृढ़ीकरण हेतु बजट में लगभग 150 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। 41,424 होमगार्ड पदों पर नामांकन, 6 नए जिला कारागारों सहित इटावा केंद्रीय कारागार का निर्माण, और 1,010 बंदियों की समयपूर्व रिहाई कारागार सुधारों की दिशा में अहम कदम हैं। न्याय व्यवस्था को सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए 10 जिलों में एकीकृत न्यायालय परिसरों को स्वीकृति, प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना, 81 फास्ट ट्रैक न्यायालयों का स्थायीकरण, लोक अदालतों में 3.60 करोड़ मामलों का निस्तारण, तथा 2,609 विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया है, जिससे प्रदेश में त्वरित, पारदर्शी और जन-संवेदनशील न्याय व्यवस्था को नई मजबूती मिली है। राज्यपाल ने अवसंरचना विकास के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में संपर्क, परिवहन और लॉजिस्टिक्स को नई दिशा दी गई है। प्रदेश के 168 विकासखंड मुख्यालयों को डबल-लेन सड़कों से जोड़ा जा चुका है, जबकि 1,410 किलोमीटर लंबाई की 161 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। राज्य सरकार ने वर्ष 2025-26 तक 46,600 किलोमीटर सड़कों के सुदृढ़ीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है, वहीं अब तक लगभग 28,000 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण पूरा हो चुका है। अंतर्राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़े प्रमुख मार्गों को न्यूनतम फोर-लेन कनेक्टिविटी प्रदान करने का कार्य तेजी से प्रगति पर है, जिससे व्यापार, परिवहन, पर्यटन और औद्योगिक निवेश को व्यापक गति मिल रही है।

# सपा सदस्यों ने यूपी विधानसभा परिसर में किया विरोध प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी

▸ उप्र विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा के सदस्यों ने लगाए गो बैक के नारे



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायकों ने राज्य सरकार की कथित जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ सोमवार को विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया।

सपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) समुदाय के अधिकारों से खिलवाड़ कर रही है। रानी अहिल्याबाई होल्कर का पोस्टर थामे पार्टी विधायक सचिन यादव ने वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर ध्वस्तीकरण का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि सरकार ने होल्कर का अपमान किया, जिन्होंने करीब 300 साल पहले घाटों का विकास कराया था।

राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी दलों ने लगातार हंगामा किया। शोर-शराबे और नारेबाजी के बीच भी राज्यपाल ने अपना अभिभाषण पढ़ना जारी रखा। सदन में राज्यपाल गो बैक के नारे लगाए गए। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के सदस्यों ने एकजुट होकर नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। पक्ष के हंगामे के चलते सदन का माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण बना रहा, लेकिन कार्यवाही नियमानुसार आगे बढ़ती रही। सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन ने दो बुजुर्ग दोस्तों को रौंदा, एक की मौत, दूसरे के पैर की हड्डी टूटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इटौंजा इलाके में बीती रात एक अज्ञात वाहन ने दो बुजुर्गों को टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग ने इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक सड़क किनारे खड़े होकर अपने भाई का इंतजार कर रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इटौंजा थाना क्षेत्र स्थित मुहाना चौकी के पास रहने वाले 58 वर्षीय कुंवर बहादुर सिंह अपने दोस्त अंगद सिंह के साथ सड़क किनारे खड़े होकर भाई अमर बहादुर सिंह का इंतजार कर रहे थे। बेटे निर्मल ने बताया कि इस दौरान उन्हें एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोर थी कि दोनों लोग दूर जा गिरे। कुंवर बहादुर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अंगद का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। अंगद के पैर की हड्डी टूटकर बाहर निकल आई है। हाथ की एक अंगुली कट गई है। कुंवर बहादुर सिंह मुहाना गांव के रहने वाले थे। उनके बेटे निर्मल ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें करीब 40 मिनट बाद हुई। इस दौरान दोनों घायल सड़क पर ही पड़े रहे। चंद कदम की दूरी पर चौकी थी। पुलिस को इसकी भनक नहीं लगी। मृतक के चार बच्चे हैं। बेटा निर्मल, कमल और विमल है। सबसे छोटी बेटी शुभी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से सीएम आवास पर तैनात होमगार्ड की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के महानगर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से होमगार्ड की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने होमगार्ड को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह मुख्यमंत्री आवास में ड्यूटी करता था। लखनऊ के न्यू हैदराबाद में होमगार्ड योगेंद्र शुक्ला (56) किराए का कमरा लेकर रहते थे। 8 फरवरी की रात में वे अपने कमरे से पैदल ही कॉलोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान उन्हें मंदिर से कुछ दूरी पर एक अज्ञात वाहन में टक्कर मार दी। टक्कर से वे बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें एम्बुलेंस से ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। योगेंद्र कुमार शुक्ला 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में ड्यूटी करते थे। फरवरी को उनकी पहली शिफ्ट (सुबह) में ड्यूटी की थी। साथी जवानों ने बताया कि योगेंद्र ने शादी नहीं की थी। किराए के कमरे में अकेले रहते थे। वह मूल रूप से बाजार खाला के रहने वाले थे। महानगर में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान भी चलाते थे। परिवार में पिता राम स्नेही शुक्ला और भाई उपेंद्र शुक्ला है। भाई ने महानगर थाने में शिकायत दी है।

### युवक ने सुसाइड किया, कमरे में फंदे से लटकता मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चिनहट थाना क्षेत्र में बीती रविवार रात 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान विधायक चौराहा स्थित शीतला माता मंदिर के पास रहने वाले अमन कुमार के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक, अमन अपने एक दोस्त के साथ शराब पार्टी करके घर लौटा था। इसके बाद वह सीधे कमरे में चला गया, जहां कुछ देर बाद उसने फांसी लगाकर जान दे दी। रात करीब 11 बजे उसकी मां नीलम ने कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे से लटक रहा था। बेटे को फंदे से लटकता देखकर नीलम की चीख निकल गई। चीख सुनकर परिवार के अन्य सदस्य कमरे में पहुंचे। अमन को फंदे से उतारकर डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अमन मूल रूप से महिलाबाद का रहने वाला था। यहां पत्नी शालनी, पिता दिलीप और मां नीलम के साथ रह रहा था। सूचना पर चिनहट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### अवैध निर्माण को तोड़ने पहुंची एलडीए की कार्रवाई से हंगामा, वापस लौटी टीम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र के एसटीपी चौराहे पर सोमवार को एलडीए की कार्रवाई के दौरान जमकर हंगामा हुआ। कॉलोनी में बिना नक्शा पास कराए निर्माण किए जाने के आरोप में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की टीम ने बाउंड्री और निर्माणाधीन मकान को गिरा दिया। कार्रवाई होते ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। बवाल बढ़ता देख टीम को वापस लौटना पड़ा। एलडीए की टीम ने कार्रवाई के दौरान करीब 8 फीट ऊंचे बन रहे मकान को भी ध्वस्त कर दिया। इससे नाराज लोगों ने एलडीए के खिलाफविरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर मकान बनाना शुरू किया था और बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक तोड़फोड़ की गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एलडीए ने न तो कोई नोटिस दिया और न ही कार्रवाई की पहले से जानकारी दी। अचानक पहुंची टीम ने निर्माण गिरा दिया, जिससे लोगों को भारी नुकसान हुआ है। हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझा कर स्थिति को नियंत्रित किया। काफी देर तक मौके पर तनावपूर्ण माहौल बना रहा।

# व्यापारी सशक्त होंगे, तो प्रदेश सशक्त होगा : केशव प्रसाद मौर्य

▸ डबल इंजन सरकार यूपी के 25 करोड़ नागरिकों की सुरक्षा की मजबूत गारंटी



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार 25 करोड़ नागरिकों की सुरक्षा की गारंटी है। भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। देश, आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। उप मुख्यमंत्री सोमवार को विशेश्वरैया सभागार लखनऊ में केंद्रीय बजट पर आयोजित व्यापारी सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा, हमें गर्व है कि उनके नेतृत्व में हम इस लक्ष्य के निकट की ओर पहुंच रहे हैं। भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश व प्रदेश में औद्योगिक क्रांति आ चुकी है। डबल इंजन सरकार व्यापारियों के साथ पहले भी खड़ी थी, अभी खड़ी है। व्यापारियों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। जीएसटी दरें कम करने का कार्य व्यापारी हितों का सफलतम उदाहरण है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वह स्वदेशी बेंचे व स्वदेशी खरीदें। हमारे यहां उत्पादन भी होता है, उपभोक्ता भी है, व्यापार बढ़ेगा, तो रोजगार बढ़ेगा सरकारी राजस्व भी बढ़ेगा,जो विकास कार्यों में लगेगा। उत्तर प्रदेश में बढ़ती पर्यटन गतिविधियों की चर्चा करते हुए कहा इससे व्यापारियों को बहुत फायदा हो रहा है। व्यापारियों से कहा कि वह ऐसी चीजे बनाने का लक्ष्य करें, जिनकी बिक्री देश में अधिक से अधिक हो।

इस संदर्भ में उन्होंने यूपी की फूड प्रोसेसिंग पॉलिसी व उसकी खूबियों का भी वर्णन किया और व्यापारियों का आह्वान किया कि वह इस पॉलिसी का लाभ उठाएं।कहा कि हमारी नीति व नीयत स्पष्ट है और साफ है। देश में 65 करोड़ जनधन खाता खोले गए,गरीब कल्याण की योजनाओं का पैसा बिना भेदभाव के उनके खाते में सीधे भेजा जा रहा है।

# 30 दिन के भीतर जलापूर्ति न करने वाली कंपनियों पर होगी एफआईआर : स्वतंत्रदेव




लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुंदेलखंड और विन्ध्य क्षेत्र के सभी घरों तक 30 दिन के भीतर जलापूर्ति का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को विन्ध्य, बुंदेलखंड के जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए जलशक्ति मंत्री ने परियोजना में काम कर रही कंपनियों को अल्टीमेटम दिया कि 30 दिन के भीतर काम पूरा न होने पर कंपनियों के खिलाफ एफआईआर और टर्मिनेशन की कार्रवाई की जाएगी। विन्ध्य और बुंदेलखंड में धीमी गति से कार्य कर रही बीजीसीसी और एल एंड टी के कामकाज पर जलशक्ति मंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि तय समय में काम पूरा नहीं हुआ, तो कंपनी के मालिकान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजा जाएगा।

# विधानसभा सत्र के लिए लागू रूट डायवर्जन से लगा भीषण जाम

▸ वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ते आए नजर





लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में विधानसभा सत्र के लिए लागू रूट डायवर्जन पहले दिन ही फेल हो गया। शहर की प्रमुख सड़कों पर भीषण जाम लग गया। एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई।

हजरतगंज चौराहे से सिविल अस्पताल की तरफ जाने वाली सड़क पर वाहनों की कतार लग गई। सीएम आवास वाले चौराहे पर भी भीषण जाम है। विधानसभा सत्र को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विधानभवन और लोकभवन के आसपास के इलाकों में डायवर्जन प्लान लागू किया था। हजरतगंज की ओर जाने वाले रास्ते बंद कर दिए गए थे। डायवर्जन के कारण वैकल्पिक मार्गों पर ट्रैफिक दबाव बढ़ गया। सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

हजरतगंज स्थित नाजा मार्केट से नावेल्टी सिनेमा तक भीषण जाम लग गया। राहगीरों को काफी देर तक सड़क पर फंसे रहना पड़ा। स्वास्थ्य भवन और परिवर्तन चौक की तरफ जाने वाली सड़क पर भी वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सबसे अधिक जाम सिविल अस्पताल से सीएम आवास की तरफ जाने वाली सड़क पर देखा गया। यहां जाम में एम्बुलेंस भी फंसी रही। जाम की स्थिति इतनी भयावह रही कि वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ते नजर आए। सिविल अस्पताल के पास लगने वाले जाम से मरीज के साथ तीमारदार भी परेशान हुए। चौराहे पर नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियां और बेतरतीब चल रहे ई- रिक्शा भी जाम का कारण बने। दोपहर में स्कूल छूटने के बाद छात्र और अभिभावक जाम से जूझते हुए नजर आए । शहर के प्रमुख हिस्सों में जाम लगना आम बात हो गई है। लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव के बीच ट्रैफिक नियंत्रण पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। राजधानी में लगभग हर रोज किसी न किसी इलाके में जाम की समस्या सामने आ रही है, जिससे आम नागरिकों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन सड़कों के किनारे लगने वाली अस्थाई दुकानें और अवैध पार्किंग भी जाम का एक बड़ा कारण है।

# केजीएमयू परिसर की पांच मजारों को दूसरा नोटिस जारी

लखनऊ समृद्धि न्यूज।

▸ पहले का नहीं दिया जवाब, अब 28 फरवरी तक समय मिला

लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) प्रशासन परिसर में बनीं मजारों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। पहले नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने के बाद केजीएमयू प्रशासन ने परिसर में स्थित 5 मजारों को दूसरा नोटिस जारी कर दिया है। सभी मजार कमेटियों को 28 फरवरी तक कुल सचिव के समक्ष अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। केजीएमयू प्रशासन की ओर से 22 जनवरी को परिसर में बनी मजारों को लेकर नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के तहत मजारों की वैधता और उनके निर्माण से जुड़े दस्तावेज मांगे गए थे। हालांकि तय समय सीमा 7 फरवरी तक सिर्फ एक मजार कमेटी ने ही जवाब सौंपा।

न्यू ऑर्थोपेडिक परिसर में स्थित मजार की कमेटी ने प्रशासन को जवाब देते हुए इसे वर्ष 1947 से पहले का बताया है। कमेटी की ओर से दावा किया गया कि मजार ऐतिहासिक है और इसका अस्तित्व आजादी से पहले का है। प्रशासन इस जवाब की जांच कर रहा है। केजीएमयू परिसर की अन्य 5 मजार कमेटियों की ओर से पहले नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया। इसी को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने अब इन सभी मजारों को दोबारा नोटिस जारी किया है। प्रशासन का कहना है कि तय समय पर जवाब न देने को लापरवाही माना जाएगा।

दूसरा नोटिस जिन मजारों को दिया गया है, उनमें क्वीन मैरी हॉस्पिटल परिसर में स्थित मजार, माइक्रोबायोलॉजी विभाग की मजार, न्यू बॉयज हॉस्टल परिसर की मजार, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की मजार और शताब्दी फेज-2 अस्पताल परिसर में बनी मजार शामिल हैं। केजीएमयू प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी संबंधित मजार कमेटियों को 28 फरवरी को कुल सचिव के सामने उपस्थित होकर अपना जवाब और संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। प्रशासन का कहना है कि जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### अटल आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने किया इसरो श्रीहरिकोटा का भ्रमण



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अटल आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच, नवाचार और राष्ट्रीय उपलब्धियों से जोड़ने के उद्देश्य से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों से चयनित कुल 36 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें प्रत्येक विद्यालय से एक बालक एवं एक बालिका शामिल रहे। धिकांश विद्यार्थियों के लिए यह पहली हवाई यात्रा थी, जिसने उनके अनुभव को और भी अविस्मरणीय बनाया।

# यूजीसी समर्थन में विधानसभा घेरने जा रहे छात्रों को हिरासत में लिया गया

▸ बिरसा आंबेडकर फुले छात्र संगठन के बैनर तले छात्र बीते कई दिनों से परिवर्तन चौक पर दे रहे थे धरना




लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में यूजीसी के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया। बिरसा आंबेडकर फुले छात्र संगठन (बापसा) के बैनर तले छात्र बीते कई दिनों से परिवर्तन चौक पर धरना दे रहे थे। आज अपनी मांगो को लेकर ये छात्र विधानसभा घेरने जा रहे थे। उससे पहले ही पुलिस ने इन प्रदर्शनकारियों को दारुल शफा के पास हिरासत में ले लिया।

इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में जमकर नोकझोंक हुई। प्रदर्शन कर रहे है आकाश ने कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने के लिए यूजीसी बेहद जरूरी है। इसे लागू करवाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कई दिनों से हम लोग परिवर्तन चौक पर प्रदर्शन कर रहे थे मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। अब हम लोग अपनी मांगों को लेकर विधानसभा जा रहे थे सीएम योगी से मिलने के लिए मगर उससे पहले पुलिस ने रोक लिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय में हो रहे भेदभाव को खत्म करने के लिए और दलित पिछड़े छात्रों को न्याय दिलाने के लिए यूजीसी का लागू होना बेहद जरूरी है। रोहित वेमुला जैसे छात्रों की मौत यह दर्शाती है कि यूजीसी कितना जरूरी है और पिछड़ी जाति के साथ कितना भेदभाव होता है।

इन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में ओबीसी प्रोफेसर गायब हो गए है। दलित और ओबीसी प्रोफेसर की भर्ती पर अघोषित रोग लगाई गई है। इसके खिलाफ हम लोग संघर्ष कर रहे हैं। सभी प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया।

**उपलब्धि** — उप्र सरकार ने पहली बार विधानसभा में प्रस्तुत की आर्थिक समीक्षा

# ग्राम विकास में दोगुना खर्च, रोजगार सृजन में उत्तर प्रदेश अव्वल

▸ मानव दिवस सृजन में देश में पहला स्थान

विकास तिवारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार की वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा के अनुसार, 'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना को साकार करने के लिए योगी सरकार ने ग्रामीण विकास पर खर्च लगातार बढ़ाया है। वर्ष 2017-18 में जहां ग्राम विकास पर 10,508 करोड़ रुपये व्यय हुए थे, जो 2025-26 में बढ़कर 20,081 करोड़ रुपये हो गया। बीते आठ वर्षों में ग्राम विकास कार्यों में व्यय में 8.43 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर से वृद्धि हुई है।

वर्ष 2017-18 के 1814.34 लाख मानव दिवसों की तुलना में 2024-25 में 85.41 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3363.97 लाख मानव दिवस सृजित किए गए, जिससे यूपी को देश में प्रथम स्थान मिला। वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक 1805 लाख से अधिक मानव रोजगार दिवस सृजित हो चुके हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार संवर्धन के लिए वीबी-जी राम जी योजना के तहत आजीविका, पर्यावरण संरक्षण और बुनियादी ढांचे के कार्य तेजी से कराए गए। योजना के अंतर्गत 266 प्रकार के सामुदायिक और व्यक्तिगत लाभार्थीपरक कार्यों को लागू किया गया।

बुंदेलखंड की जल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में अभिनव पहल करते हुए ललितपुर के बिरधा विकास खंड में विलुप्त शहजाद नदी के 1500 मीटर हिस्से का पुनरुद्धार किया गया, जिससे 9859 मानव दिवसों का सृजन हुआ और भूजल व सिंचाई संसाधनों को मजबूती मिली।



कार्यों में पारदर्शिता के लिए ई-एमबी मॉड्यूल, त्रि-स्तरीय जियो टैगिंग, ऑनलाइन सॉफ्टवेयर, आधार आधारित मजदूरी भुगतान, नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप, एरिया ऑफिसर ऐप और ड्रोन तकनीक का उपयोग किया गया।

2024-25 में 65.26 लाख परिवारों के 75.83 लाख श्रमिकों को रोजगार मिला। जबकि 6.16 लाख परिवारों को पूर्ण 100 दिन का काम दिया गया। 2025-26 में अक्तूबर 2025 तक 47 लाख से अधिक परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। तमिलनाडु के बाद यूपी दूसरा सबसे अधिक परिवारों को रोजगार देने वाला राज्य है।

### पर्यावरण, खेल और सामाजिक सहभागिता

वीबी-जी राम जी योजना के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में 2024-25 में 13.54 करोड़ और 2025-26 में 13.23 करोड़ पौधरोपण किया गया। वहीं, नवंबर 2025 तक 19 हजार से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण/पुनरुद्धार कर यूपी देश में अग्रणी रहा। इसके साथ ही 2025-26 में अक्तूबर 2025 तक 3550 खेल मैदान और 1706 आंगनबाड़ियों का निर्माण पूरा किया गया।

### महिलाओं की भागीदारी बढ़कर 42 फीसदी पहुंची

वीबी-जी राम जी के तहत महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ी है। यह 2018-19 में 35 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 42 प्रतिशत तक पहुंच गई। वहीं, सोशल ऑडिट के जरिए पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए 2024-25 में 55,991 ग्राम पंचायतों में और 2025-26 में दिसंबर तक 51,648 ग्राम पंचायतों में ऑडिट पूरा किया गया।

# बाजार खाला में चाइनीज मांझा के साथ दो गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

▸ लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



राजधानी लखनऊ में चाइनीज मांझा के खिलाफ अभियान चल रहा है। बाजार खाला क्षेत्र के हैदरगंज चौराहे पर यातायात पुलिस और स्थानीय लोगों की सतर्कता से बाइक सवार 2 युवकों को चाइनीज मांझा के साथ पकड़ा गया। उनके पास से चाइनीज मांझे की रील बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

बताया जा रहा है कि 3 युवक बाइक से पतंगबाजी करने जा रहे थे। स्थानीय लोगों को शक हुआ तो हैदरगंज चौराहे के पास युवकों को रोक लिया। बाइक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान रील में लिपटा चाइनीज मांझा मिला। इसकी सूचना बाजार खाला पुलिस को दी। युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। बाजार खाला थाना प्रभारी के अनुसार, पकड़े गए युवकों में से 2 को चाइनीज मांझा और रील के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी गोमतीनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। घूम-घूमकर पतंगबाजी करते हैं। तीसरा युवक फरार हो गया था, जिसकी भूमिका की जांच की जा रही है। एसएचओ ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य संभावित स्थानों पर भी छापेमारी की जा रही है। चाइनीज मांझा रखने और इस्तेमाल करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि बीते एक सप्ताह में राजधानी में चाइनीज मांझा से गर्दन कटने की पांच से अधिक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनमें एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है, जिससे शहर में दहशत का माहौल है।

चाइनीज मांझा से हुई मौत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। सीएम ने स्पष्ट किया था कि चाइनीज मांझा से मौत के मामलों में हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा और बेचने वालों व इस्तेमाल करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई होगी।

## खबरें एक नजर में

### सृष्टि पांडेय को मिलेगी जेआरएफ फेलोशिप



**शाहजहांपुर।** जनपद की सृष्टि पांडेय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता एवं कनिष्ठ शोधवृत्ति (जे.आर.एफ.) परीक्षा 99.94 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण की है। सृष्टि स्थानीय सुभाषनगर निवासी सुप्रसिद्ध बाल साहित्य लेखक डॉ. नागेश पांडेय संजय की सुपुत्री है। सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता और भाई को दिया है। सृष्टि की लेखन और चित्रकला में भी विशेष रुचि है। उसकी दो पुस्तकें और अनेक आलेख, शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। आकाशवाणी से उसकी अनेक रचनाओं का प्रसारण हो चुका है। सृष्टि की इंटर तक की शिक्षा जनपद के जवाहर नवोदय विद्यालय से पूरी हुई। वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय से बी.ए. ऑनर्स और हिंदी से एम.ए. करने के बाद सृष्टि वहीं से पीएच.डी. उपाधि हेतु शोधकार्यरत है। सृष्टि के दादा स्वर्गीय बाबूराम पांडेय खुटार के निवासी थे। वह प्रारंभ से ही अत्यंत मेधाविनी रही है। उसे अनेक पुरस्कार और सम्मान मिले हैं। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के हाथों उसे प्रताप नारायण मिश्र स्मृति युवा साहित्यकार सम्मान भी मिल चुका है। सृष्टि की इस सफलता पर परिजनों में हर्ष व्याप्त है। जनपद के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उसे हार्दिक बधाई दी है।

### सड़क हादसे में दो की मौत, सात घायल

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 7 लोग घायल हुए हैं। जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। कार सवार लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। फिलहाल सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के स्टेट हाईवे पर बाजार पुलिया के पास की है। बताया जा रहा है कि शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद शादी समारोह में शामिल होने जा रहे लोगों की कार की ट्रक से टक्कर हो गई। कार चालक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच सामने से आ रहे दूसरे ट्रक से कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार दो लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को कार से बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

### हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर, दो युवक घायल

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** नेशनल हाईवे जलालाबाद मार्ग पर ग्राम देव नगर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से महोली की ओर जा रहे बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में घायल युवक का नाम एकदत्त मिश्री लाल को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दूसरे युवक छोटे हजारी लाल को हल्की चोटें लगी हैं। दोनों घायल युवक महोली के निवासी बताए जा रहे हैं। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से पास के एक निजी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार गंभीर रूप से घायल युवक की हालत ठीक है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर अज्ञात वाहन की पहचान व चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने सुचारु कराया। मामले की जांच जारी है।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने की शोकसभा

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा भारत के तत्वावधान में 9 फरवरी को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरचरण मिश्रा के आवास स्थित मोहल्ला बीबीजई हद्दफ पर समय 11:00 बजे पूर्वान्ह में एक शोक सभा का आयोजन उनकी अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश तिवारी के बड़े भाई डॉक्टर रामेश्वर दयाल तिवारी जोकि इस सभा के सक्रिय सदस्य तथा उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद में वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद पर सेवानिवृत्ति थे, का 1 फरवरी को हुए आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सभी ने 02 मिनट का मौन रखा तथा प्रार्थना की गई कि उनके शोकाकुल परिवार पर पड़े इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति ईश्वर प्रदान करें। उनका दसवां एवं एकादशी संस्कार विश्रात घाट हनुमत धाम पर 11 फरवरी बुधवार को समय 12:00 बजे दोपहर में तथा 13वीं संस्कार एवं भोज 13 फरवरी शुक्रवार को उनके निवास आनंदपुरम कॉलोनी में संपन्न होगा। शोक सभा में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरचरण मिश्रा, प्रदेश महामंत्री राजेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश तिवारी, नगर अध्यक्ष देवेश त्रिपाठी, सुशील प्रकाश शर्मा, राजीव मिश्रा, कैलाश चंद्र मिश्रा, राजेश मिश्रा, जगत नारायण अवस्थी, रवि शर्मा, विनय त्रिपाठी, रामकृष्ण शर्मा, प्रबंध त्रिपाठी, परमानंद ओझा, संतोष त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य, पोषण एवं परिवार कल्याण पर कार्यशाला आयोजित




**शाहजहांपुर।** आर्य महिला डिग्री कालेज शाहजहांपुर की प्राचार्या प्रो रूपांशु माला के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के अंतर्गत चल रहे द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वास्थ्य, पोषण एवं परिवार कल्याण पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने फाइलेरिया पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। प्रथम सत्र में ॠतु शर्मा ने एवं डॉ रानू दुबे ने स्वयं सेविकाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण का महत्व बताया, क्योंकि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है। स्वयं सेविकाओं को फिटनेस के बारे में विस्तृत जानकारी दी, फिटनेस के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। इसी श्रृंखला में स्वयंसेविकाओं द्वारा प्रथम इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानू दुबे के निर्देशन में एक बहादुरपुरा एवं द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री ॠतु शर्मा के निर्देशन में चमकनी अंटा एक रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से स्वयं सेविकाओं, बस्ती के बच्चों व महिलाओं को स्वास्थ जागरूकता रक्षा के बारे में बताया। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने फाइलेरिया मुक्त भारत के अंतर्गत एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिसका उद्देश्य रहा कि सभी इस बीमारी को गंभीरता से लेकर समय रहते उपचार करे एवं सरकार द्वारा वितरित किए जाने वाली दवाई को भी ले।
डॉ नुपुर रायजादा डिवीजनल ऑफिसर (पी सी आई) ने छात्राओं को फाइलेरिया मुक्त भारत के अंतर्गत सभी को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए जागरूक किया। सुश्री स्वेता सक्सेना (एस एम सी) का सहयोग रहा। इसी श्रृंखला में एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से स्वास्थ जागरूकता के विषय में जन सामान्य को जागरूक किया। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रियांशी दीक्षित द्वितीय स्थान पर सायमा बानो एवम् तृतीय स्थान पर मानसी देवी एवं दीपांजली रही। शिविर में सभी स्वयंसेविकाओं का अपेक्षित सहयोग रहा।

## एमडीए अभियान को सशक्त बनाने हेतु मीडिया कार्यशाला आयोजित

# जन भागीदारी से फाइलेरिया-मुक्त बनेगा शाहजहांपुर

▶ 10 फरवरी से 3 लाख लोगों को दी जाएगी ट्रिपल ड्रग थेरेपी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 13 ब्लॉकों में 10 से 28 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन (एमडीए/आईडीए) अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में जिले के एक होटल में मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में मीडियाकर्मियों को फाइलेरिया की गंभीरता, एमडीए अभियान की रणनीति तथा संभावित चुनौतियों की जानकारी दी गई, ताकि सही संदेशों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित किया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि जनपद के 16 में से 3 ब्लॉकों में माइक्रोफाइलेरिया दर एक प्रतिशत से कम होने के कारण इस वर्ष 13 ब्लॉकों में एमडीए अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कुल 30,09,592 जनसंख्या को कवर किया जाएगा। अभियान के लिए 2,832 टीमों का गठन किया गया है तथा 5,664 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटरकृजिनमें आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैंकृतैनात किए गए हैं। प्रत्येक टीम में एक पुरुष सदस्य की नियुक्ति सुनिश्चित की गई है। टीमों के पर्यवेक्षण हेतु 499 सुपरवाइजर भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक जनपद को पूर्णतः फाइलेरिया मुक्त बनाना लक्ष्य है, जो तभी संभव है जब कम से कम 90 प्रतिशत पात्र आबादी दवा का सेवन करे और इसे जन-आंदोलन का रूप दिया जाए। एसीएमओ डॉ. प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के दौरान एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र नागरिकों को ट्रिपल ड्रग थेरेपी के अंतर्गत आयु एवं लंबाई के अनुसार डीईसी, एल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन की निर्धारित खुराक स्वास्थ्यकर्मी के सामने खिलाई जाएगी। बरेली मेडिकल कॉलेज की विशेषज्ञ डॉ. मेधावी अग्रवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 90 प्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को दवा सेवन कराने से ही समुदाय को सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने फाइलेरिया के लक्षण, निदान, बचाव और उपचार से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देते हुए मीडिया से अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। जिला मलेरिया अधिकारी राजीव मौर्य ने बताया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए बहुस्तरीय तैयारियाँ की गई हैं। जनवरी माह में राज्य एवं ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किए जा चुके हैं और ड्रग एडमिनिस्ट्रेटरों का प्रशिक्षण जारी है। साथ ही राज्य मलेरिया मुख्यालय से प्राप्त दवाओं को ब्लॉकों तक वितरित किया जा रहा है। उन्होंने मीडिया से अपील की कि वे यह संदेश जन-जन तक पहुँचाएँकृदवा खाली पेट न लें, स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही दवा खाएँ, हल्के लक्षण सामान्य हो सकते हैं और आज दवा लेने से आने वाली पीढ़ियाँ सुरक्षित रहेंगी। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, सहयोगी संस्थाएँ, पीसीआई और सीफार के प्रतिनिधि तथा विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकार उपस्थित रहे।

### जनपद में फाइलेरिया की स्थिति

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जनपद में वर्तमान में 2,150 लिम्फोडिमा तथा 538 हाइड्रोसील के सूचीबद्ध रोगी हैं। लिम्फोडिमा रोगियों को एमएमडीपी किट के माध्यम से उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि हाइड्रोसील रोगियों का उपचार शल्य चिकित्सा द्वारा किया जा रहा है।

## एमसी सक्सेना का जनपद आगमन पर अभिनंदन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▶ देश विदेश तक रोशन किया शाहजहांपुर का नाम

अजीजगंज मोहल्ले में जन्में 92 वर्षीय डॉ.एमसी सक्सेना का जनपद आगमन पर हार्दिक अभिनन्दन किया गया। कवि साहित्यकार एवं पर्यावरण प्रेमी डॉ प्रदीप वैरागी, और हुंडई मोटर्स के स्वामी अशोक अग्रवाल ने उनका फूलमाला, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। दुनिया भर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके डॉ .सक्सेना वर्तमान में हिमाचल के शिमला निवासी परामनोवैज्ञानिक और मूर्तिकार एम सी सक्सेना जिन्हें महेश चंद्र सक्सेना के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रसिद्ध मूर्तिकार, भविष्यवक्ता और कलाकार हैं। शाहजहांपुर के एसपी कालेज में स्थापित सरदार पटेल की मूर्ति भी उन्हीं के द्वारा बनाई गई है।उन्होंने शिमला की सुंदरता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह शिमला की दीवारों पर बनाए गए अपने भित्तिचित्रों और मूर्तियों के लिए जाने जाते हैं। एमसी सक्सेना ने शिमला के मॉल रोड पर स्थित भित्तिचित्रों को बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो शहर के आकर्षण का केंद्र हैं। उनकी कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा मिली है, और उनके कार्यों को कई प्रतिष्ठित वृत्तचित्रों में दिखाया गया है। एमसी सक्सेना ने शिमला के सौंदर्यीकरण में दशकों तक योगदान दिया है और उन्हें केंद्र और राज्य सरकार और अन्य तमाम संगठनों द्वारा उनके काम के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने देश विदेश में जनपद का नाम रोशन कर रही प्रतिभाओं की एक गैलरी शाहजहांपुर में बनवाये जाने की इच्छा भी स्थानीय प्रशासन और प्रतिनिधियों से जताई। इस अवसर पर एम सी सक्सेना के बहू-बेटे सिद्धार्थ शिल्पी, बेटी दामाद प्रवेश कश्यप, पौत्री कैंडी खाटूश्यामजी सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी और हुंडई-बजाज मोटर्स के स्वामी अशोक अग्रवाल होटल ग्रांड आर्क के स्वामी रोहित आदि उपस्थित रहे।

### हज यात्रियों का प्रशिक्षण शिविर 11 फरवरी को

**शाहजहांपुर।** जनपद से हज यात्रा पर जाने वाले आज़मीन-ए-हज के लिए हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 11 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे से मदरसा नूरुल हुदा, बिजलीपुरा में आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में आज़मीन-ए-हज को हज की अदायगी से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियां दी जाएंगी। हज के अरकान, इहराम बांधने का तरीका, तवाफ, सई, वुकूफे अराफात, मुजदलिफा, रमी जमारात सहित हज के दौरान की जाने वाली तमाम इबादतों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में अनुभवी उलेमा व प्रशिक्षक मौजूद रहेंगे, जो हज से संबंधित शंकाओं का समाधान भी करेंगे। यह जानकारी मदरसा नूरुल हुदा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने दी।

### कलश यात्रा के साथ यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन



**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव चांदपुर में जन कल्याण हेतु रुद्र महायज्ञ अनुष्ठान का आयोजन ग्राम वासियों के सहयोग से किया गया था जिसमें कलश यात्रा से अनुष्ठान आयोजन किया गया। गांव के लोगों के द्वारा ट्रैक्टर ट्रालियों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा गोमती संगम तट श्री सुनासीर नाथ स्थान से जल को लाकर गांव चांदपुर में पश्चिम पुलिया ब्रह्मदेव बाबा के स्थान पर यज्ञ आचार्य श्री चंद्रभूषण जी महाराज वृंदावन धाम के द्वारा यज्ञ अनुष्ठान का पूजन कराया गया। साथ ही साथ कथा का भी आयोजन किया गया जिसमें कथा व्यास अरविंद दीक्षित पंडित पूनम शास्त्री एवं निराला जी महाराज जी के द्वारा कथा श्रवण का पाठ किया जाएगा श्री रुद्र महायज्ञ के मुख्य आयोजक सुरेंद्र दीक्षित संतोष त्रिवेदी पवन दीक्षित ब समस्त ग्राम वासियों के द्वारा जनकल्याण हेतु कामना की गई।

### रात में अज्ञात चोरों ने मकान के सामने से भैंस चोरी की

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अज्ञात चोरों के खिलाफ ताला तोड़कर भैंस चोरी की शिकायत देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। गांव भरतापुर निवासी पीड़ित रविन्द्र सिंह का आरोप है कि 26 जनवरी की रात अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़कर आंगन में बंधी भैंस व एक बछड़ा चोरी कर ले गए। शिकायत के अनुसार पीड़ित ने बताया कि वह रात में अपने घर पर सो रहा था। सुबह उठने पर देखा गया कि मकान के आंगन में बंधी भैंस व बछड़ा गायब था, साथ ही दरवाजे के ताला टूटा था। आसपास तलाश करने पर भी उसे भैंस का पता नहीं चल सका। पीड़ित का कहना है कि चोरी की इस घटना से उसे आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर चोरी गए भैंस की बरामदगी तथा उचित कार्रवाई की मांग की है।

## फर्राटा भर रही मिट्टी ढोने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




खुटार क्षेत्र में मिट्टी ढोने वाली ट्रालियां अमूमन हाइवे पर फर्राटा भरती देखी जाती है सोमवार को मिट्टी लेने जा रही ट्राली ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए गंभीर हालत में घायल को जिला अस्पताल जिला रेफर किया गया हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव छेदीपुर निवासी अमरीक सिंह किसी कार्य से पुवायां क्षेत्र के गांव गंगसरा जा रहें थे कि तभी अचानक रौतापुर गुरुद्वारा के पास तेज रफ्तार से मिट्टी लेने जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया जहां पर डाक्टरों ने हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। हालांकि पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को हिरासत में ले लिया है।

**हो चुकी बाइक सवार की दर्दनाक मौतः** कुछ माह पूर्व क्षेत्र के गांव दिलीपपुर निवासी अरुन कुमार पुत्र बाबूराम अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर खुटार से अपने घर जा रहें थे कि तभी खुटार पुवायां मार्ग पर दिलीपपुर गांव की मोड़ के पास मिट्टी भरकर आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसे के बाद कुछ दिन पुलिस प्रशासन ने मिट्टी ढोने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों पर सख्ती दिखाई जिसके बाद कुछ दिनों तक मिट्टी ढोने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली बंद दिखाई दिए जिसके बाद फिर से मिट्टी भरें ट्रैक्टर ट्रॉली रोड़ पर फर्राटे भरते हुए अमूमन दिखाई दे रहे हैं।

### बिना बीमा, बिना कामर्शियल परमिट, बिना कागजों के चल रहे मिट्टी ढोने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली

क्षेत्र में मिट्टी ढोने वाले कुछ वाहन ऐसे भी हाइवे पर फर्राटे भरते हुए आसानी से चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिनके पास न तो बीमा है और न ही कामर्शियल परमिट आदि कागज पूर्ण हैं। ओर तो ओर खास बात यह है कि कुछ ट्रैक्टर ट्रॉली ऐसे भी हैं जो बाहर से लाएं गए हैं।वह भी धड़ल्ले से मिट्टी भरकर हाइवे पर फर्राटा भर रहे हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन ऐसे मिट्टी भरें ट्रैक्टर ट्रालियों की जांच करना भी मुनासिब नहीं समझता है।

### महापौर ने स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ बनाने को किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से प्रातः महापौर अर्चना वर्मा द्वारा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे। महापौर ने सफाई व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण, नालियों की साफ-सफाई एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता का जायजा लिया तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रतिदिन प्रातःकाल नियमित सफाई, समयबद्ध कूड़ा उठान एवं स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं रोग-मुक्त बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा द्वारा भी स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक तकनीकी एवं स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए गए। अंत में महापौर ने आमजन से अपील की कि नगर को स्वच्छ बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें तथा स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

## जलालाबाद में आशा वर्करों ने किया विरोध-प्रदर्शन

▶ फाइलेरिया दवा वितरण का आशा वर्करों ने किया बहिष्कार

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा वर्करों ने फाइलेरिया दवा वितरण कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने अपने विभिन्न बकाया भुगतानों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। आशा वर्करों ने बताया कि उन्हें पिछले एक वर्ष से मानदेय नहीं मिला है। इसके अतिरिक्त, पिछले वर्ष के फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ रोग संबंधी कार्यों, सरकार द्वारा बढ़ाए गए 1500, भुगतान और आयुष्मान कार्ड बनवाने का पैसा भी बकाया है। इन सभी मदों का भुगतान न होने से उनमें भारी रोष व्याप्त है। आशा वर्करों के अनुसार, सोमवार को उन्हें ठब्च्ड ने फाइलेरिया की दवा लेने के लिए बुलाया था। जब उन्होंने अपने पिछले बकाया भुगतान की बात की, तो ठब्च्ड ने केवल 'मिल जाएगा, आप आगे काम करिए' कहकर टाल दिया।जिसके बाद आशा वर्कर धरने पर बैठ गई और नारेबाजी की। वही ने आशा वर्करों से चिकित्सा प्रभारी के नाम लिखा एक सामूहिक ज्ञापन लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को जल्द ही उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन में रजनी गुप्ता, माधुरी, आशा देवी, सर्वेशा, आरती देवी, बेबी, माया देवी, उषा देवी, हाजरा बेगम, नरगिस जहां, दीपमाला, मंजू देवी, रेखा देवी, अंजना सिंह, उमा देवी, पूनम देवी, पदमा देवी, सुमन लता, यशोदा देवी, द्रोपदी, ममता देवी, जय देवी, रोना देवी, मनोरमा, रमन देवी, पूनम देवी, जय देवी, मुन्नी देवी, रुचि देवी, सोमवती, जसोदा देवी, शकुंतला सहित तमाम आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### 14 फरवरी को आयोजित होगा विराट हिंदू सम्मेलन

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** 14 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा बनी हुई है। सम्मेलन में भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इस कार्यक्रम की रूपरेखा ब्लॉक सभागार में आयोजित एक बैठक के दौरान ब्लॉक प्रमुख पति मुनेश्वर सिंह के नेतृत्व में तैयार की गई। बताया गया कि शनिवार सुबह 11 बजे ब्लॉक परिसर सभागार में हिंदू सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन का नेतृत्व ब्लॉक प्रमुख पति मुनेश्वर सिंह करेंगे। पदाधिकारियों ने क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों से सम्मेलन में पहुंचने की अपील की है, ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। कार्यक्रम के बाद भोजन की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष रणधीर सिंह और सत्येंद्र सिंह, संरक्षक सुधेश सिंह, संयोजक सचिव चंदन चौहान, रोहित सिंह, रोहित चौहान, सुधाकर त्रिपाठी, रंजीत सिंह, श्याम सिंह, मुकेश दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा कर जिम्मेदारियां तय की।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र हसनैन खान को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और उससे संबंध समाप्त कर लिये हैं। अब मेरा व मेरे परिवार से उसका कोई सम्बन्ध नहीं है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य से हमारा कोई सरोकार नहीं होगा। उसके लिए वह खुद जिम्मेदार होगा। सरताज खाँ पुत्र मुखतार खाँ नि.मो.आतिशबाजान, कटरा, शाहजहाँपुर।

## कुर्रिया कला में हिंदू महासम्मेलन का आयोजन

▶ धर्म जागरण, हिंदू एकता और सामाजिक विषयों पर हुआ मंथन

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कुर्रिया कला गांव में आज सत्य भारती स्कूल के समीप स्थित मैदान में हिंदू महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धर्म जागरण मंच के अंबिका प्रसाद एवं शिखा ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। सम्मेलन की अध्यक्षता लोक भारतीय इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य विनय कुमार मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख दत्त शुक्ला, ददरौल विधायक अरविंद सिंह के भाई विमल सिंह तथा भाजपा नेता कौशल मिश्रा एवं राजकमल बाजपेई उपस्थित रहे। महासम्मेलन के दौरान हिंदू एकता, सामाजिक समरसता, धर्म जागरण एवं वर्तमान सामाजिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने समाज को संगठित रहने, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करने तथा राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जग्गू मिश्रा व निर्मल की अगुवाई में किया गया एवं संचालन अमित जी व सरोज पांडे ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमरदीप शुक्ला, मनुज दीक्षित, अमित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह, संतोष दीक्षित, योगेश शर्मा, संदीप अग्निहोत्री, बिरजू मिश्रा, मयंक दीक्षित, विजय मिश्रा, कनुज मिश्रा, रोहित सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे।

## सफल नहीं, आदर्श नेता बनना ही सच्चा नेतृत्वः प्रो. अनुराग

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन महाविद्यालय के उप-प्राचार्य व वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल ने भावी नेतृत्वकर्ता विषय पर बोलते हुए को सफल नेता और आदर्श नेता के बीच मौलिक अंतर से अवगत कराया। प्रो. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि सफल नेता टीम बनाकर कार्य करता है, जबकि आदर्श नेता परिवार के मुखिया की भाँति टीम को साथ लेकर चलता है और सबके सहयोग से लक्ष्य प्राप्त करता है। सफल नेता यह कह सकता है कि वह व्यस्त है और उसके पास समय नहीं है, लेकिन आदर्श नेता व्यस्तता के बावजूद सभी के लिए समय निकालता है और समाज के हर व्यक्ति से जुडा रहता है। उन्होंने बताया कि सफल नेता कभी-कभी लोगों की कमजोरियों का लाभ उठा सकता है, जबकि आदर्श नेता व्यक्ति की कमजोरी को दूर करता है व गुणों को पहचानकर उन्हें निखारता है, प्रेरित करता है और उनकी क्षमताओं के माध्यम से लक्ष्य की प्राप्ति करता है। सफल नेता अपने छोटे कार्यों को बड़ा बनाकर प्रस्तुत कर सकता है, परंतु आदर्श नेता दूरदर्शिता के साथ समाज और टीम की समस्याओं को दूर करने का कार्य करता है। प्रो. अग्रवाल ने कहा कि जो नेता अपने जीवन में सत्य, धर्म, शुद्ध आचरण और न्याय को अपनाता है, उसकी छत्रछाया में जनता देवताओं की भाँति सुख-समृद्धि प्राप्त करती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति भविष्य की चुनौतियों को दूरदर्शिता से समझता है, वर्तमान में दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करता है और अतीत के अनुभवों से सीख लेता है, वह नेता कभी असफल नहीं होता है। इससे पूर्व चित्रकला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना गर्ग ने चंदन तिलक लगाकर तथा डॉ. संतोष प्रताप सिंह ने पटका पहनाकर प्रो. अनुराग अग्रवाल का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेंद्र सिंह ने किया तथा डॉ. बरखा सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ शिवानी भारद्वाज ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की साथ ही बताया कि डैडम् विभाग से प्रतिभागियों के प्रमाण-पत्र प्राप्त होने पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर डॉ. विनीता राठौर, डॉ गौरव सक्सेना , डॉ अजय कुमार वर्मा, अखंड प्रताप सिंह, अपर्णा त्रिपाठी, विजय गुप्ता, सोमना पाण्डेय सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अंशु पुत्र राम भुलावन निवासी ख्वाजगीपुर पोस्ट खैरा बाजार (वि.ख.) तजवापुर जिला बहराइच का हूं। लिपिकीय त्रुटिवश आधार कार्ड में हिमांशु पुत्र श्रीराम दर्ज हैं जो गलत है। आधार कार्ड पर अंकित जन्मतिथि 01/01/2006 गलत है जबकि सही जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाण पत्र में 01/01/2005 है। अंशु पुत्र राम भुलावन है तथा अंशु उर्फ हिमांशू एक ही व्यक्ति हैं।

# ट्रक-कार की भिड़ंत में दो की मौत, आधा दर्जन से ज्यादा घायल

- तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे कार सवार

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शाहजहांपुर के अल्हागंज थाना क्षेत्र में एक ट्रक और कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। ये सभी फर्रुखाबाद में एक रिश्तेदार की बेटी के तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। सदर बाजार क्षेत्र के हद्दफ चौकी निवासी छोटेलाल ने अपनी बेटी की शादी फर्रुखाबाद में तय की थी। सोमवार को तिलक समारोह था, जिसके लिए परिवार के सदस्य कार से फर्रुखाबाद जा रहे थे।

बता दे कि अर्टिगा कार में सवार 13 लोगों की टक्कर सामने से आ रहे डंपर ट्रक से हो गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मृतकों में आनंदपाल (48 वर्ष) और सुरेश पाल (60 वर्ष) शामिल हैं, जो अर्टिगा में सवार थे। घायलों में कप्तान (60 वर्ष), विनोद (40 वर्ष), विमलेश (25 वर्ष), अनमोल, राघव, छोटेलाल, दीपांशु और गोविंद पाल के नाम शामिल हैं। सभी घायलों को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद ले जाया गया, जहां छोटेलाल और दीपांशु की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया है। शेष घायलों का इलाज जारी है। सूचना मिलते ही थाना अल्लहगंज पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। बचाव कार्य तत्काल शुरू कर दिया गया। डंपर चालक को हिरासत में ले लिया गया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू हो गई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और सामने से टक्कर को हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है।

## अनियंत्रित ईको वृद्धा को टक्कर मारती हुई खाई में पलटी

- ईको सवार मां तथा दो बच्चे भी घायल



**तिलहर-शाहजहांपुर।** तिलहर निगोही संपर्क मार्ग पर अनियंत्रित हुई ईको सड़क पर जा रही वृद्धा को टक्कर मारते हुए सड़क के नीचे खाई में पलट गई। जिससे वृद्धा के अलावा ईको सवार मां व दो बच्चे भी घायल हो गए। मीरानपुर कटरा के गांव भुसौरी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह पत्नी पिंकी , पुत्र पारस व रचित और अहियापुर गांव निवासी मौसा मुन्नालाल के साथ इको गाड़ी से रविवार को निगोही एक शादी में शामिल होकर सोमवार सुबह वापस लौट रहे थे । इसी दौरान तिलहर – निगोही रोड पर रटा गांव के पास ईको अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दूध लेकर जा रही वृद्धा राम बेटी 65 को टक्कर मारती हुई सड़क किनारे खाई में पलट गई । दुर्घटना में वृद्धा राम बेटी के अलावा उसकी पत्नी पिंकी देवी , 6 वर्षीय बेट पारस व 3 वर्षीय पुत्र रचित घायल हो गया। हादसे के दौरान मौके पर भारी भीड़ लग गई। लोगों ने पलटी पड़ी ईको से घायलों को बमुश्किल बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी भेजवाया। जहां से डॉक्टर ने रामबेटी एवं पारस को जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि सुनील को हिरासत में ले लिया गया है । तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## एआरटीओ ने पटल सहायक को किया निर्देशित

**शाहजहांपुर।** उच्च न्यायालय के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के सभी जिले क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों को 100 प्रतिशत श्रवण बाधित बधिर व्यक्तियों को ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जाने एवं श्रवण बाधित व्यक्तियों को उनकी श्रवण हानि के प्रतिशत की परवाह किए बिना निर्धारित ड्राइविंग परीक्षण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से जारी किया जाए तथा किसी भी प्रकार का भेदभाव या बाधा न उत्पन्न किए जाने एवं बधिर व्यक्तियों को ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न का सामना न करना पड़े के निर्देश दिये गये हैं। इसको लेकर एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह ने उक्त निर्देशों के क्रम में सम्बन्धित पटल सहायक को निर्देशित किया है कि उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करे।

## एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र नियामतपुर मे आयोजित किया गया। जिसमें कृषकों को डा. एनसी त्रिपाठी प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा सब्जी बीज उत्पादन व मृदा की उर्वरा शक्ति को बढाये जाने पर विशेष जोर दिया गया। डा.नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा फूल, फल एवं सब्जी की खेती को बहुस्तरीय विधि से करने के विषय पर जानकारी प्रदान की। डा.हादी हुसैन खान द्वारा बागवानी एवं सब्जी फसलों में कीट एवं रोग एवं कीट प्रबन्धन के विषय मे विस्तृत जानकारी प्रदान की। डा. विमल कुमार द्वारा मौनपालकों को शीत ऋतु मे मौनवंशों को कैसे बचाया जाये पर प्रकाश डाला गया एवं कृषकों द्वारा मशरूम की खेती को अधिक से अधिक मात्रा मे अपनाये जाने पर जोर दिया गया। इंजीनियर गौरव शर्मा द्वारा कृषकों को कृषि यंत्रो एवं सिंचाई की पद्धतियों के विषय मे जानकारी प्रदान की गई। प्रगतिशील कृषक सुरेश चन्द्र वर्मा निवासी ग्राम राईक्षेड़ा द्वारा कृषकों को प्याज, धनिया, ब्रोकली, फूलगोभी आदि फसलों के विषय मे जानकारी दी एवं फसलों मे ड्रिप सिंचाई पद्धति की उपयोगिता के अनुभव को किसानों के बीज साझा किया गया। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक द्वारा उद्यान विभाग मे संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ ही आभार व्यक्त किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अनिल कुमार, राकेश कुमार, दिव्या यादव आदि उपस्थित रहे।

## रोजा आईटीआई में कैम्पस प्लेसमेंट 11 व 12 को

**रोजा, शाहजहांपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 11 एवं 12 फरवरी को कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बहुप्रतिष्ठित कम्पिनियों द्वारा विभिन्न तकनीकी पदों पर रोजगार का अवसर प्रदान करने के लिये प्रतिभाग किया जायेगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने बताया कि 11 फरवरी को शार्ट टैलेण्ट इण्डिया द्वारा मारुति सुजुकी इ.प्र. गुजरात के लिए फिटर, मोटर व्हीकल, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन आदि व्यवसायों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार उपरान्त चयन किया जायेगा तथा 12 फरवरी को लॉयन ग्रुप आफ कम्पनी द्वारा टाटा मोटर लखनऊ (केवल वेल्डर व्यवसाय के लिए) तथा याजकी ई.प्रा.लि. रुद्रपुर उत्तराखण्ड के लिए विभिन्न व्यवसायों से आईटीआई उत्तीर्ण का साक्षात्कार उपरान्त चयन किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने अपने शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित अभिलेखों के साथ 11 एवं 12 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहजहाँपुर में उपस्थिति होकर कैम्पस प्लेसमेंट में प्रतिभाग कर रोजगार का अवसर प्राप्त करें।

## एसपी ग्रामीण ने सीओ संग लिया बाजार के जाम का जायजा

- अतिक्रमण हटवाने के दिए कोतवाल को निर्देश

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर की बाजारों में हर रोज लगने वाले जाम की समस्या के मद्देनजर एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने सीओ ज्योति यादव के साथ बाजार पहुंचकर जाम की स्थिति का अवलोकन किया । उन्होंने दुकानों के बाहर सड़क पटरी से आगे तक सामान रखे जाने एवं स्थाई रूप से फल सब्जी आदि के ठेला लगे होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कोतवाल को अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। बता दें कि नगर में मुख्य बाजारों में हर रोज भयानक जाम लगने से आवागमन में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसमें स्कूली बच्चों के ई रिक्शे, एंबुलेंस आदि फंसने से स्थिति अत्यंत गंभीर हो जाती है। हाल ही में कोतवाली में आयोजित पीस कमेटी बैठक में जाम का मुद्दा उठाया गया था। जिसके लिए अधिकारियों ने दुकानदारों को ही कसूरवार ठहराते हुए मुद्दे को सिरे से नकार दिया था। विचार किए जाने के बाद सोमवार को एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने सीओ ज्योति यादव व कोतवाल जुगुल किशोर पाल के साथ बाजार जाकर स्वयं स्थिति का अवलोकन किया । उन्होंने जाम लगने में दुकानों के आगे सड़क से पटरी के आगे तक सामान रखा देख न केवल नाराजगी व्यक्त की बल्कि अतिक्रमण हटवाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने लोगों को हिदायत दी कि ठेले आदि स्थाई तौर पर न खड़े किए जाएं।

## खबरें एक नजर में

### बोलेरो की टक्कर से 15 फिट दूर गिरा किशोर, मौत

**शाहजहांपुर।** सेहरामऊ दक्षिणी के भरगवां गांव निवासी छह वर्षीय शान मोहम्मद सोमवार सुबह सड़क पार करने के दौरान बोलेरो कार की टक्कर लगने से 15 फुट दूर जा गिरा। भागने के प्रयास में चालक ने कार उसके ऊपर चढ़ा दी। पिछले पहिये में फंसकर वह करीब 10 मीटर तक घिसटता चला गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 10 किलोमीटर दूर सड़क पर गन्ना केंद्र का ट्रक खड़ाकर कार को रुकवाया गया। चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। शराफत शाह ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सुबह जल्दी उठकर गन्ने की छिलाई करने चले गए थे। चाय बनाने के लिए पत्नी सुमन ने बेटे शान मोहम्मद से माचिस मंगाई थी। बेटा माचिस लेने के बाद सड़क पार कर रहा था। तभी शाहजहांपुर की ओर से आई तेज रफ्तार बोलेरो कार से बेटे को टक्कर लग गई। इसके बाद बेटा काफी दूर जाकर गिरा। इसके बाद चालक ने भागने की कोशिश की तो कार बेटे के ऊपर दोबारा चढ़ा दी और बेटा कार के पिछले पहिये में फंसकर घिसटता चला गया।ग्रामीणों ने कार चालक का पीछा किया, लेकिन वह तेजी से भाग निकला। इसके बाद ग्रामीणों ने 10 किलोमीटर दूर गन्ना सेंटर पर जान पहचान के लोगों को सूचना दी। उन लोगों ने हुसैनपुर गांव की मोड़ पर ट्रक खड़ा कर दिया। इसके चलते चालक भाग नहीं सका। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं, कार में सवार सवारियों को जाने दिया गया। शराफत ने बताया कि उनके छह बच्चे थे। इनमें बेटा शान मोहम्मद पांचवें नंबर पर था। बेटा सरकारी स्कूल में कक्षा एक का छात्र था। चालक कानपुर सिटी का रहने वाला बताया जा रहा है। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### हाईवे पर हुए हादसे में युवक की मौत, पत्नी घायल

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर स्थित चांदापुर चौराहा के पास रविवार शाम हादसा हो गया। किसी वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार कांट थाना क्षेत्र के पिपरौला अहमदपुर गांव निवासी सुभाष चंद्र वर्मा (28) की मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठी उनकी पत्नी अनीता घायल हो गईं। इससे उनके परिवार में कोहराम मच गया है। अनीता की हालत नाजुक बनी हुई है। परिजनों ने बताया कि सुभाष चंद्र पत्नी के साथ आरसी मिशन थाना क्षेत्र के उधौपारा गांव अपनी बहन की ननद की शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह नवादा इंदेपुर स्थित चांदापुर चौराहा के पास पहुंचे। तभी किसी वाहन से टक्कर लग गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुभाष के मोबाइल से उनके परिजनों को सूचना दी। घायल अनीता को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजवाया। इंस्पेक्टर अश्वनी सिंह ने बताया कि अनीता को बरेली रेफर कर दिया गया है।

### प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा

**शाहजहांपुर।** ऑल आशा एवं आशा संगिनी कार्यकर्ता सेवा समिति ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर जीआईसी मैदान पर धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद कलक्ट्रेट में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को सौंपा। ज्ञापन के जरिये बताया गया कि पोलियो मुक्ति, फाइलेरिया उन्मूलन, टीबी खोज, संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान और कोविड जैसी आपदाओं में अपनी जान की परवाह किए बिना सेवा की है। डाटा ऑपरेटर के रूप में डायरी अपडेट और आभा कार्ड, सी बैंक फॉर्म, ई-कवच सर्वे जैसे जटिल कार्य को निष्ठापूर्वक कर रहीं हैं। इसके बावजूद प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जाता है। मांग की गई कि आशा को एकमुश्त 21 हजार रुपये और संगिनी को 24 हजार रुपये राज्य कर्मचारी के रूप में वेतन दिया जाए। रिटायरमेंट सेवा लाभ में एकमुश्त 20 लाख रुपये और मासिक पेंशन दी जाए। इसके अलावा अन्य मांगे रखीं गईं। इस दौरान पुष्पा तिवारी, जिलाध्यक्ष कमलजीत कौर, प्रेमलता, ममता देवी आदि मौजूद रहीं।

## मछली विक्रेता पर धारदार से हथियार से हमला

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की

**रोजा, शाहजहांपुर।** रविवार को मछली खरीदते समय विवाद होने पर एक युवक ने मछली बेचने वाले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसका होंठ कट गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी हैं। थाना क्षेत्र के गांव रुकनपुर निवासी निजामुद्दीन ने पुलिस को बताया कि वह मछली बेचने का काम करता है। रविवार की शाम वह ग्राम अटसलिया पुल के पास मछली बेंच रहा था। तभी एक व्यक्ति मछली लेने आया, उक्त व्यक्ति उल्टी सीधी बाते करने लगा तो उसने कहा तुम कही और से मछली से ले लो जाके। इतने में वह व्यक्ति गन्दी गन्दी गालिंया देने लगा। उसने गाली देने से मना किया तो वह व्यक्ति मारपीट करने लगा। उक्त व्यक्ति ने उस पर धारदार हथियार से वार किया, उसने खुद को बचाया परन्तु उसका होठ कट गया। वह व्यक्ति ने दोबारा प्रहार किया तो वहाँ खड़े लोगो ने उसको बचा लिया। उसके काफी तेज खून बहने लगा। मौके पर पुलिस भी आ गई। जो दोनों पक्षों को थाने लाई। जहाँ उसको पता चला उसका नाम शोविन्द्र पुत्र मनफूल निवासी ग्राम कहिलिया थाना सेहरामऊ दक्षिणी जिला शाहजहाँपुर है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी हैं।

## कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए: सीडीओ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने सोमवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कॉम्प्लेक्स में उपलब्ध टेनिस कोर्ट, स्टडी रूम, मल्टीपरपज हॉल, वेंटिलेशन व्यवस्था तथा जिम रूम में फ्लोर मैट और एग्जॉस्ट नॉइज़ की स्थिति का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही परिसर में लगी लाइटों की संख्या बढ़ाए जाने, फायर एक्सटिंग्विशर एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं की भी जांच की गई। सीडीओ ने संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को समयबद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों एवं स्टाफ को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। इस दौरान प्राचार्य, पीडब्ल्यूडी एक्सईन आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## 25 हजार का इनामी बदमाश अक्षय कदम महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- चर्चित होटल ब्रदर इन कांड का मुख्य आरोपी है अक्षय कदम
- एसपी ग्रामीण ने गुंडा व गैंगस्टर कार्रवाई के दिए निर्देश
- चल अचल संपत्ति का ब्यौरा भी मांगा




चर्चित होटल ब्रदर इन कांड के वांछित आरोपी 25 हजार के इनामी बदमाश अक्षय कदम को पुलिस ने महाराष्ट्र के कराड़ से वहां की स्थानलिपुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया। जिसे तिलहर लाकर कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर कोर्ट में पेश किया गया । जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने आरोपी की संपत्ति का ब्यौरा एकत्र कर गुंडा व गैंगस्टर की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। गौर तलब है कि करीब डेढ़ माह पूर्व 19 दिसंबर की देर रात करीब साढ़े दस बजे को हाइवे स्थित होटल ब्रदर इन पर होटल स्वामी भाजपा महानगर उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह पंकज पर शाहजहांपुर नगर के दबंगों ने जानलेवा हमला करते हुए जमकर तोड़फोड़ की थी । यही नहीं नगरिया मोड़ चौकी के कांस्टेबिल व पंकज सिंह के सरकारी गनर राहुल चौधरी व सुमित के साथ भी अभद्रता की थी । उक्त हमले में पंकज सिंह , विक्रम सिंह , स्वयं प्रताप सिंह घायल हुए थे। उक्त घटना की होटल स्वामी के भाई इंद्रजीत सिंह उर्फ नीरज सिंह ने शाहजहांपुर निवासी दो सगे भाइयों अक्षय कदम , योगेश कदम पुत्र अनिल कदम , आयुष मराठा , ऋषभ तिवारी , शिवांश मिश्रा के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी । पुलिस ने आरोपी अक्षय कदम व योगेश कदम के साथ पहले मात्र शांति भंग की कार्यवाही की । बाद में उक्त मामले तूल पकड़ते ही मामला जानलेवा हमले हत्या के प्रयास समेत विभिन्न संगीन धाराओं में तरमीम कर दिया और योगेश कदम व आयुष मराठा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । जबकि घटना के एक पखवाड़े के बाद एसपी राजेश द्विवेदी ने फरार चल रहे नामित वांछित मुख्य आरोपी अक्षय कदम पर 25 हजार का इनाम घोषित का कर दिया था। चूंकि आरोपी अक्षय कदम की महाराष्ट्र में 5 फरवरी को शादी होनी थी । अक्षय कदम की शादी का कार्ड जैसे ही सोशल मीडिया पर डाला गया। पुलिस हरकत में आ गई। इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव के नेतृत्व में पुलिस व सर्विलांस टीम महाराष्ट्र रवाना हो गई और डाले गए पता की सर्च कर पुलिस ने एक होटल की घेराबंदी कर दी । चर्चा है कि उक्त होटल से अक्षय कदम पुलिस को चकमा देकर निकल गया । और गई टीम पर ही गम्भीर आरोप लगने लगे । टीम लीडर ने अनिष्ट की आशंका के मद्देनजर पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रही एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे से संपर्क साधा । एसपी ग्रामीण ने महाराष्ट्र के जनपद सतारा के एसपी से तत्काल संपर्क कर अपनी टीम को सुरक्षित किया। । इसी क्रम में सतारा जनपद के थाना कराड़ पुलिस के सहयोग से सात फरवरी को अपरान्ह करीब साढ़े तीन बजे कराड़ के बस स्टैंड से अक्षय कदम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम अक्षय कदम को लेकर नौ फरवरी की सुबह तिलहर पहुंची । एसपी ग्रामीण व सीओ ज्योति यादव ने आरोपी अक्षय कदम से पूंछताछ की। एसपी ग्रामीण ने विवेचक इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव को अक्षय कदम की समस्त चल अचल संपत्ति का ब्यौरा एकत्र कर उसके खिलाफ गुंडा व गैंगस्टर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। तदोपरांत कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने उसे कोर्ट में पेश करवाया। जहां से उसे जेल भेज दिया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव, एसआई अनुज चौधरी, हेड कांस्टेबिल विजय प्रताप व सर्विलांस सेल टीम शामिल रही।

## राज्यमंत्री की अध्यक्षता में शिक्षा का अधिकार अधिनियम की कार्यशाला हुई सम्पन्न

- नव चयनित ईसीसीई एजुकेटरों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र
- शिक्षा की योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु बीएसए रौशनी सिंह ने वाहनों को हरी झण्डी दिखवाकर किया रवाना

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**




समग्र शिक्षा अभियान के तहत गांधी प्रेक्षाग्रह में सोमवार को शिक्षा अधिकार अधिनियम की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार ने किया। कार्यशाला में जनपद के मान्यता प्राप्त सीबीएसई बोर्ड शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य प्रबंधकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला संबोधित करते हुए राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा को नई दिशा दी है। सरकार की अनेक ऐसी योजनाएं हैं। जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने नव चयनित ईसीसीई एजुकेटर को बधाई देते हुये कहा कि आप लोग निष्ठा पूर्वक समाज को नई दिशा देने का कार्य करें। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत सभी को निःशुल्क शिक्षा देने का सरकार का संकल्प है। गरीब बच्चों को कॉन्वेंट स्कूलों में प्रवेश कराकर शिक्षित किए जाने का काम किया जा रहा है। अलाभित परिवारों के नौनिहालों को सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था की विशेष सुविधा दी जा रही है। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों में स्कूली बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा की योजनाओं के प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

## बंधक बनाकर 30 हजार लेने का सिपाही पर लगा आरोप

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**

- सिपाही पूरनपुर में है तैनात, पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

तैनात सिपाही पर जेल भेजना की धमकी देने और कमरे में बंद कर पीटने के अलावा तीस हजार रुपए लेने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर उत्पीड़न करने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरनपुर सीओ को जांच अधिकारी नियुक्त कर जांच करने के निर्देश दिए हैं। पेड़ काटने के आरोप में एक सिपाही ने युवक को कमरे में बंधक बनाकर मारपीट की। आरोप है उसकी मां से तीस हजार रुपए लेने के बाद उसे छोड़ दिया। शिकायत पर झूठे मुकदमें जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित युवक ने एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने सीओ को जांच के निर्देश दिए हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र के धर्मवीर पुत्र राजाराम भारती की कस्बे में फर्नीचर की दुकान है। सात फरवरी को धर्मवीर दुकान पर फर्नीचर की पुताई कर रहा था। इस दौरान कोतवाली के एक सिपाही ने उसे फोन किया। कुछ देर बाद सिपाही उसकी दुकान पर पहुंच गया। आरोप है सिपाही उसे पूछताछ के लिए कोतवाली ले गया। उसने पीछे बने कमरे में धर्मवीर को लगभग पांच घंटे बंधक रखा। इस दौरान किसी का पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए पिटाई की। शाम को धर्मवीर की मां से तीस हजार रुपए लेकर सिपाही ने उसे छोड़ दिया। किसी से शिकायत करने पर झूठे मुकदमें में जेल भेजने की धमकी दी। धर्मवीर ने एसपी से मिलकर आपबीती बताते हुए कार्रवाई की मांग की। एसपी ने सीओ को मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। सीओ डा. प्रतीक दहिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## किसानों की आशंकाएं

बीते शनिवार जारी किए गए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के प्रारूप को लेकर उठ रहे सवालों ने फिर उस मूलभूत सवाल को पुख्ता किया है कि मुक्त व्यापार समझौते की कीमत कौन चुकाएगा? साथ ही यह भी कि इसका लाभ किसे मिलेगा? इस समझौते से जुड़ी आशंकाओं को लेकर कुछ किसान संगठन आगामी 12 फरवरी को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। निःसंदेह, उनकी आशंकाएं सिर्फ सोयाबीन तेल, सूखे अनाज और सेब पर आयात शुल्क में छूट को लेकर ही नहीं हैं, बल्कि विश्वास, पारदर्शिता और भारतीय कृषि के भविष्य को लेकर भी हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार दावा कर रही है कि किसान हितों की रक्षा के लिये पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

निःसंदेह, कागजों पर तो ये आश्वासन राहत देने वाले लगते हैं, लेकिन व्यवहार में किसानों की आशंकाओं से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ व न्यूजीलैंड के साथ हुए पिछले मुक्त व्यापार समझौतों के कारण सस्ते आयात में भारी वृद्धि हुई, फलतः कमजोर किसानों की दशा खराब हुई। निर्विवाद रूप से भारी सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी सेब से हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सेब उत्पादकों के लिए मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण होगा। हिमाचल के सेब उत्पादक संगठनों का कहना है कि अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क पचास से 25 प्रतिशत करना व न्यूनतम आयात मूल्य 50 से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम करने से यह स्वदेशी प्रीमियम सेवा के दाम पर बाजार में बिकने लगेगा। जिसके चलते भारतीय उपभोक्ता समान मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले अमेरिकी सेब को तरजीह देंगे। साथ ही सेब का कोल्ड स्टोरेज में संग्रह करना अलाभकारी हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार का दावा है कि कृषि और दुग्ध उद्योग संरक्षित रहेंगे। जबकि संयुक्त समझौते में कृषि और खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क कम करने और गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने की बात कही गई है।

कम आय, बढ़ती लागत और बढ़ते कर्ज से जूझ रहे किसानों को इन गंभीर मुद्दों पर स्पष्टता चाहिए। यही वजह है कि कई किसान संगठनों, विपक्षी दलों और कुछ राज्य सरकारों ने मांग की है कि इस समझौते का पूरा विवरण संसद के समक्ष रखा जाए। निस्संदेह, यह मांग तार्किक है क्योंकि व्यापार समझौते भी घरेलू कानूनों की तरह ही आजीविका को गहराई तक प्रभावित करते हैं। कृषि विशेषज्ञ मान रहे हैं कि मजबूत घरेलू समर्थन, उचित मूल्य, सब्सिडी, बुनियादी ढांचे और जोखिम संरक्षण दिए बिना, बाजारों को खोलने के कदम छोटे और सीमांत किसानों पर भारी पड़ सकते हैं। इसी फिक्र के चलते हड़ताल एक चेतावनी है। यदि सरकार का मानना है कि यह समझौता वास्तव में किसानों के हितों को प्राथमिकता देता है तो उसे पारदर्शिता, संसदीय बहस और सार्थक परामर्श के माध्यम से इसे साबित भी करना चाहिए। अन्यथा, सुधारों की कहानी एक बार फिर देश के अन्नदाता की चिंताओं को दूर करने में विफल रहेगी। इसी तरह देश के सेब उत्पादकों को भी आश्वस्त करना होगा कि उनके सेब की खुशबू बरकरार रहेगी।

# डिजिटल युग में मिसिंग पर्सन्स की अफवाहें

*एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं*



वैश्विक स्तर पर इक्कीसवीं सदी का डिजिटल युग सूचनाओं की अभूतपूर्व शक्ति लेकर आया है। इंटरनेट सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स ने विश्व को जोड़ दिया है, लेकिन इसी के साथ अफवाहों और फेक न्यूज का संकट भी तेजी से बढ़ा है। आज भारत ही नहीं, बल्कि पूरा विश्व इस चुनौती से जूझ रहा है कि किस प्रकार झूठी, भ्रामक और जानबूझकर फैलाई गई सूचनाएँ समाज, लोकतंत्र और मानव जीवन को गंभीर नुकसान पहुँचा रही हैं। यह स्थिति अब केवल सामाजिक यानैतिक चिंता का विषय नहीं रही, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, जनस्वास्थ्य तथा चुनावी प्रक्रिया की शुचिता से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुकी है। मैं यह मानता हूं क़ि अफवाहों का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि वे अक्सर सच का रूप धारण कर लेती हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वायरल होने वाली सामग्री भावनाओं को भड़काने, डर फैलाने और पूर्वाग्रह को मजबूत करने का काम करती है।

भारत जैसे विविधता-पूर्ण देश में, जहाँ भाषा, धर्म, जाति और राजनीतिक मतभेद पहले से मौजूद हैं, अफवाहें सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर देती हैं। वैश्विक स्तर पर भी, अफवाहों ने नस्लीय तनाव, युद्ध जैसी स्थितियों और कूटनीतिक संबंधों को प्रभावित किया है। फेक न्यूज़ का सबसे पहला और सबसे गहरा प्रभाव सामाजिक सौहार्द पर पड़ता है। सांप्रदायिक अफवाहें, भ्रामक वीडियो, एडिटेड तस्वीरें और संदर्भ से काटे गए बयान अक्सर हिंसा, दंगों और सामाजिक तनाव को जन्म देते हैं। भारत में बीते वर्षों में कई घटनाएं सामने आई हैं जहां व्हाट्सएप्प संदेशों या सोशल मीडिया पोस्ट के कारण भीड़ हिंसा, लिंचिंग और सांप्रदायिक टकराव हुए। यह दर्शाता है कि अफवाहें केवल सूचना की समस्या नहीं हैं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का संकट बन चुकी हैं। इसलिए अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अफवाहों से निपटने के लिए केवल सामान्य कानून या प्लेटफॉर्म की स्वैच्छिक नीतियाँ पर्याप्त नहीं हैं। कुछ समय पूर्व मुंबई में मिसिंग पपर्सन्स का मामला जोरशोर से उठ रहा था, मुंबई पुलिस द्वारा जारी चेतावनियों के बाद यह स्पष्ट हुआ कि मिसिंग पर्सन्स की संख्या पिछले वर्षों के औसत के अनुरूप ही थी,यानें अफवाहों पर कानूनी सख्ती की चेतावनी आई, मामला वहीं शांत हो गया। अब दिल्ली में मिसिंग पर्सन्स को लेकर फैली चर्चाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वास्तव में कोई असाधारण संकट है, या फिर यह डिजिटल अफवाहों द्वारा निर्मित सामाजिक भय है। दिल्ली में एक बड़ी न्यूज़ एजेंसी द्वारा यह दावा किया गया कि 2026 के पहले 15 दिनों में दिल्ली में 800 से अधिक लोग लापता हो गए। यह संख्या सुनने में भयावह लगती है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया कि कितने मामले पारिवारिक विवाद, स्वेच्छा से, एग्जाम का डर, युवकों की नासमझी, लव अफेयर्स से घर छोड़ने या फ़िर गलत रिपोर्टिंग से जुड़े हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो, ऑडियो क्लिप और भावनात्मक पोस्ट वायरल हों रहें हैं। एक बड़े नेता द्वारा एक्स (पूर्व ट्विटर) पर चिंता व्यक्त किए जाने के बाद यह मुद्दा और अधिक चर्चा में आ गया।

हालाँकि, जब आँकड़ों का विश्लेषण किया गया तो सामने आया कि दिल्ली में मिसिंग पर्सन्स की रिकवरी दर लगभग 77 प्रतिशत है। अर्थात, लापता घोषित किए गए लोगों में से एक बहुत बड़ा हिस्सा सुरक्षित रूप से वापस मिल जाता है।यह दर कई अंतरराष्ट्रीय महानगरों की तुलना में बेहतर मानी जाती है। मीडिया के हवाले से सुनने को मिला है कि दिल्ली पुलिस ने बताया कि हाल के अलग-अलग महीनों में मिसिंग पर्सन्स की जो संख्या बताई जा रही है वैसी ही संख्या पिछले वर्षों की औसत अवधि से भिन्न नहीं है तथा दिल्ली पुलिस के एक बड़े अधिकारी का बयान मैंने सुना उन्होंने कहा कि अफवाओं पर ध्यान ना दें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर अफवाहों का प्रभाव अत्यंत चिंताजनक है। चुनावों के दौरान फेक न्यूज मतदाताओं की सोच को प्रभावित करती है, उम्मीदवारों की छवि बिगाड़ती है और चुनावी निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है। भारत में हाल के वर्षों में चुनावी समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई गई भ्रामक जानकारियाँ इसका उदाहरण हैं। कई देशों में चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप और संगठित फेक न्यूज अभियानों की पुष्टि हुई है। यदि लोकतंत्र को सुरक्षित रखना है, तो अफवाहों को केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अनदेखा नहीं किया जा सकता। साथियों बात अगर हम जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में अफवाहों का प्रभाव और भी घातक सिद्ध हुआ है इसको समझने की करें तो कोविड-19 महामारी के दौरान दुनियाँ ने देखा कि कैसे झूठी सूचनाओं ने वैक्सीन को लेकर डर पैदा किया, इलाज के नाम पर खतरनाक घरेलू नुस्खों को बढ़ावा दिया और स्वास्थ्य प्रणालियों पर अविश्वास फैलाया। भारत सहित कई देशों में अफवाहों के कारण लोगों ने समय पर इलाज नहीं कराया, जिससे जानमाल की क्षति हुई। यह स्पष्ट है कि जब अफवाहें जीवन और मृत्यु का प्रश्न बन जाएँ, तब उन्हें रोकना केवल नैतिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि कानूनी आवश्यकता बन जाती है। भारत में डिजिटल प्लेटफॉर्मों की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। व्हाट्सएप्प फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अफवाहों के सबसे बड़े वाहक बन चुके हैं।एंड-टू-एंडएन्क्रिप्शन अनियंत्रित फॉरवर्डिंग और एल्गोरिदम आधारित कंटेंट प्रमोशन ने झूठी खबरों को पलक झपकते ही लाखों लोगों तक पहुँचा दिया है। वर्तमान भारतीय कानून, जैसे आईटी एक्ट या आईपीसी की कुछ धाराएँ, इस समस्या से निपटने के लिए अपर्याप्त साबित हो रही हैं। ये कानून अफवाहों की गति, पैमाने और जटिलता को ध्यान में रखकर नहीं बिलकुल बनाए गए थे।

साथियों बात अगर हम पेड प्रमोशन और डर की मार्केटिंग इस एंगल से समस्या को समझने की करें तो अफवाहों के पीछे केवल अज्ञानता ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक हित भी संभवतः काम कर रहे हैं। आज कई इन्फ्लुएंसर्स, पेज और चैनल जानबूझकर डरावनी सामग्री फैलाते हैं क्योंकि इससे व्यूज बढ़ते हैं, एंगेजमेंट मिलता है पेड प्रमोशन और ब्रांड डील्स आती हैं, यह एक प्रकार की डर आधारित मार्केटिंग स्ट्रेटेजी है, जिसमें समाज की असुरक्षा को उत्पाद की तरह बेचा जाता है। कानून की सीमाएँ : क्या मौजूदा प्रावधान पर्याप्त हैं? भारत में आईटी एक्ट, भारतीय न्याय संहिता और अन्य कानूनों में अफवाहों से निपटने के कुछ प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन वे विशिष्ट नहीं हैं। साथियों बात अगर हम इसी संदर्भ में, एक विशिष्ट और सख्त कानून लाने की आवश्यकता की करें तो, फेक न्यूज एक्ट की आवश्यकता महसूस की जा रही है, जो अफवाहों को स्पष्ट रूप से अपराध की श्रेणी में रखे। ऐसा कानून न केवल जानबूझकर झूठी सूचना फैलाने वालों के लिए दंडात्मक प्रावधान तय करे, बल्कि यह भी परिभाषित करे कि अफवाह, फेक न्यूज और भ्रामक सूचना क्या है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक समान ढाँचे की दिशा में प्रयास आवश्यक हैं, ताकि डिजिटल प्लेटफॉर्म की वैश्विक प्रकृति को ध्यान में रखते हुए देशों के बीच सहयोग संभव हो सके। हालाँकि, केवल कानून बना देना ही पर्याप्त नहीं होगा। यदि नागरिक स्वयं सही और गलत जानकारी की पहचान करने में सक्षम नहीं होंगे, तो अफवाहें किसी न किसी रूप में फैलती रहेंगी। इसलिए व्यापक स्तर पर डिजिटल साक्षरता और मीडिया साक्षरता अभियानों की आवश्यकता है। स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्तर पर लोगों को यह सिखाना जरूरी है कि किसी खबर की सत्यता कैसे जाँची जाए, स्रोत की विश्वसनीयता कैसे परखी जाए और भावनात्मक अपील से सावधान कैसे रहा जाए। जागरूक नागरिक ही अफवाहों के खिलाफ सबसे मजबूत ढाल बन सकते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म कंपनियों की जिम्मेदारी भी इस पूरे तंत्र में केंद्रीय है। अब यह मान लेना गलत होगा कि ये कंपनियाँ केवल मध्यस्थ हैं। इनके एल्गोरिदम यह तय करते हैं कि कौन-सा कंटेंट ज्यादा लोगों तक पहुँचेगा। इसलिए इन्हें कानूनी रूप से बाध्य किया जाना चाहिए कि वे कंटेंट मॉडरेशन को मजबूत करें, फॉरवर्ड की संख्या पर सख्त सीमाएँ लगाएँ और संदिग्ध सामग्री पर त्वरित कार्रवाई करें। भारत में व्हाट्सएप्प द्वारा फॉरवर्ड लिमिट जैसी पहलें हुई हैं, लेकिन इन्हें स्वैच्छिक प्रयासों से आगे बढ़ाकर कानूनी दायित्व बनाना आवश्यक है।

साथियों बात कर हम फेक न्यूज़ मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तरपर समझने की करें, इस समस्या का समाधान सामूहिक प्रयास से ही संभव है। संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर फेक न्यूज और अफवाहों के खिलाफ साझा मानक तय किए जाने चाहिए। साइबर स्पेस की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती, इसलिए एक देश में फैली अफवाह दूसरे देश को भी प्रभावित कर सकती है। ऐसे में वैश्विक सहयोग,सूचना साझाकरण और संयुक्त नियामक ढाँचा समय की मांग है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि अफवाहें आज के समय में एक मौन लेकिन शक्तिशाली हथियार बन चुकी हैं, जो लोकतंत्र, जनस्वास्थ्य और सामाजिक सौहार्द को कमजोर कर रही हैं। भारत सहित पूरी दुनिया को यह स्वीकार करना होगा कि वर्तमान कानूनी और संस्थागत ढाँचे इस चुनौती के लिए अपर्याप्त हैं। एक सख्त, स्पष्ट और अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण वाला कानून, मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म नियमन और व्यापक जन-जागरूकता अभियान इन तीनों के समन्वय से ही अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो सूचना की आज़ादी का यह युग समाज के लिए सबसे बड़ा संकट बन सकता है।

विचार

# पोषण सुरक्षा व टिकाऊ कृषि का प्रभावी साधन हैं दालें

*योगेश कुमार गोयल*

हर साल 10 फरवरी को मनाया जाने वाला 'विश्व दलहन दिवस' हमें यह सोचने का अवसर देता है कि जिन दालों को हम रोजमर्रा के भोजन का साधारण हिस्सा मान लेते हैं, वे वास्तव में मानव सभ्यता और प्रकृति के बीच संतुलन की एक गहरी कड़ी हैं। खेतों से लेकर थाली तक की यह यात्रा केवल भोजन भर की नहीं है बल्कि इसमें पोषण, पर्यावरण, कृषि और भविष्य की खाद्य सुरक्षा के सूत्र छिपे हैं। वर्ष 2026 की आधिकारिक थीम 'विश्व की दलहन- सादगी से उत्कृष्टता की ओर' इसी सच्चाई को रेखांकित करती है कि छोटे से दिखने वाले बीज किस तरह वैश्विक समाधान बनकर उभर रहे हैं।


यह दिवस खाद्य एवं कृषि संगठन के नेतृत्व में विश्वभर में मनाया जाता है। दिसंबर 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस दिवस की घोषणा के बाद से 2019 से यह निरंतर मनाया जा रहा है। इसकी प्रेरणा 2016 में मनाए गए अंतरराष्ट्रीय दलहन वर्ष से मिली थी, जिसने पहली बार वैश्विक मंच पर यह स्पष्ट किया कि दालें केवल पारंपरिक भोजन नहीं, पोषण सुरक्षा और टिकाऊ कृषि का प्रभावी साधन हैं। दलहन, यानी फलीदार पौधों से प्राप्त सूखे और खाने योग्य बीज, सदियों से मानव आहार का आधार रहे हैं। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में ये भोजन की रीढ़ रहे जबकि आधुनिक समय तक कुछ क्षेत्रों में इन्हें साधारण या कम मूल्य वाला भोजन समझा गया लेकिन पोषण विज्ञान ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। आज यह स्वीकार किया जा चुका है कि दालें उच्च गुणवत्ता वाले पौध-आधारित प्रोटीन का उत्कृष्ट स्रोत हैं। इनके साथ मिलने वाला आहार फाइबर पाचन को बेहतर बनाता है, रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है और हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है। आयरन, जिंक, फोलेट, मैग्नीशियम और बी-विटामिन्स जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व इन्हें हर आयु वर्ग के लिए उपयोगी बनाते हैं। कम वसा और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के कारण ये आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के विरुद्ध प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करती हैं। पर्यावरण की दृष्टि से दालों का महत्व और भी व्यापक है। इनमें मिट्टी में वायुमंडलीय नाइट्रोजन को स्थिर करने की प्राकृतिक क्षमता होती है, जिससे खेतों की उर्वरता बढ़ती है और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम होती है।

अन्य फसलों की तुलना में इन्हें कम पानी की जरूरत पड़ती है और इनका कार्बन फुट प्रिंट भी कम होता है। यही कारण है कि बदलते जलवायु परिदृश्य में दलहन को जलवायु-अनुकूल और भविष्य की फसल माना जा रहा है। सीमित संसाधनों और अनिश्चित मौसम के दौर में ये फसलें किसानों और पर्यावरण दोनों के लिए भरोसेमंद विकल्प बनती जा रही हैं। वैश्विक खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में भी दलहन की भूमिका निर्णायक है। तेजी से बढ़ती आबादी, कुपोषण और जलवायु अस्थिरता के बीच दालें सस्ती, सुलभ और पोषण से भरपूर समाधान प्रस्तुत करती हैं। भूख मुक्त समाज, बेहतर स्वास्थ्य और टिकाऊ विकास जैसे वैश्विक लक्ष्यों को हासिल करने में इनका योगदान प्रत्यक्ष और प्रभावी है।

भारत में विश्व दलहन दिवस का महत्व केवल एक वैश्विक तिथि तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह देश की कृषि परंपरा, पोषण दृष्टि और सांस्कृतिक चेतना से गहराई से जुड़ जाता है। भारत न केवल विश्व के प्रमुख दलहन उत्पादक और उपभोक्ताओं में अग्रणी है बल्कि यहां की खाद्य संस्कृति में दाल को संतुलित आहार की आत्मा माना गया है। दाल-चावल, दाल-रोटी और खिचड़ी जैसे सरल, सुलभ और पौष्टिक भोजन सदियों से भारतीय समाज में स्वास्थ्य, सादगी और सहजीवन के प्रतीक रहे हैं। दलहन केवल थाली की शोभा नहीं बल्कि पोषण सुरक्षा की मजबूत आधारशिला हैं। इनमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, खनिज और सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो कुपोषण से लड़ने और स्वास्थ्य सुधारने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। विशेषकर शाकाहारी आबादी के लिए दालें सस्ती, टिकाऊ और भरोसेमंद प्रोटीन स्रोत हैं।

कुल मिलाकर, यह दिवस किसानों के लिए भी नई संभावनाओं का द्वार खोलता है। दलहन आधारित फसल चक्र अपनाने से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, नाइट्रोजन स्थिरीकरण के कारण रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटती है और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। परिणामस्वरूप किसानों की लागत कम होती है और आय में स्थिरता आती है। साथ ही, जलवायु परिवर्तन के दौर में दलहन खेती पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रस्तुत करती है। उपभोक्ताओं के लिए यह अवसर अपने भोजन विकल्पों पर पुनर्विचार करने का संदेश देता है, अधिक पौध आधारित, स्थानीय और पोषण-संपन्न आहार की ओर लौटने का आह्वान। दालें यह सिद्ध करती हैं कि सादगी में भी उत्कृष्टता छिपी होती है। यदि नीति-निर्माता, किसान और उपभोक्ता मिलकर दलहनों को प्राथमिकता दें तो स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था, तीनों को एक साथ मजबूती मिल सकती है। सच यही है कि छोटे-छोटे बीज मिलकर एक सुरक्षित, स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य की नींव रखते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



## राशिफल

**मेषः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**वृषभः-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुनः-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्कः-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# उत्तर प्रदेश के जल में आर्सेनिक का जहर



रत्नेश कुमार

यूनीसेफ की मदद से उत्तर प्रदेश सरकार ने एक सर्वे करवाया, जिसमें उत्तर प्रदेश के बीस से अधिक जिलों का भूजल आर्सेनिक प्रदूषित पाया गया है। सर्वे की प्राथमिक रिपोर्ट के मुताबिक लगभग 31 जिले और ऐसे हैं जहाँ यह खतरा हो सकता है, हालांकि उनकी विस्तृत जानकारी अभी सामने आना बाकी है। चैंकाने वाली यह खबर यह है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली झारखण्ड और उत्तराखण्ड सहित देश भर में 400 से अधिक जिलों में भूजल लगातार जहरीला होता जा रहा है। इन इलाकों के पानी में आर्सेनिक, फ्लोराइट, नाइट्रेट, लोहा, सीसा, क्रोनियम जैसे खतरनाक रसायन पाये गये हैं। सबसे बड़ी समस्या है कि प्रभावित इलाकों में पीने का साफ पानी का दूसरा विकल्प नही है। इस कारण हर साल 3.7 करोड़ से अधिक लोग भू-जल में पाये जाने वाले रसायनों के कारण गम्भीर बीमारियों का शिकार हो रहें हैं। केन्द्र सरकार की भारी भरकम राशि इन बीमारियों से निपटने में खर्च हो रही है।

डब्ल्यूएचओ के मानकों के अनुसार पानी में आर्सेनिक की मात्रा प्रति अरब 10 पार्ट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए या प्रति लीटर में 0.05 माइक्रोग्राम से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। लेकिन शोध बताते हैं कि यह इन क्षेत्रों में 100-150 पार्ट प्रति बिलियन तक पानी में आर्सेनिक पहुंच चुका है। बलिया और लखीमपुर जिले सबसे अधिक प्रभावित पाये गये। एहतिहात के तौर पर सैकड़ों की संख्या में हैण्डपम्प सील कर दिये गये हैं। बहराईच, चन्दौली, गाजीपुर, गोरखपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, सन्त कबीर नगर, उन्नाव, बरेली और मुरादाबाद, जिलों में भी आर्सेनिक की अधिक मात्रा पाई गई है, जबकि रायबरेली, मिर्जापुर, बिजनौर, मेरठ, सन्त रविदास नगर, सहारनपुर और गोण्डा, बाराबंकी आंशिक रूप से प्रभावित जिले हैं। मथुरा में बैराज के कारण यमुना का रुका जल स्थानीय भू गर्भ के लिए खतरा बन रहा है तो मथुरा के आसपास के कुछ स्थानों पर बोरिंग के दौरान लाल रंग का पानी निकलने लगा है।



**नदी वाले इलाके भी आर्सेनिक की चपेट में:-** ताजा आंकड़ों के मुताविक, बिहार, उत्तर प्रदेश झारखण्ड सहित 10 राज्यों के 89 जिला में भूजल में आर्सेनिक की मात्रा 0.05 मिली ग्राम प्रति लीटर से अधिक हो गई है। खासकर गंगा, सिन्धु और ब्रम्हपुत्र नदी के इलाकों में आर्सेनिक की मात्रा काफी अधिक है। वही, उच्च फ्लोराइट से 20 राज्यों के 317 जिले, नाइट्रेट से 21 राज्यों के 387 जिले और आयरन से 26 राज्यों के 302 जिले जूझ रहें हैं। भू-जल में प्रदूषण के यह आंकड़े 7 सितम्बर, 2016 को जल संसाधन मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में रखे गये थे। यूनीसेफ द्वारा प्रदेश के 20 जिलों के 322 विकासखण्डों में कराये गये अध्ययन में आर्सेनिक अपनी मान्य मात्रा 0.05 माइक्रोग्राम प्रति लीटर से कहीं अधिक पाया गया है। भू-जल में बढ़ रहे खतरनाक रसायनों की वजह से 3.7 करोड़ से ज्यादा लोग हर साल प्रदूषित जल से बीमार हो रहे हैं। 20 लाख से अधिक लोग दांत और हड्डुयों की बीमारी से पीड़ित हो रहे हैं। केन्द्र सरकार इन बीमारियों से निपटने के लिए 4000 करोड से अधिक राशि खर्च कर रही है।

**आर्सेनिक से बढ़ रहे खतरेः-** पानी में आर्सेनिक की मौजूदगी से त्वचा कैंसर डायरिया, पेट की बीमारियां मासपेशियों की समस्या तेजी से बढ़ रही हैं। आर्सेनिक के जहर वाला पानी नमकीन हो जाता है। अगर आर्सेनिक मिले पानी को लंबे समय तक पिया जाए तो इससे कई भयंकर बीमारियां होनी शुरू हो जाती हैं। पानी में घुलित आर्सेनिक कैंसर के कई रूप, त्वचा कैंसर और किडनी फेल होने जैसी बीमारियों का कारक है। मथुरा के शंकर कैंसर चिकित्सालय के डॉ. दीपक शर्मा के अनुसार आर्सेनिक के प्रभाव से गाल ब्लैडर में कैंसर हो सकता है। वृंदावन पैलिएटिक केयर सेंटर के डॉ. संजय पिशारोड़ी के अनुसार आर्सेनिक और नाइट्रेट के कारण मनुष्य का इम्यून सिस्टम प्रभावित होता है। इससे समय से पहले वृद्धावस्था के लक्षण नजर आते हैं। इम्यून सिस्टम प्रभावित होने पर मस्तिष्क में कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। आर्सेनिक से टाइप दो की डायबिटीज का भी खतरा बढ़ जाता है। आर्सेनिक से प्रदूषित जल के सेवन से धमनियों से संबंधित बीमारियाँ होने और परिणामस्वरूप दिल का दौरा पड़ने और पक्षाघात के खतरे बढ़ जाते हैं।

**सीसा से खतरेः-** यह एक जानलेवा जहर है जिससे अंगों काम करना बन्द हो जाता है, जिससे मरीज कोमा में चला जाता है।

**फ्लोराइड से खतरेः-** पानी में इसकी मात्रा 1.5 मिली ग्राम प्रति लीटर से अधिक होने पर दातों और हड्डुयों का क्षरण तेजी से होने लगता है.

**नाइट्रेड से खतरेः-** इससे पानी में अम्ल बनने लगता है जिससे दिल व फेफड़े की बीमारी, खून में हीमोग्लोबिन कम होने से आक्सीजन की कमी होने लगती है।

## प्रोफेसर डॉ. अभय प्रकाश रावत ने खोज निकाला आर्सेनिक से मुक्ति का उपाय



श्री बैजनाथ शिव कला स्नाकोत्तर महाविद्यालय, बाराबंकी के पर्यावरण विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभय प्रकाश रावत एवं उनके शोध टीम में शामिल डॉ विनय कुमार, प्रभागीय निदेशक कार्यालय, वन विभाग, रायबरेली, उत्तर प्रदेश ने आर्सेनिक जल से मुक्ति का मार्ग खोज निकाला है। इन्होने शोध किया है कि वर्मीकंपोस्ट के उपयोग से आर्सेनिक को फसलों को संदूषित करने से रोका जा सकता है जिससे संदूषित फसलों को खाने से होने वाली बीमारियों को कम किया जा सकता है। इस शोध से जहां वर्मीकंपोस्ट के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा वहीं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी आएगी। शोधार्थियों के अनुसार वर्मीकंपोस्ट स्वयं में कई प्रकार के पोषक तत्वों से परिपूर्ण है जो कि पौधों के वृद्धि एवं फसलों की पैदावार बढ़ाने में सहायक है। शोधार्थियों का मानना है कि यह सोने पर सुहागा है एक तरफ फसलों की पैदावार अधिक होगी दूसरी तरफ आर्सेनिक जैसे घातक तत्वों को फसलों को संदूषित करने से रोका जा सकता है एवं मिट्टी में ही आर्सेनिक का स्थिरीकरण किया जा सकता है। वर्मीकंपोस्ट आसानी से बनाया जा सकता है और सस्ते दामों में बाजार में उपलब्ध है। इस शोध से यह पता लगाया गया है कि वर्मीकंपोस्ट को मिट्टी में उपयोग करके आर्सेनिक जैसे घातक तत्वों को मिट्टी में ही रोका जा सकता है अर्थात स्थिरीकरण किया जा सकता है एवं फसलों में जाने से रोका जा सकते हैं। यह शोध प्रतिष्ठित जनरल ''कंपोस्ट साइंस एंड यूटिलाइजेशन'' में प्रकाशित किया गया है जो की टेलर एंड फ्रांसिस प्रकाशक द्वारा प्रकाशित किया जाता है। इस शोध हेतु दो प्रकार के मिट्टी का चयन किया गया था, दोमट एवं बलुई दोमट। दोनों प्रकार के मिट्टी में वर्मीकंपोस्ट आर्सेनिक के स्थिरीकरण में कारगर पाया गया है।

**धूप में जल रखने से कम हो जाता है आर्सेनिक:-** आर्सेनिक युक्त जल को अगर खुली धूप में 12-14 घंटे तक रख दिया जाए तो उसमें से 50 फीसदी आर्सेनिक उड़ जाता है। उसके बाद उस जल का इस्तेमाल पेयजल के रूप में किया जा सकता है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के तहत बंगाल कालेज ऑफ इंजीनियरिंग ने कम्युनिटी एक्टिव एलुमिना फिल्टर का निर्माण भी किया है जो पानी से आर्सेनिक निकालने में मददगार साबित हो सकता है। इस तरह के वैज्ञानिक दावों से उम्मीद की डोर तो बांधी जा सकती है, पर पानी के प्रति सरकारों और पानी के संगठनों को जिम्मेदारी थोड़ा ईमानदारी से निभानी होगी, तभी शायद कोई रास्ता निकले।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### केबिल चोरी गिरोह सक्रिय, आधा दर्जन नलकूपों में हुई चोरी

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के नलकूपों से केबिल चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है अभी तक आधा दर्जन नलकूपो से किसानों की केबिल चोरी हो चुकी है विदोखर मेंदनी के किसान श्याम जी तिवारी ने बताया कि पिछले दो दिनों से अज्ञात चोरों ने शंकर दीक्षित, विनय तिवारी के साथ उसके नलकूप की केबिल चोरी कर ली है उन्होंने इंगोहटा पुलिस चौकी में शिकायत की है इसी तरह बांकी के किसान जगदीश यादव आदि ने बताया कि अज्ञात चोर उनके नलकूप में लगी केबिल काट ले गए हैं। नलकूपों से अचानक केबिल चोरी हो जाने से किसानों का कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानों ने पुलिस से गश्त बढ़ाकर चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने की मांग की है। इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज मनीष पटेल ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### बीएलओ ने एकत्र होकर नोटिसों का कराया निस्तारण



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** सोमवार को विकासखंड कार्यालय में सभी बीएलओ ने मौजूद रहकर नोटिस की समस्याओं का समाधान कराया। इस मौके पर मतदाताओं की अच्छी खासी भीड़ मौजूद रही विकासखंड कार्यालय में सोमवार को रजिस्ट्रीकरण निर्वाचन अधिकारी रामसूरत यादव ने कस्बे के सभी बीएलओ को बुलाकर पूर्व मतदाताओं को जारी की गई नोटिसों का निस्तारण कराया। इस मौके पर विकास खंड कार्यालय में दिनभर गहमा गहमी रही। रजिस्ट्रीकरण निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्व में जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे। वह समय पर अभिलेखों के साथ नहीं मौजूद हो सके थे अब उन्हें बुलाकर समस्याओं का समाधान कराया जा रहा है।

### पच्चीस रनों से पुलिस टीम ने पत्रकार टीम को शिकस्त किया





**मौदहा(हमीरपुर)।** पुलिस और पत्रकारों के बीच आपसी सौहार्द, समन्वय और सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मुकाबला मौदहा कस्बा स्थित नेशनल इण्टर कालेज के खेल मैदान पर सौहार्दपूर्ण माहौल में खेला गया। मैच मौदहा प्रेस क्लब टीम के कप्तान अरुण शुक्ला एवं टीम के कोच मनोज त्रिपाठी ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। वही संरक्षक की भूमिका राजेश अवस्थी ने निभाई।जहां कोतवाली पुलिस टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में पुलिस टीम ने शुरु आती झटकों में पहले व दूसरे ओवर में बिना 10 रन बनाए दो विकेट गिर गए द्य इसके बाद थाना सिसोलर प्रभारी ब्रजेश कुमार की शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 97 रन बनाए और पत्रकारों टीम के सामने 98 रनों का लक्ष्य रखा। जिसके जवाब में पत्रकारों की टीम के बल्ले बाज सैंडी द्विवेदी,अश्वनी पांडे,कुलदीप धुरिया, अमित,नगर पालिका अध्यक्ष रजा मुहम्मद, माता दीन प्रजापति, उमेश कुमार, रमैया प्रजापति, लाला मास्टर आदि 72 रनों पर ऑल आउट हो गई द्यपुलिस टीम के बल्लेबाजों में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह,सिसोलर थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर चंद्रशेखर गौतम,एस आई विनेश, का.आशिफ, क.अ.आकाश मलिक, जयकिशोर, विनीतआदि। पत्रकार टीम के गेंदबाज अश्विनी पांडे, अमित, सैंडी द्विवेदी,ने भी कड़ी टक्कर दी। विजेता टीम कोतवाली मौदहा के खिलाड़ी एस आई विनेश कुमार गौतम को मैंन ऑफ दा सीरीज दिया गया।

### अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराई फेयरबेल पार्टी के बाद स्टंटबाजी कर रहे छात्रों की कार, बाल-बाल बचे छात्र



**महोबा।** फेयरवेल पार्टी के बाद स्टंटबाजी कर रहे छात्रों की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था की कार पोल को तोड़ते हुए बाउंड्री बाल से टकराकर पलट गई। स्टंटबाजी के दौरान अनियंत्रित होकर पलटी कार का वीडियो कैमरे में कैद हो गया जो छात्रों के परिजनों की लापरवाही के साथ-साथ यातायात पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान खड़े कर रहा है। हालांकि हादसे का शिकार हुई कार में सवार सभी छात्र बाल-बाल बच गए। मुख्यालय के ऐतेहासिक कीरत सागर तट किनारे शहर के संत जोसफ कॉलेज में फेयरवेल पार्टी के बाद छात्रों की एक टोली कीरत सागर तट पर स्टंट बाजी करने पहुंची इसी दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे का शिकार हुई कार की रफ्तार इतनी तेज थी की पोल से टकराने के बाद कार बाउंड्री वॉल से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि नाबालिग छात्रों द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार कार ने छात्रों के परिजनों द्वारा बरती गई लापरवाही और यातायात पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

### सनातन धर्म ने समाज को एकता, सहिष्णुता व सेवा का मार्ग दिखाया



**जालौन (उरई)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में द्वारकाधीश मंदिर परिसर में गोपाल बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सनातन धर्म की एकता, सामाजिक जागरूकता व राष्ट्रहित में संगठित प्रयासों को लेकर चर्चा की गई। गोपाल बस्ती द्वारा द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में आयोजित हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता सुनीत मिश्रा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संचालक गौतम त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रहलाद द्वारा हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया गया। जिसके बाद भारत माता की पूजा अर्चना कर द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत की पहचान उसकी गौरवमयी संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों से है। सनातन धर्म ने सदैव समाज को एकता, सहिष्णुता और सेवा का मार्ग दिखाया है। वर्तमान समय में समाज को संगठित रहकर अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने की आवश्यकता है। यदि हिंदू समाज एकजुट होकर कार्य करे तो सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के साथ राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभा सकता है। देव एवं लावण्या ने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता में निहित है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति और संस्कारों को समझें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। शशिकांत ने सामाजिक समरसता, परिवार मूल्यों और नैतिक शिक्षा के महत्व को समझाया और संघ के 100 वर्ष के संघर्ष को समझाया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक हर्षवर्धन ने किया। इस मौके पर आशा श्रीवास्तव, डॉ. रंजना दुबे, आशीष सोनी, गोपाल बस्ती प्रमुख विनय निगम, महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. ब्रजेंद्र दुबे, धर्मेंद्र, राजकुमार, अतुल बाजपेई, सीताराम हूंका, राहुल, ब्रजेश श्रीवास्तव, रामरूप वर्मा आदि मौजूद रहे। अंत में आयोजक विनय निगम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मकान में घुसा ट्रक, अधेड़ की मौत

**खड़ेही लोधन, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



हमीरपुर-राठ पर मुख्य मार्ग गांव बिहुनी के पास बीते शुक्रवार रात लगभग 11 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।जिसमे एक अधेड़ की मौत हो गयी इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया वही थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कस्बा मुस्करा से लगभग सात किमी बिहूनी गांव में हमीरपुर से राठ की ओर जा रहा ट्रक संख्या UP78 BL3848 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक मकान में जा घुसा मकान में घुसने से हादसे के समय मकान के बाहर गुमटी रखकर छोटी दुकान चलाने वाले रमेश चंद साहू पुत्र महिपाल साहू अपनी गुमटी पर सो रहे थे तेज रफ्तार ट्रक गुमटी को रौंदता हुआ बगल के मकान में जा घुसा जिससे रमेश चंद साहू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गुमटी के पीछे दीवार से सटी हुई खड़ी नई स्कूटी भी दीवार गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई वहीं गुमटी में रखा सिलाई मशीन सहित पूरा दुकान का सामान ट्रक के पहियों के नीचे आकर पूरी तरह नष्ट हो गयी पास में खड़ा ई-रिक्शा भी ट्रक की चपेट में आकर टूट गया हादसे में विश्वनाथ वर्मा के मकान को भी भारी नुकसान पहुंचा गया ट्रक की टक्कर से उनके मकान के आगे के दोनों कमरों में गहरी दरारें आ गई घटना के बाद ट्रक चालक मकान की छत पर चढ़कर पीछे की ओर कूदते हुए मौके से फरार हो गया घटना की जानकारी मिलते ही मुस्करा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक के परिजनों ने बताया कि रमेश चंद साहू की एक विधवा बेटी यहीं रहती है। परिवार की गुजर-बसर के लिए वह गुमटी में दुकान चलाते थे जबकि उनका एक बेटा मजदूरी करता है। हादसे में दुकान ई-रिक्शा स्कूटी सिलाई मशीन और पूरा सामान नष्ट हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी है।

## मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं राजकीय बालिका इंटर कालेज में शुरू



**मौदहा, हमीरपुर।** मदरसा बोर्ड परीक्षा 9 फरवरी2026 से परीक्षा का संचालन शुरू हुआ जिसका समापन 14 फरवरी को होगा नगर के चार मदरसों के छात्र-छात्राओं का केंद्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बनाया गया जिसमें दोनों पालियों में 52 छात्र अनुपस्थित रहे प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद बोर्ड के द्वारा संचालित नगर क्षेत्र के मदरसा रहमानिया अनवारूल उलूम, मदरसा नूरे निजामी, मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी तथा मदरसा निजामिया रागौल के छात्र छात्राओं की परीक्षाएं प्रथम पाली मुंशी, मौलवी में पंजीकृत 153 छात्र-छात्राओं में 114 मौके पर परीक्षार्थी उपस्थित हो सके और 38 छात्र-छात्राएं परीक्षा केंद्र से नदारत रहे वहीं द्वितीय पाली में आलिम की परीक्षा मे पंजीकृत 50 छात्रों में 38 छात्र उपस्थित हो सके तथा 12 छात्र-छात्राएं परीक्षा केंद्र में किन्हीं कारणो से नहीं पहुंच सके। इस संबंध में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अंजलि प्रिया गौतम ने बताया कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए सीसीटीवी कैमरा शुद्ध पेयजल, साफ सफाई की व्यवस्था करते हुए नकलविहीन परीक्षा संचालित करवाई जा रही है। सह केंद्र व्यवस्थापक अताउर रहमान ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मदरसा बोर्ड की छात्र-छात्राओं को पूरे वर्ष अध्ययन के बाद परीक्षाएं हो रही हैं।

## पन्द्रह दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का हुआ समापन, बालिकाओं को दिए प्रमाण पत्र




**अजनर/महोबा।** कबीर फाऊन्डेशन के तत्वाधान मे बोमेन स्किल डवलपमेन्ट प्रोग्राम( कौशल प्रशिक्षण कार्यकृम ) अन्तर्गत अजनर के सुखानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं को पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हुआ। समापन के अवसर पर संरक्षक कालका प्रसाद जलज ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम कराते रहेगे ताकि बालिकाएं स्वाबलम्बी बन सके । बालिकाओं को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गये इस अवसर पर बिद्यालय के अध्यक्ष फूलसिह तोमर ,उप प्रबंधक डॉ एस पाठक, प्रधानाचार्य अमर सिह रिजपूत मौजूद रहे।

## बगैर तलाक के दूसरी शादी करने पर पत्नी ने दर्ज कराया मुकदमा

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बगैर तलाक दिए दूसरी शादी कर लेने पर पहली पत्नी ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह मुकदमा न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया गया है। थानाक्षेत्र के पारा रैपुरा गांव की निवासी संगीता ने अदालत को अवगत कराया था कि उसकी शादी मई 2019 में बिवांर थानाक्षेत्र के धनपुरा गांव निवासी सुशील कुमार से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में 50हजार नकद तथा बाइक की मांग करने लगे। अक्टूबर 2019 में पति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। तब से वह मायके पारा रैपुरा में पिता के पास रह रही है। पति ने बगैर तलाक लिए दूसरी शादी कुरारा थानाक्षेत्र के हरेहटा गांव निवासी रेशमा के साथ कर ली है। इनका एक पुत्र भी है। अदालत के आदेश पर पहली पत्नी को तलाक दिए बगैर दूसरी शादी करने पर सुशील कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सद्गुरु नेत्र सेवा संस्थान चित्रकूट ने मौदहा के टिकरी बुजुर्ग में नेत्र शिविर का किया आयोजन

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के टिकरी बुजुर्ग गांव में सदुरु नेत्र सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों को परामर्श देने के साथ जरूरतमंदों को दवाइयां भी उपलब्ध कराई। आयोजकों ने बताया कि गंभीर रोगियों को आगे इलाज के लिए अस्पताल रेफर किया गया बताते चलें कि विकासखंड मौदहा की बड़ी आबादी वाले गांव टिकरी बुजुर्ग में सदुरु सेवा संस्थान के द्वारा कैंप का आयोजन करते हुए आंखों के मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के मकसद से निशुल्क शिविर लगाया गया है गांव के समाजसेवी इंद्रजीत सिंह नन्ना ने बताया कि हमारे गांव में नेत्र शिविर पर 205 मरीजों का नामांकन कराया गया जिसमें 165 मरीजों को दवा देकर स्वास्थ्य लाभ की सलाह दी गई तथा 15 ऐसे मरीज जिनकी आंखों में मोतियाबिंद, नाखून सहित अन्य बीमारियों के ग्रसित होने पर उन्हें शिविर के माध्यम से इलाज हेतु ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर चित्रकूट धाम बुलाया गया है इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक प्रदीप रजत डॉक्टर गौरव, रामस्वरूप ,आशीष सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक

▸ जनसुनवाई में 13 पीड़ित महिलाओं ने दर्ज कराई अपनी शिकायत, नौ का किया निस्तारण, शेष के दिए निस्तारण के निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



सदस्या अनुपमा सिंह लोधी उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में महिला/बालिका तत्पीडन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जनसुनवाई / समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में 13 पीड़ित महिलाओं/मालिकाओं द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये, जिसमें सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सदस्या द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को यथोचित निस्तारण किये जाने हेतु आदेश दिये गये। इस बैठक के बाद सदस्या द्वारा वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस कार्यक्रम में सल्तनत परवीन उप जिलाधिकारी, हर्षवर्धन नायक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, महंत प्रजापति, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रवीन वर्मा पूर्ति निरीक्षक, निकिता शुक्ला, महिला थानाध्यक्ष, सुनील, डिप्टी सीएमओ, जेई रुद्र प्रताप मिश्रा, मयंक चतुर्वेदी, श्यामबाबू विश्वकर्मा, संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, सुभी संगीता राजपूत, संरक्षण अधिकारी, प्रिया गुप्ता, डीएमसी, रीता चौरसिया व रूचि द्विवेदी, जेण्डर स्पेस्लिस्ट क्षमा, केन्द्र प्रबंधक, वन स्टॉप सेन्टर, दीपक कुमार, को-आर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइन, भुजवल सिंह आउटरीच वर्कर, महोबा के साथ-साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हत्या के वांछित दो अभियुक्तों को थाना खन्ना पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार




**खन्ना/ महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना की देखरेख में चलाये जा रहे वांछित वारंटी अभियान के अन्तर्गत थाना खन्ना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह मय हमराही हे.कां. प्रवीण कुमार यादव एवं कां. सूर्याश प्रताप सिंह द्वारा थाना खन्ना जनपद महोबा क्षेत्रान्तर्गत नहर पटरी ग्राम बन्नी से थाना खन्ना पर पंजीकृत अभियोग मुअसं. 0015/2026 धारा 103(1)/238 बीएनएस हत्या के मुकदमे में वांछित दो नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 3 अदद मोबाइल फोन बरामद किये गये। गिरफ्तारी उपरान्त आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए दोनों हत्या में वांछित अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## पनवाड़ी में भाकियू (टिकैत) की महापंचायत, अमन शर्मा बने जिला अध्यक्ष

▸ किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**





पनवाड़ी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुलारा में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की विशाल किसान महापंचायत आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। महापंचायत का मुख्य उद्देश्य किसानों की ज्वलंत समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाना और संगठन को मजबूत बनाना रहा। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से अमन शर्मा को यूनियन का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पदाधिकारियों एवं किसानों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अमन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों को आज भी बिजली, सिंचाई, खाद-बीज की उपलब्धता, फसल भुगतान, जर्जर सड़कें और पुल जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसान आंदोलन और धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। महापंचायत में किसानों ने विरमा नदी पर दुलारा स्थित क्षतिग्रस्त पुल की तत्काल मरम्मत कराने की मांग उठाई, जिससे आवागमन और फसल ढुलाई प्रभावित हो रही है। इसके अलावा ग्राम पठारी कदीय में 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन के टूटे खंभों और तारों को जल्द दुरुस्त कराने, खेल मैदान एवं मोक्षधाम के लिए रास्ता सुरक्षित कराने तथा चकरोड़ और नहरों की सफाई कर सिंचाई व्यवस्था सुचारु करने की मांग की गई। किसानों की समस्याओं को लेकर यूनियन की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन भी प्रशासन को सौंपा गया। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा ने की। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र मिश्रा, वरिष्ठ नेता रामखिलावन शुक्ला सहित जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष माधुरी दीक्षित, महामंत्री ईश्वरी प्रसाद तिवारी, उपाध्यक्ष अशोक राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष भारती राजपूत, मीडिया प्रभारी शिवनंदन, जिला महासचिव बृजेंद्र सोनकिया समेत सैकड़ों किसान व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में किसानों ने एक स्वर में नारा लगाया – किसानों का हित, राष्ट्र का हित... जय किसान।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दोनों पक्षों में सुलह करा कर घर वापस भेजा

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में वाद सं.-60/2019 प्रियंका पुत्री हरनारायण निवासी चिकासी और राजकुमार पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम अमरौधा के मध्य प्रचलित वाद जिसमें दाम्पत्य सम्बन्धी विवाद था जिसमें नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता शिवशरण गुप्ता द्वारा दोनो पक्षो से वार्ता कर सुलह कराया गया। सुलह के पश्चात दंपति द्वारा साथ-साथ रहने की सहमति व्यक्त की गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा दोनों पक्ष को बधाई दी गयी और मामले में नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया।


**समन विनावर इनफिसाल मुकद्दमा**

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी कायमगंज तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद**

**वाद संख्या-5311/2021 टी202103240205311 वर्ष 2021**

द्वारिका प्रसाद पुत्र सकटे निवासी ग्राम सलेमपुर दूदेमई परगना श0प0 तहसील कायमगंल जिला फर्रुखाबाद मो0नं0 6307576657.........................................वादी

**बनाम**

1. महेन्द्र सिंह, 2. मोहनलाल, 3. रामनरेश, 4. हरिनन्दन, 5. सुखेन्द्र सिंह, 6. सर्वेन्द्र पुत्रगण स्व0 सकटे निवासीगण ग्राम सलेमपुर दूदेमई परगना श0प0, तहसील कायमगंज जिला फर्रुखाबाद
7. वीरभान सिंह उर्फ कृपाल सिंह पुत्र मदनमोहन निवासी ग्राम सलेमपुर यूदेमई
8. बलवीर सिंह मृतक 8/1 बृजेश, 8/2 सर्वेश, 8/3 स्वदेश पुत्रगण स्व0 बलवीर सिंह, 8/4 रामकली पत्नी बलवीर सिंह, 8/5 नीतेश पुत्र विजनेश, 8/6 रामवती पत्नी विजनेश समस्त निवासीगण ग्राम सलेमपुर दूदेमई
9. जयवीर सिंह, 10. राजवीर सिंह,11. शिवराज सिंह पुत्रगण कुंवर सिंह निवासीगण ग्राम सलेमपुर दूदेमई
12.अमर सिंह, 13. इशलेश कुमार, 14. अमरेश कुमार पुत्रगण ज्ञानी सिंह निवासीगण ग्राम सलेमपुर दूदेमई
15.अवधेश सिंह पुत्र उदयवीर सिंह निवासी ग्राम सलेमपुर दूदेनई
16.रनवीर सिंह, 17. महावीर सिंह, 18. रक्षपाल सिंह, 19. जोगराज सिंह, 20. सुरेश चन्द्र, 21. रमेश चन्द्र पुत्रगण हजारी सिंह निवासीगण ग्राम सलेमपुर दूदेमई
22.कालीचरन, 23. मुलायम सिंह, 24. अजयपाल सिंह पुत्रगण दामोदर सिंह निवासीगण नगला गुरूदयाल मजरा मजरा सलेमपुर दूदेमई
25. सुभाष चन्द्र, 26. रत्नेश कुमार पुत्रगण कप्तान सिंह निवासीगण ग्राम सलेमपुर दूदेगई
27. ममता देवी पत्नी कप्तान सिंह निवासी ग्राम सलेमपुर दूदेमई
28. महाराज सिंह, 29. सौदान सिंह, 30. अवधेश सिंह, 31 जय सिंह, 32 कालीचरन,
33. मुलायम सिंह पुत्रगण मौजीलाल निवासीगण ग्राम सलेपुर दूदेमई
34. मु0 भुलिया वेवा नन्हकू निवासी ग्राम सलेमपुर दूदेमई
35. हीरालाल, 36. रामबहादुर पुत्रगण मैकू निवासीगण ग्राम सलेमपुर दूदेमई
37. श्यामसुन्दर, 38. रामनरेश पुत्रगण हरीचन्द्र निवासीगण ग्राम सलेमपुर दूदेमई
39. कन्हैया पुत्रगण हरीचन्द्र ना0बा0 आयु क्रमशः 14 व 12 वर्ष संरक्षिका माता सावित्री
40. सुखलाल देवी पत्नी हरीचन्द्र निवासीगण ग्राम सलेमपुर दूदेमई
41. राजू उर्फ बुद्धपाल, 42. बिब्जू पुत्रगण कप्तान निवासीगण ग्राम सलेमपुर दूदेमई
43. रत्नो, 44. स्वार्थी, 45. गंगादेवी, 46. शिवानी पुत्रियां कप्तान संरक्षक विद्यादेवी पत्नी कप्तान
47. विद्यादेवी पत्नी कप्तान समस्त निवासीगण नगला नट मजरा सलेमपुर दूदेमई
48. रामचरन सिंह, 49. ऋतुचरन, 50. रामकुमार, 51. राजकुमार, 52. प्रेमपाल पुत्रगण जौहरीलाल निवासीगण ग्राम सलेमपुर दूदेमई
53. सावित्री देवी पत्नी जौहरीलाल निवासी ग्राम सलेमपुर दूदेमई
54. जवाहरलाल, 55. सन्तराम, 56. हंसराम पुत्रगण नत्थू निवासीगण ग्राम सलेमपुर दूदेमई
57. रामसनेही पुत्र सीताराम निवासी ग्राम सलेमपुर दूदेमई
58. ग्राम सभाग्राम पंचायत सलेमपुर दूदेमई परगना श0प0 तहसील कायमगंज जिला फर्रुखाबाद द्वारा ग्राम प्रधान..........................................................विपक्षीगण।

ग्रामः-सलेमपुर दूदेमई
परगनाः- श0प0
धाराः-24(1) रा0सं0अधि0

हरगाह द्वारिका प्रसाद ने आपके नाम एक नालिस बावत मेडबन्दी का वाद दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 17/02/2026 ई0 बावक्त 12 बजे दिन के असालतन या मार्फत बकील के जो मुकद्मा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गवाहों और कुल उमूरात अहमे मुतालिका मुकद्मा का जबाव दे सके या जिसके साथ कोई और शख्य हो कि जो जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जबाबदेही दावा की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेजात पेश करे जिस पर बताइद अपनी अबाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकद्मा बगैर हाजिरी आपके मजबून और फैसला होगा। ववक्त मेरे दस्तखत 09/02/2026 को जारी किया गया है।

**उपजिलाधिकारी, कायमगंज, फर्रुखाबाद**


## युवा व महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान तेज

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

▸ शैक्षणिक संस्थानों और महिला समूहों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण का लक्ष्य

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद में मतदाता सूची को अधिक समावेशी एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता त्रुटिरहित सूची, समस्त पात्र मतदाताओं को सूची में सम्मिलित कराने हेतु 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग के पात्र युवाओं तथा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है, क्योंकि इस वर्ग के बड़ी संख्या में मतदाता अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो सके हैं।

उन्होंने बताया कि युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों सहित समस्त शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मतदान के अधिकार, मतदाता सूची में नामांकन की प्रक्रिया तथा लोकतंत्र में उनकी भूमिका के प्रति प्रेरित किया जा रहा है, ताकि वे बढ़-चढ़कर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं और अपनी पसंद की सरकार चुनने में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। उन्होंने बताया कि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे शैक्षणिक संस्थानों में विशेष शिविर आयोजित कर पात्र छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन पोर्टल मोबाइल ऐप अथवा बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से ऑफलाइन घोषणा पत्र सहित फॉर्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में सम्मिलित कराएं। जिन छात्र-छात्राओं की आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनका शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिनकी आयु 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई, 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण होगी, उनके फॉर्म-6 एडवांस में भरवाए जाने की व्यवस्था भी की गई है।


## कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद, महोबा

पत्रांक-420/एन.पी.के./निविदा सूचना/2025-26 — दिनांक-09.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा राज्य वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 10.02.2026 से 16.02.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 17.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हे विभाग की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

**कार्य का विवरण**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (लाख रू. में) | अर्नेस्ट मनी 10 प्रतिशत | निविदा मूल्य+18% जीएसटी | | | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | निविदा मूल्य | जी.एस.टी. टैक्स 18% | योग | |
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | दिलीप सिंह के सामने इंटरलाकिंग कार्य | 2.61 | 26100.00 | 300.00 | 54.00 | 354.00 | एक माह |
| 2. | पच्चू चच्चा के घर से शंकर जी के मंदिर चौराहा तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 2.49 | 24900.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 | एक माह |
| 3. | एस.डी.एम. आवास में टीन शेड का निर्माण कार्य | 1.87 | 18700.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 | एक माह |
| 4. | सुरेश गुप्ता के सामने अस्थायी चबूतरा निर्माण कार्य | 1.19 | 11900.00 | 100.00 | 18.00 | 118.00 | एक माह |

**प्रवेन्द्र कुमार**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

**वैभव अरजरिया**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

# सीएम योगी ने नवनिर्मित भवन व नवनिर्मित गोरख अमृत धारा का लोकार्पण और पूजन अर्चन किया

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरन्तर प्रगति कर रहा : सीएम योगी**




**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** मुख्यमंत्री उ.प्र. योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सीतापुर के तपोधाम स्थित सतगुरु गिरधारी नाथ महाराज आश्रम में आयोजित मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर नवनिर्मित भवन एवं नवनिर्मित गोरख अमृत धारा का लोकार्पण किया और पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर भव्य भण्डारा भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य जनसभा को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने सभी संतों, महात्माओं तथा इस धार्मिक समारोह में देश के अलग-अलग क्षेत्र से आये सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये कहा कि इस तपोधाम को भव्य रूप से निर्मित कराकर इसका लोकार्पण किया जाना अत्यन्त गौरवपूर्ण पल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरन्तर प्रगति कर रहा है और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। पिछले 11 वर्षों में भारत एक बड़ी वैश्विक ताकत बनकर उभरा है। उन्होंने ऐतिहासिक सन्दर्भों से बताया कि किस प्रकार विदेशी आक्रमणकर्ताओं ने भारत की अर्थव्यवस्था को अत्यधिक क्षति पहुंचायी तथा यहां के उद्योग धन्धों को नष्ट कर दिया। गुरूकुल शिक्षा प्रणाली का भी विनाश हुआ तथा भारत के किसानों की स्थिति भी खराब होती गयी, परन्तु प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश का तेजी से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने सनातन के महत्व को बताते हुये कहा कि दुनिया की अनेक सभ्यताएं समय के साथ-साथ नष्ट हो गयी, परन्तु सनातन सभ्यता नित नए वैभव को प्राप्त कर रही है। सनातन सभ्यता ने सदैव सभी को सहयोग दिया है तथा शरण में आये लोगों की सदैव रक्षा की है। शरण में संरक्षित किये गये लोगों द्वारा भिन्न-भिन्न कालखण्डों में विश्वासघात भी किये गये, परन्तु सनातन सभ्यता को नष्ट नहीं कर सके। सनातन सभ्यता का मूलमंत्र वसुदेव कटुम्बकम रहा है, जिसमें पूरी दुनिया को एक परिवार माना जाता है। सिर्फ जीव ही नहीं, चराचर जगत के कल्याण की बात सनातन में की गयी है। समदृष्टि के सिद्धान्त का पालन करते हुये पहली रोटी गाय की तथा आखिरी रोटी कुत्ते के लिये निकालने की परम्परा रही है, लेकिन समय-समय पर कुछ लोगों ने फूट डालकर संस्कृति के विनाश का प्रयास किया है। सनातन सभ्यता मजबूती से निरन्तर आगे बढ़ रही है। देश में आस्था का सम्मान एवं सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण किया जा रहा है। वर्ष 2019 से कुंभ जैसे महान आयोजन को विश्व पटल पर सम्मान प्राप्त हो रहा है तथा यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासतों में दिव्य एवं भव्य कुंभ सम्मिलित हो चुका है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में सभी सनातनी श्रद्धा और गौरव के साथ सम्मिलित हुये तथा घर-घर में खुशी दीपक जलाये गये। इसके साथ ही विन्ध्यवासिनी धाम के जीर्णोद्धार से श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मथुरा, वृन्दावन तथा बृज भूमि के साथ नैमिषारण्य में भी विकास कार्य निरन्तर चल रहे हैं। नैमिषारण्य क्षेत्र के विकास के लिये अनेक योजनाएं संचालित हैं। सभी जनप्रतिनिधि निरन्तर रूप से विकास के प्रति समर्पित हैं। इसके साथ ही विरासत का संरक्षण भी किया जा रहा है। जनपद सीतापुर में भी व्यापक स्तर पर विकास कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के संगठित रहने से ही देश का सतत विकास सम्भव है। उन्होंने बांग्लादेश का उदाहरण देते हुये बताया कि आपसी फूट से सभी का नुकसान होता है। उन्होंने विभाजन पैदा करने वाले तत्वों से सावधान रहने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में एक समृद्ध गुरू शिष्य परम्परा रही है। उन्होंने चाणक्य और चन्द्रगुप्त मौर्य के उदाहरण से विस्तार से समझाया।मुख्यमंत्री ने योगी गिरधारी नाथ की हिंगलाज धाम से जनपद सीतापुर के तपोधाम आश्रम की सम्पूर्ण यात्रा को विस्तारपूर्वक बताते हुये उनकी साधना एवं आश्रम की स्थापना के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि पूर्वकाल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश (वर्तमान में पाकिस्तान में स्थित) हिंगलाज धाम एक महान शक्तिपीठ है, जिस प्रकार पूर्वी भारत में असम में स्थित कामाख्या का महत्व है, उसी प्रकार पश्चिमी भारत में हिंगलाज का पौराणिक महत्व रहा है। शक्तिपीठों का प्रतिष्ठापन महायोगी गुरू गोरखनाथ की परम्परा के द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि गुरू गिरधारी नाथ जी ने सनातन धर्म के पौराणिक स्थल तथा 88 हजार ऋषिमुनियों के तपोक्षेत्र में अपना आश्रम स्थापित किया। नैमिषारण्य की पावन क्षेत्र के सीतापुर में यह आश्रम उनकी तपोस्थली रहा तथा उनके शिष्यों द्वारा परम्परा को आगे बढ़ाया गया। वर्तमान में आश्रम के महान्त योगी तेज नाथ जी द्वारा इस परम्परा को निरन्तर आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के सदस्य महान्त बालकनाथ योगी, आश्रम के महान्त योगी तेजनाथ, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, विधायक सिधौली मनीष रावत, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत इस्माइलगंज में आवास के नाम पर हुआ बड़ा खेल व विकास कार्य में किया गया फर्जीवाड़ा



**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** विकासखंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत इस्माइलगंज में विकास के नाम पर हुए बड़े थे और आवासों के नाम पर भी हो रहे लंबे फर्जी वाले आवास जिम्मेदार बने हुए अनजान बताते चले ग्रामीण मानवेंद्र सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत पत्र किया गया था जी शिकायत पत्र में सभी सचिव आप प्रधान दोषी पाए गए सचिन और प्रधान ब्लॉक के बड़े बाबू की लापरवाही के कारण ग्राम में रहने वाले बिना व्यक्तियों को 14 व्यक्तियों को अपात्र होने के बाद भी दे दिया गया आवास जिम्मेदार बनेअनजान ग्राम पंचायत इसाइलगंज में पंचायत भवन आज तक कही भी स्थापित नहीं है और पंचायत भवन के नाम में निकाला गया है। मेन्टीनस के नाम पर भी मिश्रा कॉन्ट्रेक्टर और तुषार एसोसिएट्स की फर्म के नाम पर क्रमशः 60000, 38700 व 50830 रूपय की धनराशि निकाली जा चुकी है। सामुदायिक केन्द्र के नाम पर भी भ्रष्टाचार किया गया आज तक कोई मरम्मत का कार्य नही किया गया जबकि फर्जी तरीक से 62145 रूपये की धनराशि निकाली गयी है। ग्राम पंचायत प्रधान व सचिव द्वारा प्रशासनिक खर्च के नाम पर भी कुर्सी मेज अदि की खरीद में धांधली दिखाते हुए, जमकर भ्रष्टाचार किया गया है और लाखों रूपये का फर्जी भुगतान कराया गया है। साक्ष्य के तौर पर शपथपत्र शामिल है। प्रार्थी की ग्राम पंचायत में 14 अपात्रों को आवास दिये गये थे जिसमें से 12 अपात्र पाये गये तथा दो ऐसे लोगो को आवास दिये गये है जो ग्राम पचायत के ही नहीं है। अभी तक इसकी पुष्टि होने के बाद न तो रिकवरी हुई न ही कोई कार्रवाई की गई है। ग्राम प्रधान मुन्नी देवी व उनके प्रतिनिधि अशोक सिंह व ग्राम पंचायत सचिव द्वारा अवैध तरीके से दो लोगों का जी आपस में सगे बाप बेटे हैं को आवास आवंटित किया गया है जो कि बाहरी है जिनके नाम जान सिह पुत्र दिनेश सन 2021-22 व दिनेश पुत्र भवानी डयनियर 2020-21 में प्रधानमंत्री आवास दिये गये हैं जबकि ग्राम पंचायत में हिन्दू के अलावा कोई अन्य धर्म के लोग नहीं रहते हैं। प्रार्थी की ग्राम पंचायत में नाली मरम्मत में 198179 रूपये बाबू के घर से बुद्धा के घर तक नाली बनने और चार माह में ही टूट जाने को दर्शाकर भ्रष्टाचार किया गया है। ग्राम पंचायत में नाला निर्माण में बृजराज के घर से विकेश के खेत तक नाला निर्माण अधोमानक कराकर धन का बन्दरबाट हुआ है। जिसके सभी दस्तावेज तथा शपथ पत्र के संलग्न मूल प्रति हैं।

## डीएम ने नगर पालिका खैराबाद का किया निरीक्षण



**सीतापुर।** जिलाधिकारी राजागणपति आर0 द्वारा नगर पालिका खैराबाद का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी राजागणपति आर0 ने दिनांक-08 फरवरी 2026, दिन रविवार दोपहर 11.30 बजे नगर पालिका खैराबाद पहुंकर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने नगर पालिका के कंप्यूटर कक्ष में जाकर ऑनलाइन पोर्टल संपत्ति कर रजिस्टर ई रिक्शा पोर्टल आदि का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त कक्ष का निरीक्षण किया, जिसमें उनके द्वारा पीएम स्टेट वेंडर पेंशन नजूल रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर कर्मचारियों की संख्या के बारे में जानकारी ली तथा हाउस टैक्स, जलकर आदि से होने वाली नगर पालिका की आय व्यय की गहनता से जांच की तथा खैराबाद कस्बे की जल आपूर्ति के बारे में जानकारी ली। इसके बाद लेखा लिपिक के कार्यालय में जाकर रजिस्टर का अवलोकन किया, जहां लेखा लिपिक के द्वारा कैश रजिस्टर व्यवस्थित न होने के कारण फटकार लगाई और व्यवस्थित करने के दिशा-निर्देश दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने कस्बे में कराए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा कस्बे में कराए जा रहे तालाब सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया। उसके साथ जिलाधिकारी द्वारा बन रही गौशाला का निरीक्षण करते हुये गौशाला निर्माण में प्रयोग हो रही ईंट को आपस में टकराकर उसकी मजबूती की जांच की और पिलर में लगाए जा मसाले की जांच की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को सभी कार्यों को ससमय कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष खैराबाद प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मनोज राणा लिपिक प्रदीप नदीम हसन सहित कई कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### शिव मंदिर जिर्णोद्धार के बाद हुआ विशाल भंडारा

**एसडीएम गौतम सिंह ने महादेव की पूजा अर्चना कर मांगा आशीर्वाद**



**महराजगंज रायबरेली।** शिव मंदिर जिर्णोद्धार के बाद हुआ विशाल भंडारा मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे एसडीएम गौतम सिंह ने महादेव की पूजा अर्चना कर मांगा आशीर्वाद। सलेथू ग्राम के समाजसेवी उमेश चंद्र तिवारी द्वारा प्राचीन शिव मंदिर जो प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित है उसका जिर्णोद्धार कराया गया और एक सप्ताह से धार्मिक पाठों का भी आयोजन लगाकर होता रहा वहीं धार्मिक पाठों के आयोजन के बाद आज महादेव के मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे महराजगंज एसडीएम गौतम सिंह के द्वारा महादेव की पूजा अर्चना की गई उसके बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा गया। आयोजनकर्ता समाजसेवी उमेश चंद्र तिवारी ने बताया कि 10000 लोगों के प्रसाद की व्यवस्था भंडारे की में की गई है भक्त दोपहर से ही आ रहे हैं और देर रात तक भंडारे का कार्यक्रम चलता रहेगा।उन्होंने बताया कि उपजिलाधिकारी गौतम सिंह मुख्य अतिथि रहे और महादेव की पूजा अर्चना की गई। आयोजनकर्ता के द्वारा आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र एवं भगवान की प्रतिमा भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

### बैनामा की जमीन पर दबंगों की दखलंदाजी, महिला ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**रायबरेली।** महिला ने जिला अधिकारी को दिया लिखित शिकायती पत्र। मिथिलेश पत्नी पूर्णमासी निवासी ग्राम पूरे सरदार मंजरे अमावां थाना मिल एरिया तहसील सदर ने शिकायती पत्र में बताया कि विपक्षी भोला पुत्र रघुवर दिलीप कुमार पुत्रगण हेमराज अशोक कुमार अर्जुन पुत्र भोला महादेव पुत्र जगन राम पुत्र महादेव श्यामू पुत्र महादेव सर्वेश पुत्र परीदीन जो कि उपरोक्त पते के मूल निवासी हैं प्रार्थिनी ने गाटा संख्या-1487 / 1878 में से 170 वर्ग मीटर का बैनामा लिया है जिसकी दाखिल खारिज भी मेरे पक्ष में हो चुकी है।

### ताला तोड़कर डिलीवरी ऑफिस से लाखों का सामान हुआ चोरी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ- सुल्तानपुर हाइवे पर रनापुर गांव के समीप एक डिलीवरी ऑफिस में रविवार की रात ताला तोड़कर व शटर उखाड़कर चोर लाखो रुपए की नगदी,बैटरी व डीवीआर आदि सामान चोरी कर ले गए। जानकारी के अनुसार रनापुर गॉव के निकट लोडशेयरप्रा0लि0 का हब है जो फ्लिपकार्ट के शिपमेंट की डिलीवरी करवाता है। हब के इंचार्ज सुमित कुमार ने बताया कि सुबह साढ़े सात बजे जब वह टी एल ऑफिस पहुँचा तो ऑफिस का शटर उखड़ा व ताला टूटा हुआ मिला। बताया कि लाकर में रखा तीन लाख साठ हजार रुपए के अलावा लगभग 70 हजार रुपए कीमत के 6 यूपीएस बैटरा चोरी हुए हैं।बताया कि बदमाश डीवीआर भी उखाड़ ले गए। कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## विधायक ने जनचौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुख्यालय गौरीगंज सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने रविवार को गांव मऊ में जनचौपाल का आयोजन किया। जनचौपाल के इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया, जिसमें पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। जनचौपाल के दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता और प्रथम कर्तव्य है। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि नियमित रूप से आयोजित जनचौपाल के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से संवाद किया जा रहा है, ताकि समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा, 'हमारा संकल्प है कि जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए हर नागरिक को न्याय एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर कांग्रेस ने की महत्वपूर्ण बैठक



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से राजीव गांधी सभागार में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। बैठक में 40 सदस्यीय टीम के साथ जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, फ्रंटल संगठनों, विभागों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 13 फरवरी को प्रस्तावित 15 किलोमीटर लंबी पदयात्रा की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। यह पदयात्रा तिलोई विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की जाएगी, जिसमें गांव-गांव जाकर मनरेगा के मुद्दे पर जनजागरूकता फैलाई जाएगी। पदयात्रा के दौरान ग्राम पंचायतों में चौपालें, बाजार-हाट में नुक्कड़ सभाएं तथा जिला एवं तहसील मुख्यालय पर समापन किए जाने का निर्णय लिया गया है। पदयात्रा धार्मिक स्थल अहोरवा भवानी से प्रारंभ होकर शिव रिसॉर्ट पनहौना, जयनगरा, फतेपुर, इस्लामगंज होते हुए मऊ मेडिकल कॉलेज के मार्ग से तिलोई पहुँचेगी। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर इस अभियान को ऐतिहासिक सफलता दिलाएं।

बैठक में मनरेगा प्रभारी रामलखन शुक्ला, प्रवक्ता अनिल सिंह, महिला जिला अध्यक्ष ममता पाण्डेय, युवक कांग्रेस अध्यक्ष शुभम सिंह, एवं प्रभारीगण उपस्थित रहे।

### मधुमक्खियों के हमले से महिला घायल

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद के कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर में मधुमक्खियों द्वारा किए गए अचानक हमले से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उक्त घटना पूरब गांव चौराहे के पास की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने घर से इलाज के लिए पूरब गांव चौराहे की ओर जा रही थी, तभी रास्ते में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। हमले से महिला बुरी तरह घायल हो गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत महिला के परिजनों को सूचना दी और एम्बुलेंस बुलाने का प्रयास किया, लेकिन लोगों का आरोप है कि कई बार फोन करने के बावजूद भी एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। इसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को ई-रिक्शा के जरिए ट्रामा सेंटर जगदीशपुर पहुंचाया गया।

### तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में सोमवार को थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शिवम वर्मा पुत्र सीताराम वर्मा निवासी ग्राम शिवरामपुर मजरे सहजीपुर थाना संग्रामपुर को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद पुलिस द्वारा बालिकाओं, महिलाओं को 1090, 181, 108, 1076, 112, 1098, 102 आदि विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस की एण्टीरोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया तथा संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

### एसपी ने लंबित अभियोगों के संबंध में किया अर्दली रूम

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा सोमवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में आईटीएसएसओ (Investigation Tracking System for Se&ual Offences) पोर्टल पर लंबित अभियोगों के संबंध में संबंधित विवेचकों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी विवेचकों को 60 दिवस के अन्दर विवेचना पूर्ण कर रिपोर्ट मा. न्यायालय में प्रेषित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, लंबित अभियोगों के विवेचकगण मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्याएं



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बजरंग व्यायामशाला में सीएम योगी आज करेंगे रामार्चा यज्ञ



**समृद्धि न्यूज, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 फरवरी को बाराबंकी के दरियाबाद क्षेत्र स्थित दुल्हदेपुर कुटी (बजरंग व्यायाम शाला) में रामार्चा यज्ञ में शामिल होंगे। वे इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुति अर्पित करेंगे।मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। गुरुवार सुबह अयोध्या मंडल के कमिश्नर राजेश कुमार और आईजी सोमेन वर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मंच, पंडाल, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय, पार्किंग और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। यज्ञ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश के कई प्रमुख संत-महंत और धर्माचार्य भी मंच साझा करेंगे। आयोजकों के अनुसार, मंच पर राजनीतिक हस्तियों के साथ-साथ प्रदेश के प्रतिष्ठित संत उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन भी प्रस्तावित है।खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, भाजपा के पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी और जिला अध्यक्ष सहित कई भाजपा कार्यकर्ता भी कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के आयोजक बाबा बलराम दास ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ कई साधु-संत भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल पर तैनात सभी उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और अन्य विभागों के अधिकारियों को ब्रीफ किया। उन्हें अपने-अपने तैनाती स्थलों पर मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा रिहर्सल भी किया गया। कार्यक्रम में काले कपड़े पहनकर जाने पर प्रतिबंध रहेगा, क्योंकि काले झंडे पर प्रतिबंध लागू है। बदोसराय-टिकैतनगर मार्ग को कार्यक्रम स्थल के कारण डायवर्ट किया गया है। यातायात सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों को भी चिन्हित किया जा रहा है।

### भूसा लदी पिकप से टकराई कार, युवक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत एक गांव में शराब ठेके के सामने रविवार की देर रात एक कार भूसा लादकर खड़ी पिकप से टकरा गई। जिससे कार सवार एक 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के शिवरतनगंज मार्ग पर बड़नापुर स्थित देशी शराब ठेके के सामने रविवार रात करीब 10 बजे शिवरतनगंज की ओर से हैदरगढ़ आ रही एक कार ने सड़क किनारे भूसे से लदी खड़ी पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार में चालक के बगल में बैठे सोनू सिंह (40) पुत्र राजू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## महादेवा का फाल्गुनी मेला अपने शबाब पर पहुंचा, लाखों शिवभक्त कर रहे जलाभिषेक



**समृद्धि न्यूज, रामनगर बाराबंकी।** महाभारत कालीन लोधेश्वर महादेवा के पावन शिवधाम में फाल्गुनी महोत्सव धीरे धीरे अपने शबाब पर पहुंच रहा है।लाखो शिवभक्त नर,नारी,बच्चे भोलेनाथ सच्चे का जयकारा लगाते हुए प्रतिदिन पूजन अर्चन एवं जलाभिषेक कर मन वांछित फल की कामना कर रहे है।संपूर्ण मेला क्षेत्र हर हर बम बम बम भोले हर-हर महादेव के जयकारों से निरन्तर गुंजायमान है।रंग-बिरंगी झालरो और आकर्षक सजावट से सजी कांवड़ सभी का मन मोह रही है।सैकड़ो किलोमीटर की दूरी तय कर कंधों पर कांवर लिये भूख प्यास की बिना परवाह के महादेवा की ओर बढ़ रहे हैं। कई जत्थों में डीजे की धुन पर नाचते-गाते पुरुष महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग अपने आराध्य के दर्शन को आतुर लालायित भाव शिवधाम को पहुंच रहे है। मेला क्षेत्र भगवा रंग मे रंगता जा रहा है।

मेला परिसर स्थित बाग मे लगे टेंटों में कांवड़िये भक्ति और उत्साह में झूमते नजर आ रहे है,जगह-जगह चल रहे भंडारो मे शिवभक्त प्रसाद ग्रहण कर रहे है।

सुरक्षा और व्यवस्थाओं के मद्देनजर तहसील एवं पुलिस प्रशासन आलाधिकारियो के निर्देशन में पूरी तरह मुस्तैद है।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने फीता काटकर कोल्ड स्टोरेज का किया उद्घाटन

- क्षेत्र के किसानों के हितों की जाएगी सुरक्षा
- कोल्ड स्टोरेज से किसानों को मिलेगी विशेष राहत

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के किसानों को कोल्ड स्टोरेज में विशेष सुविधा का लाभ दिया जाएगा जिससे किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े किसान हमारे अन्नदाता हैं इनकी रक्षा और सुरक्षा करना हमारा दायित्व है हम किसानों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। यह बात पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रूखाबाद एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी तहसीन सिद्दीकी ने कहीं सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर स्थित कन्नौज कोल्ड स्टोरेज का फीता काटकर नवीन सत्र 2026 का शुभारंभ के बाद मौजूद क्षेत्र के किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय किसानों को कोल्ड स्टोरेज से काफी लाभ दिया जाएगा उनके हितों की रक्षा के लिए काम किया जाएगा इसके साथ ही किसी भी प्रकार की कोई भी कोल्ड स्टोरेज में दिक्कत नहीं होने दी जाएगी किसानों की समस्याओं को तत्काल निस्तारण करने के लिए प्रबंधन को कड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं यदि किसी किसान ने कोल्ड स्टोरेज कर्मचारी की शिकायत की तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी किसानों को कोई भी दिक्कत नहीं होने दी जाएगी समय से उनका काम किया जाएगा उनका प्रयास रहेगा की कोई भी किसान निराश कोल्ड स्टोरेज से वापस नहीं जाए। उन्होंने कहा कि किसान हमारे देश के अन्नदाता हैं देश की तरक्की के लिए किसानों का अहम रोल है इससे पूर्व नगर व क्षेत्र से आए हजारों की संख्या में किसानों ने अपना आलू कोल्ड स्टोरेज में जमा कराया इस मौके पर नगर व क्षेत्र के हजारों की संख्या में किसानों को मिष्ठान वितरण किया गया इस मौके पर पूर्व सभासद अयूब सिद्दीकी आजाद खान राजीव अवस्थी मुजफ्फर खान नसीम खान शान मोहम्मद के अलावा कोड कर्मचारी तथा हजारों की संख्या में क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

## हवन पूजन के साथ कोल्डस्टोरेज के नए सत्र का शुभारंभ

- किसान कोल्डस्टोरेज में जुटी व्यापारियों और किसानों की भीड़

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बाईपास जीटी रोड फर्रुखाबाद चौराहे के पास स्थित किसान कोल्ड स्टोरेज, किसान प्रिजर्वेशन एवं एसडी कोल्ड स्टोरेज के नए सत्र का शुभारंभ हवन पूजन के साथ धूमधाम से किया गया। इस दौरान व्यापारियों और किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी।

इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में प्रबंध निदेशक मुरारी बाबू अग्रवाल ने कहा देश की अर्थव्यवस्था में किसानों का बहुत बड़ा योगदान रहता है। इसलिए देश की उन्नति के लिए किसानों की खुशहाली बहुत आवश्यक है। निदेशक जितेंद्र उर्फ जीतू अग्रवाल ने कहा फसल अच्छी होने पर व्यापारियों की बिक्री भी अच्छी होती है। प्रबंधक एवं पाल महासभा के कानपुर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पाल ने कहा हमारे कोल्ड स्टोरेज लंबे अरसे से इस क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों की सेवा कर रहे हैं। समय के साथ नई टेक्नोलॉजी अपना कर भीषण गर्मी के मौसम में भी आलू को सुरक्षित रखा जाता है। निदेशक यश कुमार अग्रवाल ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इससे पहले आचार्य पंडित सिंधु कुमार दुबे ने विधिविधान के साथ हवन कराया और मंत्रोच्चार के साथ बहीखातों तथा मशीनों का पूजन किया। इस अवसर पर प्रवीण कुमार गुप्ता, विनोद कुमार दुबे, संतराम वर्मा, राकेश, बरजोर, अमित, मोहनलाल शर्मा, आशु, उमाकांत, फूल सिंह, सुधीर व सर्वेश आदि मौजूद रहे।

## श्रीकृष्णा आइस एंड शीतगृह के नए सत्र का शुभारंभ

- व्यापारियों और किसानों की भारी भीड़ जुटी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम खुड़ावा में जीटी रोड हाईवे किनारे स्थित श्रीकृष्णा आइस एंड शीतगृह के नए सत्र का शुभारंभ हवन पूजन के साथ हुआ। इस दौरान व्यापारियों और किसानों की भारी भीड़ जुटी। इस अवसर पर शीतगृह के प्रबंध निदेशक अनुज गुप्ता जॉनी ने कहा प्रदेश व केंद्र की सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। कुछ साल पहले तक पिछड़े और उपेक्षित कहे जाने वाले गांवों की सूरत योगी सरकार ने बदल दी है। उन्होंने कहा यह क्षेत्र आलू की बंपर पैदावार के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। जिले में आलू आधारित उद्योग जल्द लगना चाहिए ताकि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके। किसान आलू के साथ ही मोटे अनाजों का भी उत्पादन करें ताकि उनकी आय और अधिक बढ़ सके।

प्रबंध निदेशक वरुण गुप्ता गोलू ने कहा हमारे शीतगृह में आलू भंडारण की बेहतरीन व्यवस्था की गई है। आधुनिकतम मशीनें लगी हैं जिससे भयंकर गर्मी में भी टेंपरेचर मेंटेन रहता है और आलू खराब नहीं होता है। इससे पूर्व आचार्य पंडित देवेंद्र दुबे ने मंत्रोच्चार के साथ बही खातों और मशीनों का पूजन किया। इस दौरान प्रमोद कुमार गुप्ता, मैनेजर अनुराग दुबे, जनार्दन दुबे, जितेंद्र सिंह यादव, श्रीनिवास दुबे, प्रवेश दुबे, जगत सिंह यादव, अंकित दुबे, प्रिंस दुबे, गोरेलाल मिश्रा, अंकित यादव, शिवम यादव, विनय, रामनंदन, जयप्रकाश शर्मा, अनुराग अग्निहोत्री, किशोर शाक्य, स्वदेश शाक्य, रौनक यादव, संजय यादव, सतीशचंद्र पाल, अरविंद पाल व राम प्रकाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और किसान मौजूद रहे।

## सनातन विरोधियों को सबक सिखाने की आवश्यकता : महंत राजू दास



**छिबरामऊ, कन्नौज।** हनुमानगढ़ी, अयोध्या के विख्यात महंत राजू दास जी गीतापुरम कॉलोनी में पधारे, जहां उन्होंने भक्तों को संबोधित करते हुए हिंदू समाज से जाति-पांति की दीवारें तोड़कर आपसी सद्भाव और भाईचारे से रहने का आह्वान किया। महंत राजू दास ने कहा जाति-पांति की करें विदाई हिंदू-हिंदू भाई-भाई नारे के साथ सभी सनातनी एकजुट रहें। उन्होंने सनातन धर्म विरोधियों का तिरस्कार करने की अपील की और कहा कि ऐसे लोग हिंदू कहलाने के योग्य नहीं हैं। विशेष रूप से स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेताओं को, जो सनातन विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं, समय रहते सबक सिखाने की आवश्यकता बताई। महंत जी अयोध्या से अलीगढ़ जा रहे थे, जहां वे एक बड़े हिंदू सम्मेलन में शामिल होने वाले हैं। इस अवसर पर विख्यात श्री राम कथा वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए कहा महंत राजू दास के संदेश ने स्थानीय हिंदू समाज में एकता और जागरण की भावना को मजबूत किया है। इससे पहले पुष्कर अग्निहोत्री, गौतम दुबे, सनी दुबे, अर्पित मिश्रा, अनुराग अग्निहोत्री, जय गुप्ता, शुभम गुप्ता, वंदना अग्निहोत्री आदि ने माल्यार्पण कर जय श्री राम के उद्घोष के साथ महंत राजू दास का जोरदार स्वागत किया।

## मतदाताओं को हर हाल में मिले समाधानः ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

- जलालाबाद ब्लॉक में एसआईआर-2026 के तहत सुनवाई स्थल का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



एडीओ पंचायत लक्ष्मीराज यादव को निर्देश देते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अर्पित कुमार

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के तहत चल रहे नोटिस सुनवाई चरण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अर्पित कुमार ने विकासखंड जलालाबाद में सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा संचालित सुनवाई स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर जानकारी ली। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मतदाता बिना समाधान के वापस न लौटे। उन्होंने कहा कि दूर- दराज से आने वाले मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। बैठने, पेयजल, छाया, पार्किंग समेत सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुनवाई स्थलों पर हेल्प डेस्क की स्थापना और एईआरओ के संपर्क नंबर प्रदर्शित कराने को कहा। बीएलओ को मतदाताओं को आवश्यक 13 दस्तावेजों की पूर्व जानकारी देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सहायक पंचायत अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता को राहत देते हुए परिवार रजिस्टर की नकल तत्काल जारी की जाए। यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि परिवार रजिस्टर की नकल प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी लोगों को स्पष्ट रूप से दी जाए।

## अवैध तीन मंजिला स्कूल भवन की जांच व ध्वस्तीकरण की मांग

### धरना प्रदर्शन कर भाकियू महात्मा टिकैत ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तहसील पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) संगठन ने विरोध प्रदर्शन करते एसडीएम को दो ज्ञापन सौंपे। पहला ज्ञापन गुरूसहायगंज क्षेत्र के रामगंज स्थित आकाश एजुकेशन सेंटर के अवैध तीन मंजिला भवन में पढ़ने वाले करीब 1100 नाबालिग बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा है।

यूनियन का आरोप है कि भवन बिना स्वीकृत नक्शे, सीएलयू (धारा 143), एनओसी और नेशनल बिल्डिंग कोड प्रमाण-पत्र के बनाया गया। अवैध अंडरग्राउंड तहखाने पर तीन मंजिल खड़ी की गई, जो अग्नि सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और निर्माण नियमों का घोर उल्लंघन है। घटिया सामग्री और अवैज्ञानिक ढांचे से भवन किसी भी समय ढह सकता है, जिससे बच्चों की जान खतरे में है। भाकियू ने तत्काल स्वतंत्र जांच, अवैध निर्माण ध्वस्त करने, स्कूल की मान्यता रद्द करने, संचालन पर रोक तथा दोषी प्रबंधन व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की हैं। संगठन ने सवाल उठाया कि वर्ष 2000 से बिना वैध अनुमति के स्कूल चलने पर विभागों ने अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। वहीं दूसरे ज्ञापन में किसानों-गरीबों की समस्याएं उठाई गईं, जैसे कम वजन की खाद, मनमाने दाम, स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल, फसल नुकसान का समय पर मुआवजा न मिलना, प्रमाण-पत्रों में देरी और कोल्ड स्टोरेज में अधिक किराया। यूनियन ने सभी मामलों में शीघ्र जांच और कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि देरी होने पर उच्च न्यायालय और राज्य मानवाधिकार आयोग का रुख किया जाएगा।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष इरशाद अली, जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद, जिला प्रभारी नीरज दुबे, मंडल उपाध्यक्ष अकबर खान, अमन खान, रजाउल अली, आमिर खान, प्रशांत गौतम, गगन श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्रिकेट मैत्री मैच में विजेता बार एकादश टीम का अभिनंदन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



रविवार को सेंट पॉल स्कूल के मैदान पर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित रोचक मैत्री क्रिकेट मैच में छिबरामऊ बार एकादश ने कोर्ट टाइगर्स एकादश को 1 विकेट से पराजित कर जीत दर्ज की। इस रोमांचक मुकाबले के बाद विजेता टीम का बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जीतू श्रीवास्तव ने अपने चैंबर में स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने टीम को खेल सामग्री प्रदान करने का वादा भी किया।

बार एसोसिएशन के महासचिव ललित प्रताप सिंह को कोच की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जीतू श्रीवास्तव एवं संजीव श्रीवास्तव ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। साथ ही प्रणव सक्सेना और गौरव अमर त्रिपाठी का भी माल्यार्पण से स्वागत किया गया। जीतू श्रीवास्तव ने सभी खिलाड़ियों को पेन भेंट किए। बार एकादश टीम में शुभम दुबे (कप्तान), प्रदीप सिंह (उपकप्तान), देवेंद्र वर्मा, अंकुर सिंह, अभिषेक शाक्य, ओसामा जमा खान, अभिषेक दुबे, तनु हजेला, सौरभ हजेला, अंकित हजेला, सौरभ ठाकुर, सचिन शाक्य, सुमित यादव, कपिल तिवारी और संजीव शाक्य शामिल थे।

इस अवसर पर राजीव हजेला, रोहित सक्सेना, अनुज यादव, राजीव मोहन, अजय पाण्डेय, स्नेहलता गुप्ता, प्रतीक चौहान सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### हवन पूजन के साथ हुआ कोल्ड स्टोरेज का शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ताजपुर रोड स्थित सराय दायमगंज में हवन पूजन के साथ फीता काटकर केआर (कोतवाल सिंह रामदुलारी) कोल्ड स्टोरेज का शुभारंभ किया गया।आचार्य अरुण कुमार मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया और फिर मशीनों का पूजन होने के बाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाबा राम प्रकाश यादव ने फीता काटकर कोल्ड स्टोरेज का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थापक उमाशंकर यादव ने कहा कोल्ड स्टोरेज की भंडारण क्षमता लगभग 1.75 लाख पैकेट है। आधुनिकतम मशीनों द्वारा भीषण गर्मी में भी टेंपरेचर मेंटेन रखा जाएगा। कार्यक्रम में आलू भंडारण करने आए प्रथम पांच किसानों को उपहार भेंट किए गए। इस दौरान निदेशक मीरा देवी व सुधांशु यादव, मैनेजर रामशरण, राम लखन, सत्यपाल सिंह, राम अवतार, मुकेश, हरेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, मंगू लाल, चंद्रपाल व देवेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में किसान और व्यापारी मौजूद रहे।

## समाज में शांति, सद्भाव और मानव कल्याण की कामना

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



- नगर में हुआ सत्य कबीर सत्संग समारोह का आयोजन
- संतों ने सत्संग के माध्यम से दिया आध्यात्मिक संदेश

नगर के ताजपुर रोड स्थित सेवानिवृत्त शिक्षक गंगाराम सविता के आवास पर सत्य कबीर सत्संग समारोह सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दूर से पधारे संतों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

संतों ने अपनी वाणी के माध्यम से मानव जीवन के कल्याण, प्रेम, भाईचारे और सदाचार का संदेश दिया। इस अवसर पर कानपुर बिठूर स्थित कबीर आश्रम से पधारे महंत रामनिवास दास ने कबीर साहब के उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए समाज में सत्य और सेवा के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि कबीर की वाणी आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रही है।सत्संग के अंत में सभी ने समाज में शांति, सद्भाव और मानव कल्याण की कामना की। महंत प्रहलाद दास महाराज की अध्यक्षता तथा गंगाराम सविता के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में ज्ञान दास, दीवान पारस दास, गुंजेपुर औरैया आश्रम के सुमिरन दास, बाबू दास, बद्री दास, देवी दास, श्रीदेवी, पार्वती, जगरानी, नीरज कुमार, रामसेवक, विजय बहादुर, शुगर सिंह, शिव कुमार, गंगादीन, रामप्रसाद, स्वामी तुलानंद राही, जबर सिंह व ज्ञानेंद्र देव सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संकल्पबद्ध भी अधिकारों की रक्षा तक संघर्ष रहेगा जारीः एमके भारती

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षक हितों की रक्षा की निर्णायक लड़ाई में संगठन की पहल रंग ला रही है,उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था में कार्यरत शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा, चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं वैधानिक अधिकारों को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा निरंतर किए जा रहे संघर्ष का ही परिणाम है कि शासन स्तर पर अब इस विषय पर गंभीरता से विचार प्रारंभ हुआ है। यह बात उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री डॉ एमके भारती ने कही उन्होंने आगे बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 06 फरवरी 2026 को निर्गत पत्र इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि संगठन की मांगें न केवल न्यायसंगत हैं, बल्कि संवैधानिक रूप से भी अपरिहार्य हैं। संगठन द्वारा 20 जनवरी 2026 को प्रस्तुत प्रत्यावेदन में स्पष्ट रूप से यह मांग रखी गई थी कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम, 2023 में माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम, 1982 की धारा 18 एवं 21 को सम्मिलित किया जाए। इन धाराओं का संबंध सीधे-सीधे शिक्षक की सेवा-सुरक्षा से है।

इनके अभाव में शिक्षकों को असुरक्षा, मनमानी कार्यवाही और प्रशासनिक दमन का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने समय रहते इस गंभीर खतरे की ओर शासन का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने आगे कहा कि यह संगठन की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि दिनांक 28 जनवरी 2026 को उच्च शिक्षा विभाग के साथ सम्पन्न बैठक में माननीय उपमुख्यमंत्री द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सेवा-सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों को चयन आयोग अधिनियम, 2023 में जोड़े जाने पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाए। यह संगठन की मांगों की वैधता पर शासन की मुहर है। पत्र में यह भी स्पष्ट है कि शासन अब चयन आयोग से विस्तृत, सुविचारित एवं विधिसम्मत आख्या अपेक्षित कर रहा है, ताकि धारा 18 एवं 21 को सम्मिलित करने के संबंध में कोई भी निर्णय ठोस आधार पर लिया जा सके। यह स्थिति संगठन की उस नीति को सही सिद्ध करती है, जिसमें आंदोलन के साथ-साथ संवैधानिक और वैधानिक मार्ग को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने कहा कि यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यदि संगठन समय रहते आवाज न उठाता, तो माध्यमिक शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा गंभीर संकट में पड़ जाती। संगठन ने न केवल समस्या को पहचाना, बल्कि समाधान का स्पष्ट मार्ग भी शासन के समक्ष रखा। यही कारण है कि अब शासन स्तर पर कार्यवाही आगे बढ़ रही है। अतः यह पत्र केवल एक प्रशासनिक संप्रेषण नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की संघर्षशील, सजग और प्रतिबद्ध भूमिका की विजयगाथा है। संगठन आशा करता है कि शासन शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लेकर धारा 18 एवं 21 को चयन आयोग अधिनियम, 2023 में सम्मिलित करेगा, जिससे शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित हो और शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बने। संगठन सतर्क भी है और संकल्पबद्ध भी,अधिकारों की रक्षा तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि सुरेश कुमार त्रिपाठी ध्रुव कुमार त्रिपाठी नरेंद्र कुमार वर्मा के संघर्षों का प्रतिफल संगठन को मिला है।

### बारात में दबंगों ने की मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** औरैया जनपद के एरवा कटरा कुंडली निवासी राजेंद्र उर्फ सौरभ पुत्र तिलक सिंह शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में बारात आई थी। वह भी उसमें शामिल थे। उनका आरोप है कि जयमाल के समय कुछ दबंग किस्म के बरातियों ने उनके साथ लात-घूंसे से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गए।
गांव के कुछ लोगों ने उन्हें होश में लाने का प्रयास किया। इस दौरान किसी ने उनकी जेब में रखे 15,000 रुपये और एक सोने की अंगूठी गायब कर दी।

## भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के प्रदेश उपाध्यक्ष इरशाद अली तथा जिला अध्यक्ष मकबूल अहमद के नेतृत्व में किसानों एवं निर्धन/ गरीब जनता से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी छिबरामऊ को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष इरशाद अली ने बताया कि प्रशासन का ध्यान क्षेत्र में व्याप्त गंभीर समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया गया। प्रमुख रूप से खाद की तौल और मूल्य से संबंधित समस्याओं रखी गई। किसानों का आरोप है कि खाद विक्रेताओं द्वारा निर्धारित वजन से कम खाद दी जा रही है तथा लगातार दाम बढ़ाए जा रहे हैं, जिससे किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है। यूनियन ने खाद की दुकानों पर नियमित जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों में अत्यधिक वृद्धि का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों और गरीब उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटरों की निष्पक्ष जांच कराकर समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की।

प्रदेश उपाध्यक्ष तथा जिला अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से आगे कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से नष्ट हुई फसलों के मुआवजे का भुगतान न होने पर भी चिंता जताई गई और शीघ्र सर्वे कर मुआवजा वितरण कराने की मांग रखी गई। गरीब व किसान परिवारों के निवास एवं जन्म प्रमाण पत्र समय से न बन पाने के कारण सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहने की बात कही गई। साथ ही लेखपाल व नगर पालिका द्वारा समय पर रिपोर्ट न लगाए जाने की समस्या तथा कोल्ड स्टोरेज में किसानों से अधिक किराया वसूलने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

भारतीय किसान यूनियन ने प्रशासन से सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कर किसानों और गरीब जनता को राहत दिलाने की मांग की। इस मौके पर अकबर खान राजू बाथम अमन खान राजीव पंडित समीर खान अनुज कुमार अरबाज खान सलमान खान सहित किसान एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### कन्नौज की गलियों से निकली 'थर्सडे स्पेशल' ने देशभर में बिखेरी भावनाओं की खुशबू

**कन्नौज।** इत्र नगरी की गलियों, सादगी और रिश्तों की महक को समेटे हिंदी शॉर्ट फिल्म 'थर्सडे स्पेशल' इन दिनों देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। कन्नौज में फिल्माई गई इस भावनात्मक कहानी ने यूट्यूब पर रिलीज होते ही दर्शकों का दिल जीत लिया और कुछ ही दिनों में एक लाख से अधिक व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया। फिल्म के लेखक-निर्देशक कन्नौज निवासी एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता वरुण टंडन हैं। 'थर्सडे स्पेशल' वृद्ध दंपति राम और शकुंतला की संवेदनशील कहानी है, जिसमें हर गुरुवार साथ बिताए जाने वाले खास समय और खाने के प्रति उनके प्रेम के जरिए रिश्तों की गहराई को बेहद सादगी से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में हंसी, अपनापन और भावनात्मक जुड़ाव के ऐसे पल हैं, जो हर उम्र के दर्शकों को अपनी जिंदगी से जोड़ते हैं।

## गंभीर अपराधों में सख्त पैरवी करें, लंबित मुकदमों को दें प्राथमिकता : देवेन्द्र सिंह

- कलेक्ट्रेट में अभियोजन व कानून-व्यवस्था समीक्षा बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित अभियोजन एवं कानून-व्यवस्था समीक्षा बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंभीर अपराधों में दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने महिला एवं बाल उत्पीड़न से जुड़े मामलों तथा समाज पर सीधा असर डालने वाले प्रकरणों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए। एडीएम ने अभियोजन कार्यप्रणाली को पारदर्शी और परिणाममुखी बनाने, अधिक ई-सम्मन जारी करने तथा पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित मुकदमों की प्राथमिकता से सुनवाई कराने के निर्देश दिए। एससी/एसटी के समझौता प्रकरणों का विवरण तैयार कर धनराशि रिकवरी तथा सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर समय से फीडिंग सुनिश्चित करने को भी कहा। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, डिप्टी कलेक्टर नवनीता राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कोचिंग से लौट रहे छात्र को डंपर ने रौंदा, मौत

▸ परिजनों ने डंपर चालक पर कार्यवाही किये जाने को लेकर काटा हंगामा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कोचिंग से घर जा रहे बाइक सवार छात्र को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया। जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सूचना मिलते ही परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गये और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के मुताबिक, टिकुरियन नगला निवासी सत्यम पुत्र प्रेम सिंह कक्षा 10 का छात्र था। वह सोमवार को आवास विकास स्थित एक कोचिंग क्लासेस में अपनी बाइक से पढ़ने गया था। दोपहर 2 बजे सत्यम बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। जैसे ही छात्र अर्जुन नगला के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने छात्र को टक्कर मार दी। जिससे सत्यम बाइक से नीचे गिर गया। दौरान डंपर का पहिया उसके शरीर के ऊपर से निकल गया। जिससे उसका शव क्षत-विक्षत हो गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और छात्र के पास से मिले कागजातों से परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे आनन-फानन में एक निजी वाहन से लोहिया लेकर पहुंचे। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने प्राथमिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



लोहिया अस्पताल में रोते बिलखते मृतक के परिजन



मौजूद पुलिस बल



मृतक का फाइल फोटो

सत्यम की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों ने शुरुआत में शव को मोर्चरी ले जाने से रोक दिया और अस्पताल में हंगामा किया। उनकी मांग थी कि जब तक आरोपी डंपर चालक की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा। सूचना मिलते ही थाना कादरीगेट पुलिस भारी बल के साथ पहुँचे और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों ने बताया कि सत्यम अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और इस वर्ष हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा देने वाला था। उसकी मौत से मां विनीता देवी और छोटे भाई सुरजीत व सूर्यांश आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस संबंध में थाना कादरीगेट प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया कि आईटीआई चौकी प्रभारी विशेष कुमार को पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर भेजा गया है।

उन्होंने कहा पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि फरार डंपर और उसके चालक की पहचान की जा सके। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम-एसपी ने केंद्रीय व जिला कारागार का किया निरीक्षण




निरीक्षण करते डीएम एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी ने केंद्रीय कारागार व जिला जेल का पुलिस अधीक्षक के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई के अलावा जेल के अंदर बनी बैरकों को भी देखा। सोमवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने केन्द्रीय कारागार व जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध बन्दियों के भोजन, स्वास्थ्य व्यवस्था, साफ-सफाई बैरकों, रसोईघर, सुरक्षा उपकरणों आदि को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# त्यागीजी महाराज की पुण्यतिथि पर हुआ विशाल भण्डारा



प्रसाद परोसते समाजसेवी लक्ष्मीनारायण व पुखराज डागा

▸ समाजसेवी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल व पुखराज डागा ने प्रसाद किया वितरण

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज़।**

धार्मिक नगरी कपिल स्थित रामेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में सोमवार को ब्रह्मलीन स्वामी त्यागी जी महाराज की 26वीं पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें साधु-संत व श्रद्धालुओं का समागम देखने को मिला। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अनुज शत्रुघ्न द्वारा स्थापित शिवलिंग के कारण भक्तजनों में विशेष मान्यता रखने वाले रामेश्वर नाथ मंदिर में टापर वाले स्वामी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर महंत आनंद गिरि महाराज की देखरेख में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारा दोपहर करीब 12 बजे से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा। जिसमें जनपद समेत दूरदराज से आए साधु-संतों व श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भजन कीर्तन होता रहा। इससे वातावरण भक्तिमय हो गया। देर रात तक चले भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सेवाभाव लिए आसपास के ग्रामीण और टॉपर वाले स्वामी जी के शिष्य बड़ी संख्या में पहुंचे थे। इस दौरान समाजसेवी लक्ष्मीनारायन अग्रवाल, पुखराज डागा, ऋषभ गुप्ता, सुरेन्द्र सैनी, अवधेश बाथम, गोपाल तिवारी सहित अन्य भक्तगण मौजूद रहे। भण्डारे में आये भक्तों को समाजसेवी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल व पुखराज डागा ने प्रसाद बांटा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगायी फांसी, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के मुताबिक, थाना जहानगंज के अंतर्गत ग्राम गढ़ाखेरे निवासी 25 वर्षीय सुधांशु ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक का विवाह जून 2025 में सुखिखुड़ना उमर्दा जिला कन्नौज निवासी आराधना से हुआ था। परिजनों ने बताया कि हम लोग शादी में गये थे, घर पर सुधांशु व उसकी पत्नी घर पर अकेले थे। सूत्रों के मुताबिक, सुधांशु की पत्नी का प्रेम प्रसंग उसके जीजा निवासी मेंहदिया से चल रहा था। इसको लेकर दोनों में विवाद होता रहता था। बीती रात लगभग 7 बजे आराधना अपने जीजा के घर मेंहदिया चली गई। उसके पीछे से सुधांशु भी मेंहदिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक व उसके साढ़ू के बीच मारपीट भी हुई थी। जिसके बाद सुधांशु रात्रि में चला आया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। जब हम लोग सुबह पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना जहानगंज एसएचओ राजेश राय पुलिस बल के साथ पहुंच गये और जांच पड़ताल की घटना के संदर्भ में जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस घटना से मृतक की मां व भाई विमल, शिवपाल व बहन विनीता आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के संदर्भ में परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई थी।



रोते बिलखते मृतक के परिजन



जांच पड़ताल करती पुलिस

# कताई मिल परिसर में ध्वस्तीकरण कार्य के नाम पर हो रहा अवैध खनन

▸ उपजिलाधिकारी बोले, जांच करायेंगे, दोषी पर होगी कार्यवाही

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज़।**

कताई मिल परिसर में चल रहा ध्वस्तीकरण कार्य अब अवैध खनन का रूप लेता दिखाई दे रहा है। आरोप है कि कताई मिल के ठेकेदारों और खनन माफियाओं की मिलीभगत से जेसीबी मशीनों द्वारा बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई की जा रही है, जिसे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर खुलेआम परिसर से बाहर भेजा जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह गतिविधि सुबह से लेकर देर रात तक लगातार जारी रहती है। बताया जा रहा है कि खनन माफिया बेखौफहोकर इस कार्य में लगे हुए हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई का भय नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल परिसर की इमारत को लगभग 7 करोड़ रुपये में मुंबई की एक निजी कंपनी को बेचे जाने के बाद ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू हुआ। आरोप है कि इसी ध्वस्तीकरण की आड़ में सरकारी नियमों को दरकिनार कर अवैध खनन कराया जा रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि मिल परिसर में किसी को प्रवेश न करने देने के लिए ठेकेदार द्वारा निजी सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी व्यक्ति परिसर में जाकर फोटो या वीडियो न बना सके। इससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। लगातार हो रहे अवैध खनन को लेकर प्रशासन की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है।

स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि मामले की उन्हें अभी जानकारी नहीं है। जानकारी प्राप्त कर जांच कराई जाएगी। यदि अवैध खनन पाया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।





मिट्टी लेकर जाता ट्रैक्टर

# झाड़-फूंक करने वाले पर धर्म परिवर्तन का आरोप, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।**

इलाज के नाम पर झाड़ फूंक करने वाले युवक पर धर्म परिवर्तन का आरोप लगाते हुए, पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना कमालगंज के ग्राम बलीपुर निवासी राजकुमार पुत्र कालीचरन ने अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा कि उसका पुत्र शिवम काफी समय से बीमार चल रहा था। सुधार न होने पर नगला दाऊद में इदरीश मुल्लाजी झाड़ फूंक करने वाले के पास लेकर पहुंचे। जहां लगभग छह माह तक इदरीश मुल्ला के यहां इलाज चलता रहा। कुछ दिन बाद इदरीश ने कागजों पर कुछ लिखा और दे दिया और कहा कि इसे गले में ताबीज बनाकर पहना देना तथा पानी



डालकर पिलाना। इदरीश प्रत्येक सप्ताह अपने बुलाता रहा। पुत्र को कोई फायदा नहीं हुआ तो इदरीश मुल्ला से कहा कि तुम्हारे झाड़ फूंक व ताबीज से मेरा पुत्र ठीक नहीं हो रहा है। जिस पर इदरीश मुल्ला ने कहा कि तुम दोनों मुसलमान बन जाओ और तुम्हारा लड़का भी ठीक हो जायेगा और तुम्हारी सारी परेशानियां दूर हो जायेंगी। जिसके बाद इदरीश मुल्ला की बातों पर विश्वास करके अपने व पुत्र की जीवन रक्षा हेतु मुझे व पुत्र शिवम को इदरीश मुल्ला ने मुसलमान बना दिया। जिससे कुछ दिन बाद मेरा पुत्र पागल हो गया। जब मैंने कहा कि 45 हजार रुपये में ठग लिये और मेरा धर्म परिवर्तन भी करा दिया। तथा मेरा पुत्र भी पागल हो गया। आरोपी ने लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। थाने में शिकायत की तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। 23 अक्टूबर को पुत्र ने आत्महत्या कर ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।



एलाउंसमेंट करते थाना प्रभारी निरीक्षक

## थानाध्यक्ष ने अतिक्रमण करने वालों को एनाउंसमेंट कर दी चेतावनी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में बढ़ते अतिक्रमण को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक ने एनाउंसमेंट कर व्यापारियों को जागरूक किया और चेतावनी दी कि अगर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो कार्यवाही की जायेगी। कस्बा नवाबगंज के मार्केट में अतिक्रमण के चलते पैदल निकलना भी दूबर हो जाता है। जिसको लेकर आये दिन जाम लगा रहता है। सोमवार को थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ कस्बा मार्केट पहुंचे और एनाउंसमेंट कर व्यापारियों को चेतावनी दी कि अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी व्यापारी अपने स्तर से अतिक्रमण को हटा ले, जिससे राहगीरों को निकालने के में दिक्कत ना हो सके, यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो अबकी बार अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही की जायेगी, दुकानदारों के चालान भी होंगे। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने एनाउंसमेंट के जरिए कस्बे के व्यापारियों को चेतावनी दी है।

# खंड शिक्षा कार्यालय में "हमारे बच्चे हमारा आंगन" के तहत हुआ कार्यक्रम

▸ छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड कार्यालय परिसर में बने खंड शिक्षा कार्यालय पर हमारे बच्चे हमारा आंगन के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

विकासखंड कार्यालय परिसर में बने खंड शिक्षा कार्यालय के प्रांगण में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के नेतृत्व में हमारे बच्चे हमारा आंगन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मनमोहन झांकियों के माध्यम से शिक्षा में निपुण होने के लिए कई अहम जानकारियां दीं। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया कि सभी विद्यालयों के बच्चे जब निपुण हो जाएंगे, तभी शिक्षा की अलख जगाई जा सकेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने बच्चों को होनहार बनाने के लिए तन मन धन से पढ़ाई करने के लिए उत्साहित किया। वहीं निपुण विद्यालय के बच्चों के कार्यक्रम को देखकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने उन्हें प्रोत्साहित किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, पूर्व आरपी पंकज यादव, सुरेश चंद्र, सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

## बस स्टैंड बना अवैध पार्किंग का अड्डा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के पुल गालिव पुलिया फर्रुखाबाद-दिल्ली मार्ग पर परिवहन विभाग का बस स्टैंड अवैध पार्किंग का अड्डा बना गया। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। लोगों को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परिवहन की बसें अड्डे में नहीं जाती हैं और सीधी सवारियां लेकर निकल जाती हैं। कुछ बसें अड्डे के अंदर जाती हैं। इसके साथ ही बस स्टैंड पर तमाम चौपहिया वाहन व बाइकें पूरे दिन खड़ी रहती हैंद्ध स्थानीय निवासी रवि, पंकज, उत्कर्ष ने बताया कि बस अड्डे पर अधिकांश बसें नहीं रुकती हैं और सीधी निकल जाती हैं। जिससे लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी होती है। वहीं बस अड्डे पर सुबह एवं रात्रि में कई चौपहियां वाहन एवं दोपहिया वाहन खड़े रहते हैं। जिन पर विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। कोई कर्मी तैनात न होने से शाम को कई शराबी यहां अपनी महफिलें में भी सजाते हैं। इस संबंध में परिवहन विभाग के राजेश कुमार ने बताया कि एक कर्मचारी पूर्व में तैनात था, जो रिटायर हो गया है। जल्द ही नए कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ ही बस स्टैंड के अंदर अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों के खिलाफअभियान चलाया जाएगा और उन पर कार्रवाई की जाएगी।



बस स्टैण्ड पर खड़े वाहन

# एपी पब्लिक स्कूल में फेयरवेल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

▸ मिस्टर फेयरवेल वशिष्ठ अग्रवाल व मिस फेयरवेल रही माही अग्रवाल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

एपी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

विद्यालय के जूनियर छात्रों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूरा परिसर उत्साह, उमंग और भावुकता के रंगों में सराबोर नजर आया। शुरुआत प्रबंधन समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत समूह नृत्य और विभिन्न मनोरंजक खेलों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमकुम रस्तोगी, अंशुल रस्तोगी, सोनम रस्तोगी एवं श्वेता रस्तोगी सम्मिलित हुईं। प्रबंधक अशोक रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, आयुष रस्तोगी, आकाश रस्तोगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य भास्कर शर्मा, उप प्रधानाचार्य दीपक शुक्ला, कोऑर्डिनेटर दीक्षा चौहान, अवनीश चतुर्वेदी, डॉ0 अलका सिंह को सम्मानित किया। मुख्य आकर्षण मिस्टर और मिस फेयरवेल की घोषणा रही। प्रतिभा और व्यक्तित्व के आधार पर मिस्टर फेयरवेल वशिष्ठ अग्रवाल व मिस फेयरवेल माही अग्रवाल रहीं। संचालन अपूर्वा, खुशी कौशल, अंशुमान, अभिजीत की टीम ने किया। कार्यक्रम में अंजना राठौर, संदीप कश्यप, शिवम शर्मा, साहुल कुमार, सतीश पांडे, अरुण द्विवेदी, विकास भारती, श्याम सुंदर शर्मा आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी

# एसपी ने किया कोतवाली फतेहगढ़ का निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली फतेहगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों को भी चेक किया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कोतवाली फतेहगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, बंदीगृह, मैस, मालखाना, शस्त्रों के रख-रखाव एवं संचालन, सीसीटीवी कैमरों तथा थाना अभिलेखों का परीक्षण किया। इसके साथ ही अपराध एवं लंबित विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। वहीं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस बल के साथ कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्रान्तर्गत कानून-व्यवस्था की स्थिति और नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। गश्त के दौरान क्षेत्र के पुलिस कर्मियों को जिम्मेदारी पूर्वक ड्यूटी निभाने, किसी भी असामाजिक तत्व या अवांछित गतिविधियों पर सतर्क रहने तथा आवश्यक परिस्थितियों में तत्काल कार्रवाई करने के लिए निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



कोतवाली का निरीक्षण करती एसपी

# अर्थपूर्ण सस्टेनेबिलिटी शिक्षण को विकसित करने का कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अर्थियन, विद्यालयों एवं कालेजों के लिए विप्रो का एक सस्टेनेबिलिटी शिक्षण कार्यक्रम है। जिसे सेंटर फार एनवायरनमेंट एजुकेशन सीईई, इसका लक्ष्य विद्यालयों में अधिक अर्थपूर्ण सस्टेनेबिलिटी शिक्षण को विकसित करना है। इसी मुख्य उद्देश्य को लेकर मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में सोमवार को जीवन और शिक्षा के द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने संबंधित कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इससे पिछले कई वर्षों से जैविविधता, जल व कचरा प्रबंधन पर छात्राओं द्वारा शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में रिपोर्ट तैयार की जाती है। इस वर्ष अर्थियन पर्यावरण मित्र कार्यक्रम 2025 में विद्यालय मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज से तीनों थीमों पर प्रोजेक्ट तैयार कराया गया है। शिक्षिका पूनम शुक्ला व दर्शना शुक्ला एवं पारुल जैन के मार्गदर्शन में तीनों विषयों पर प्रोजेक्ट का चयन राज स्तर पर हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, प्रबंधक सुनील अग्रवाल ने शिक्षिकाओं व तीनों टीम की छात्राओं मोनिका राठौर, वैष्णवी दुबे, आयुषी, सुभ्रा, पीहू सक्सेना, ताहिरा, आदिति प्रजापति, सृष्टि राजपूत, दीक्षा, कनिका शर्मा, अंशिका शुक्ला, हर्षिता देवी, अनुष्का, माधवी, खुशी को बधाई देकर पुरुस्कृत किया। शिक्षिकाओं व छात्राओं के विजेता होने पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने उत्साहवर्धन किया। स्काउट गाइड की शिक्षिका सुनीता पाण्डेय ने बताया कि राज्यपाल पुरुस्कार हेतु छात्रा दीक्षा, माही, सृष्टि, मांडवी तिवारी ने परीक्षा उत्तीर्ण की। सभी के उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

# एसआईआर में फर्जीवाड़े की शिकायत को लेकर सपा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निर्वाचन आयोग द्वारा चल रही मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान में पिछले दिनों विधानसभा भोजपुर के भड़ौसा में सपा नेताओं ने भारी संख्या में फर्जी तरीके से भरे गए फॉर्म 7 को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी से सपा नेताओं ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में पार्टी ने मांग की कि फर्जी तरीके से हस्ताक्षर करके जीवित मतदाताओं के वोट काटने के लिए फॉर्म-7 भरकर बीएलओ को दिए जा रहे हैं। लोकतंत्र में यह कार्य बहुत ही निंदनीय है। भारत के मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना लोकतंत्र पर सीधा-सीधा प्रहार है। सपा ने मांग की है इस पूरी प्रक्रिया में जो भी सरकारी अथवा गैर सरकारी लोग शामिल हैं, उनके खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाए। कोई मतदाता मताधिकार से वंचित न रह जाए। डीएम ने पार्टी नेताओं को आश्वासन दिया है इस प्रकरण की गंभीरता से जांच करवाकर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, प्रताप सिंह यादव, उर्मिला राजपूत, सर्वेश अंबेडकर, इलियास मंसूरी, नरेंद्र सिंह शाक्य, सुभाष चंद्र शाक्य, अजीत यादव, जेपी वर्मा, शिवम यादव, अनुराग यादव, नीलम सिंह चौहान, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।


डीएम को ज्ञापन सौंपते सपा नेता



रैली में भाग लेते छात्र

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का तृतीय दिवसीय शिविर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुबेरपुर में लगाया गया। स्वयंसेवको ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की। गांव में स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह हमें करना चाहिए। हमारा समाज तभी मजबूत बनेगा जब समाज जागरूक और सशक्त होगा। इस अवसर पर शिक्षक एवं स्वयं सेवक मौजूद रहे।

# विभिन्न विद्यालयों में चलाया गया पॉलीटेक्निक चलो अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित पॉलीटेक्निक चलो अभियान जनपद में बड़े स्तर पर पर प्रचारित किया जा रहा है। पॉलीटेक्निक में प्रवेश लेने के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए आवेदन पत्र 15 जनवरी से लेकर 30 अप्रैल तक भरे जाएंगे।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन माध्यम से भरे जाएंगे। सामान्य तथा पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क 300 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क 200 जमा करना होगा। जनपद के दो राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों में अभ्यर्थी सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल डिजाइन प्रिंटिंग, पीजीडीसी, इत्यादि पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेंगे। राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज के शिक्षकों ने जनपद के विभिन्न इण्टर कॉलेजों एवं महाविद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं को पॉलीटेक्निक में प्रवेश लेने के लिए जागरूकता अभियान के माध्यम से जागरूक किया। विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलेज में स्थापित जीकप हेल्प डेस्क के माध्यम से सभी छात्र छात्राएं आसानी से प्रवेश फॉर्म भर सकते है।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

## फर्रुखाबाद-दिल्ली के लिए शुरु होगी कोरियर डाक सेवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

10 फरवरी मंगलवार को दोपहर 2 बजे मोहल्ला नखास स्थित मुज्जफर हुसैन रहमानी के कारखाने पर डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गण फर्रुखाबाद से दिल्ली और दिल्ली से फर्रुखाबाद प्रति दिन एक कोरियर सर्विस के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता करेंगे।

जिसमें डाक अधीक्षक व संबंधित अधिकारी, उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, जरदोजी व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष जनाब हाजी मुजफ्फर हुसैन रहमानी, महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, नगर अध्यक्ष हाजी मो0 इखलाक खान, नगर महामंत्री राकेश सक्सेना, ठा0 सर्वेन्द्र सिंह मौजूद रहेगें।

## मोहम्मदाबाद में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



हस्ताक्षर करते लोग

**जनपद का नाम बदलने के लिए मिल रहा व्यापक समर्थन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद का नाम बदलकर पांचाल नगर करने का हिन्दू समाज पार्टी का हस्ताक्षर अभियान लगातार जारी है। सोमवार को विकास खण्ड मोहम्मदाबाद में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें आम जनमानस ने हस्ताक्षर कियेए। प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान को जनपद का व्यापक समर्थन मिल रहा है, इससे ये संभावना प्रबल होती जा रही है की जनपद का नाम अवश्य बदलेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता, स्वदेश दुबे, हरनाथ सिंह, आदेश राठौर, मोहित दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

## तटबंध बनाओ संघर्ष समिति 11 फरवरी को निकालेगी पदयात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति के द्वारा 11 फरवरी बुधवार को कढ़हर से तटबंध बनाने के समर्थन में एक विशाल जन चेतना पदयात्रा अमृतपुर तक के लिए निकल जाएगी। यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए तटबंध बना जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि यह यात्रा करहर से प्रारंभ होकर सरी सवासी, खुटिया, बारा खेड़ा अंतर, अर्जुनपुर, ज्ञानपुर, सलेमपुर होती हुई भरखा में रात्रि विश्राम करेगी। फिर 12 फरवरी को सुबह भरखा से प्रारंभ होकर तारापुर, चाचूपुर, जमापुर, गोटिया, इमादपुर, रामपुर, जोगराजपुर होते हुए अलीगढ़ तिराहे पर पहुंचेगी और वहां से अमृतपुर के लिए प्रस्थान करेगी। अमृतपुर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी अमृतपुर को सौंपा जायेगा। भईयन मिश्रा ने बताया कि लोगों का रुझान मिल रहा है और बड़ी संख्या में पदयात्रा में शामिल होंगे। कोमल पाण्डेय ने बताया कि लगातार क्षेत्र में सम्पर्क किया गया है। लोगों ने पदयात्रा में शामिल होने की तैयारी की है। अधिवक्ता राजीव प्रताप सिंह भी लगातार क्षेत्र में रहकर गांव-गांव जाकर लोगों को यात्रा के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नितेश मिश्रा, अनूप, अनमोल अग्निहोत्री, विपिन तिवारी, अनूप मिश्रा, संजीव अग्निहोत्री, सोनू सिंह, पंकज राठौर, राजीव वर्मा, धर्मवीर राजपूत, शान खान, आदिल खान, अतीक खान, नरसिंह राजपूत, धीरज पाण्डेय, श्याम सुंदर लल्ला, राजेश मिश्रा, अंकित तिवारी, सावन मिश्रा आदि लोग सम्पर्क कर रहे है।

## रोजगार मेला/ अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में 10 फरवरी मंगलवार को प्रातः 10 बजे से रोजगार मेला/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमे 05 कम्पनियां मारुति सुजुकी इण्डिया लि0 गुजरात-100, एटीएल बैटरी टेक्नोलाजी इण्डिया प्रा.लि. हरियाणा-50, एस.के.एच. मेटल लि0 गुरूग्राम-50, कृष्णा मारुति लि0 गुरूग्राम-50, टाटा मोटस लखनऊ/ रुद्रपुर उत्तराखण्ड-50 (केवल दिव्यांगजन के लिए), सेनदन विकास पलवल हरियाणा-50, (केवल दिव्यांगजन के लिए) और एन.टी.एफ. इण्डिया प्रा.लि. मानेसर हरियाणा-50 प्रतिभाग कर रही हैं रिक्तियों की संख्या 300 है। अभ्यार्थी अपना बायोडाटा लेकर प्रतिभाग कर मेले का लाभ ले। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य ने दी है।

## कोटेदार के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोटेदार द्वारा बाइक न देने व अश्लील हरकते करने के मामले में पीड़ित ने न्यायालय में याचिका दायर की है।

बीनादेवी पत्नी अमर सिंह निवासी ग्राम बुड़नपुर थाना मऊदरवाजा ने कोटेदार के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की है। दायर याचिका में दर्शाया कि 7 दिसम्बर 2025 को अपने पति व पुत्र के साथ मोटर साइकिल यू0पी0 76ए0डी 8938 से बाजार से गांव वापस जा रही थी। समय करीब लगभग 8 बजे शाम जैसे ही घर पहुँची, उसी समय श्याम सिंह कोटेदार पुत्र अतरसिंह निवासी ग्राम बेनी नगला थाना मंऊदरवाजा घर आया और मोटरसाइकिल की चाबी मांगकर दवा लेने का बहाना बनाकर चोरी कर अपने घर पर ले गया और गाड़ी वापस नहीं दी। बाइक वापस मांगने पर गाली-गलौज करने लगा और अश्लील हरकते करने लगा। थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।

## भाकियू टिकैत गुट 12 फरवरी को मुख्यालय पर देगा धरना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक बढ़पुर के अंतर्गत लिंक एक्सप्रेसवे से प्रभावित हो रहे ग्रामों में सोमवार को बैठक सम्पन्न हुई। ग्राम निबलपुर, आमिलपुर, रामपुर डफरपुर, भोपत नगला और नेकपुरखुर्द में बैठक कर किसानों को जानकारी दी कि अब जिला मुख्यालय पर 72 घंटे का धरना प्रदर्शन 14 के बजाये 12 फरवरी को होगा। जिसका बदलाव राष्ट्रीय आवाह्न पर अमेरिका भारत कृषि समझौते के विरोध में मुख्यालय पर होगा।

जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि राष्ट्रीय आवाह्न पर धरना प्रदर्शन अमेरिका भारत कृषि समझौते के विरोध में किसान जिला मुख्यालय पर 12 फरवरी को करेगा। जिसके बाद सभी किसान अपने खेत पर जाकर मेरा खेत मेरा अधिकार के तहत अमेरिका भारत कृषि समझौता एक सफेद कागज पर लिखकर जलाएगा। उन्होंने कहा कि अबकी बार जिला मुख्यालय पर घेराव के लिये किसान आयेगा तो लेकिन समस्या का हल कराए बिना किसान नहीं जाएगा। किसान 72 घंटे का इलाज करके ही जाएगा।

इस अवसर पर अभय यादव, अनुज राजपूत, पुजारी कटियार, रविंद्र शाक्य, देवराज यादव, ईशवर दयाल राजपूत, हिमांशु राजपूत आदि किसान उपस्थित रहे।


बैठक करते भाकियू नेता


चालक/परिचालकों को शपथ दिलाते एआरटीओ

## रोडवेज बसों की फिटनेस की गई जांच

**चालकों/परिचालकों को जागरूक कर दिलाई गई सड़क सुरक्षा शपथ**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में सोमवार को एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव के द्वारा एआरएम रोडवेज राजेश कुमार के साथ रोडवेज बस अड्डा लालगेट पर बसों की फिटनेस की जाँच की। एआरटीओ- प्रशासन कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाएं केवल लापरवाही की वजह से बढ़ती जा रही है, जिस पर नियंत्रण करने की अत्यन्त आवश्यकता है। उन्होंने चालकों/परिचालकों से अपील की कि अपनी बस को फिट रखे, इन्डीकेटर व आगे व पीछे की लाइट सही रखें। सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः पालन करें। किसी भी स्थिति में नशे की हालत में बस न चलाएं, बस चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, अपनी गति को नियंत्रण में रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें। नियमित रूप से अपनी आँखों के साथ ही स्वास्थ्य का परीक्षण भी कराते रहें। एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव तथा एआरएम रोडवेज राजेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर 37 चालक/परिचालक उपस्थित रहे।

# यूजीसी के समर्थन में उतरे अधिवक्ता

**पैदल मार्च निकाल राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ताओं ने सोमवार को बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने यूजीसी लागू करने की मांग को लेकर पैदल मार्च निकाला। अधिवक्ता कचहरी से कलेक्ट्रेट तक पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने भारत के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामाजिक रूप से वंचित नागरिकों से संबंधित बिंदुओं पर राष्ट्रपति का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मांग की कि यूजीसी के वर्तमान विनियमों को सर्वोच्च न्यायालय की व्याख्याओं के अनुरूप संसद में विधिवत पारित किया जाए और इस पर लगे स्टे को हटाने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। अधिवक्ताओं ने यह भी मांग की कि प्रस्तावित समता समिति में एक अनुसूचित जनजाति एसटी, दो अनुसूचित जाति एससी, और चार अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के सदस्य नियुक्त किए जाएं। इसी तरह का सामाजिक प्रतिनिधित्व निगरानी समिति में भी अनिवार्य किया जाए। इसके अतिरिक्त, ज्ञापन में चार अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी मांगें रखी गईं। अधिवक्ताओं ने कहा कि आज भी मनुस्मृति की विचारधारा पर कार्य हो रहा है। इस मार्च में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।



पैदल मार्च करते अधिवक्ता

# भौतिकी विज्ञान में नियम सूत्र सिद्धांत समझकर छात्र पढ़ाई करें


दिनेश कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य


अभिलाष कुमार संखवार, प्रवक्ता


आराफ अहमद, छात्र


शानू दीक्षित, छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए छात्रों के लिए उपयोगी टिप्स एवं मार्गदर्शन पर ध्यान रखते हुए भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने बताया कि इंटरमीडिएट भौतिक में बोर्ड परीक्षा 2026 में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए छात्रों को अंडरस्टैंडिंग से पढ़ाई करनी चाहिए, भौतिक में रटने की बजाय समझ और अभ्यास दोनों ही जरूरी है। भौतिकी में नियम सूत्र सिद्धांत समझकर छात्र पढ़ाई करें तथा संख्यात्मक प्रश्न प्राथमिकता से हल करें, भौतिकी में डायग्राम, ग्राफ से संबंधित प्रश्नों के द्वितीय वरीयता क्रम में हल करें।

भारतीय पाठशाला इं0का0 के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता अभिलाष कुमार संखवार ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में छात्रों को अच्छे अंक लाने के लिए सतत अभ्यास करना आवश्यक है। छात्रों को सभी विषयों के लिए समय विभाजन करके पढ़ना चाहिए, कठिन विषयों को अधिक समय दे। इस समय छात्र सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखें। भौतिक विज्ञान में पिछले 5 वर्षो के प्रश्नपत्रों को समय सीमा में हल करके अभ्यास करें, प्रश्न में जो पूछा गया है उसी का जवाब दें।सभी टॉपिक की अवधारणा को समझें, तभी आप आंकिक प्रश्न आसानी से हल कर पाएंगे।

कक्षा 12 के छात्र आराफ अहमद ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए प्रतिदिन अभ्यास करते है। गुरुजनों द्वारा बताये गये भौतिक विज्ञान में प्रश्न पत्र से पेपर का पैटर्न समझकर पेपर हल करेंगे। समय प्रबंधन का विशेष ध्यान रखेंगे। एनसीईआरटी की बुक्स में जो भी प्रश्न उत्तर है, उनका लिख-लिखकर अभ्यास करता हूं। उत्तर पुस्तिका पर क्रमबद्ध तरीके से सभी प्रश्नों के उत्तर हल करेंगे। जिससे मुझे बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त हो सकेगें और समय-समय पर गुरुजनों से पूछकर अभ्यास करता हूं।

भारतीय पाठशाला इंटर कालेज कक्षा 12 के छात्र शानू दीक्षित ने बताया कि भौतिक विज्ञान में कठिन विषयों पर ज्यादा समय दिया है और पिछले पांच वर्षों के प्रश्न पत्रों का भी रिवीजन किया है। आंकिक प्रश्नों को भी पढ़ा है। भौतिक विज्ञान में नियम सूत्र का बहुत महत्व है। जब तक प्रश्न पूरा समझ में न आये, तब तक उसका उत्तर न लिखे। सही उत्तर लिखने के लिए प्रश्न संबंधित उत्तर को लिख-लिखकर याद किया है और क्रमबद्ध हल करने से अच्छे अंक प्राप्त होते है। प्रत्येक दिन हर विषय का रिवीजन करता हूं।

## ब्रह्मदत्त द्विवेदी की पुण्यतिथि आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के कद्दावर नेता स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी की पुण्यतिथि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिन मंगलवार 10 फरवरी को मनायी जायेगी। कार्यक्रम के संदर्भ में सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम भारतीया इंटर कालेज लोहाई रोड में सम्पन्न होगा। हवन पूजन आदि कार्यक्रम होंगे। समय अपरान्ह 3 बजे का रखा गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में सम्मलित हो।

# तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नौकरी लगवाने के नाम पर तत्कालीन बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा 10 लाख रुपये हड़प लेने के मामले में पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली है। कोतवाली फतेहगढ़ के रखा तिराहा बनखड़िया निवासी सुधीश चन्द्रा पुत्र हवलदार सिंह ने तत्कालीन बेसिक शिक्षाधिकारी के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें दर्शाया कि उसकी पत्नी नीलम कठेरिया जो कि कस्तूरबा विद्यालय में पार्ट टाइम टीचर के पद पर कार्यरत थीं, के जरिये वर्ष 2017 में जब विपक्षी बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत था। मुलाकात हुई व धीरे-धीरे प्रार्थी व विपक्षी के बीच प्रगाणता बढ़ती चली गयी, तब विपक्षी के द्वारा मुझे यह प्रलोभन दिया गया कि प्रबंधकीय-विद्यालय में कुछ नियुक्तियां सहायक अध्यापक के पद पर किया जाना शेष हैं। मैं बी0एड0 व शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण किये हुये हैं। नियुक्तियां मैं ही करूंगा और 20 लाख रुपये देने होंगे। मैंने अपना एक मकान जो कि पत्नी नीलम कठेरिया के संयुक्त रूप से था को 11 लाख 50 हजार रुपये में बेंच दिया और 22 नवम्बर 2018 को सुधीश चन्द्रा को सरकारी आवास स्थित आफीसर्स कालोनी फतेहगढ़ में अपने पिता हवलदार सिंह को साथ ले जाकर नकद 10 लाख रुपये दिये, उस समय उनके आवास पर जिला समन्वयक समयकित शिक्षा राजेश वर्मा, संतोष चन्द्रा, विश्राम सिंह, आलोक कुमार आदि मौजूद थे। धीरे-धीरे समय व्यतीत होने लगा और वर्ष 2018 के जून माह में सुधीश चन्द्रा का स्थानान्तरण डाइट जालौन में हो गया। जब मैंने सम्पर्क किया तो शीघ्र नियुक्ति करा देने का आश्वासन दिया। वर्ष 2023-24 में जब बी0एस0ए0 जनपद औरैया में कार्यरत था। तब मैं मिलने औरैया गया तो उन्होंने दो बार में रुपये वापस करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद उनका स्थानान्तरण प्रयागराज में हो गया। वर्ष 2025 के सितम्बर माह में रूपये वापस मांगने गया, तो रुपये देने से साफ मना कर दिया और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कर जेल भिजवाने की धमकी दी। पीड़ित ने जांच कराकर कार्यवाही करने व रुपये वापस दिलाये जाने की मांग की।

## खबरें एक नजर में

### अनाथ भाइयों की पुकार पर सरकार बनी सहारा, प्रशासन ने बढ़ाया मदद का हाथ

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री जनता दर्शन में धौरहरा क्षेत्र के सरसवा गांव के दो अनाथ भाइयों की गुहार पर सरकार और जिला प्रशासन ने त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए राहत पहुंचाई। माता-पिता की असामयिक मृत्यु के बाद बेसहारा हुए बच्चों की आर्थिक व शैक्षिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई की गई। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर दोनों बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ते हुए प्रति बालक चार-चार हजार रुपये मासिक सहायता स्वीकृत की गई। राशन कार्ड को अंत्योदय में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है तथा शिक्षा पुनः शुरू कराने की व्यवस्था की गई–छोटे का कक्षा 7 और बड़े का कक्षा 9 में प्रवेश कराया जा रहा है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता, खाद्यान्न किट, सीएसआर सामग्री, स्कूली बैग, ड्रेस, जूते, स्वेटर व कंबल उपलब्ध कराए। वर्तमान में दोनों बच्चे अपने बाबा-दादी के साथ प्रधानमंत्री आवास में निवास कर रहे हैं।

### मारपीट कर सिर फोड़ा, जान से मारने की धमकी, आरोपी पर केस दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** कोतवाली गोला क्षेत्र के ग्राम खलीलपुर में रुपये मांगने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित कृष्णा वर्मा पुत्र राजेश निवासी ग्राम खलीलपुर ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 7 फरवरी 2026 की शाम लगभग 6:30 बजे वह अपने बकाया रुपये मांगने के लिए गांव के ही मोनू पुत्र रामचन्द्र के पास गया था। आरोप है कि रुपये मांगने पर मोनू आगबबूला हो गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने कृष्णा वर्मा को लाठी से बेरहमी से पीट दिया। तहरीर के अनुसार मारपीट के दौरान आरोपी ने पीड़ित के सिर पर लाठी से वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने तथा मेडिकल परीक्षण कराए जाने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक गोविंद सिंह को सौंपी गई है।

### ग्राम प्रधान के जेठ के निधन पर शोक की लहर



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पुरवा औसान सिंह की ग्राम प्रधान चक कोटार गांव निवासी कृष्णावती देवी के जेठ 90 वर्षीय भृगु नाथ मौर्य की तबियत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए हॉस्पिटल लेकर गए जहाँ पर उपचार के दौरान निधन हो गया। प्रधान के जेठ के निधन पर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृत वृद्ध पांच भाइयों में सबसे बड़े थे। वृद्ध को दो पुत्र व एक पुत्री है। वृद्ध का अंतिम संस्कार गांव के चक कोटार गांव स्थित अंत्येष्टि स्थल पर मुखअग्नि बड़े पुत्र रामलल्लू द्वारा दिया गया है। सुबह से सपा नेत्री कीर्ति कोल,हलिया वार्ड नंबर तीन जिला पंचायत भावी प्रत्याशी विनोद कुमार मौर्या, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हथेड़ा काशी प्रसाद मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिलीप पटेल, अवधेश मौर्या सहित गांव के लोगो ने ग्राम प्रधान के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### साफ सफाई न होने से अमृत उद्यान में गंदगी का अंबार

**समृद्धि न्यूज़, राजगढ़ (मिर्ज़ापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के धनसीरिया के सरदार पटेल स्टेडियम के परिसर में बना अमृत उद्यान में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। साफ सफाई सालों से नहीं हुई है। साफ सफाई न होने से अमृत उद्यान में बड़े-बड़े घास उग गए हैं। देखा जाए तो 5 साल बीतने को है लेकिन साफ सफाई न होने से अब यहां पर लोग आना नहीं चाह रहे हैं। अमृत उद्यान परिसर में दो महापुरुष की प्रतिमा लगी हुई है। जिसमें लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगी हुई है। जहाँ पर चारो तरफ गंदगी और बड़े-बड़े घास उग गए हैं और इसी परिसर में जिम का निर्माण भी किया गया है।लेकिन जहां पर घास लगाना चाहिए था। वहां पर गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। जिम परिसर में गिट्टी के स्थान पर घास लगाना चाहिए था लेकिन ग्राम प्रधान ने कुछ नहीं किया। अब साफ सफाई की नहीं हो रही है। जिम में लगे कसरत वाले मशीनों में बैरिंग खराब हो चुकी है। साल बीत गए लेकिन अभी तक नया बैरिंग नहीं लगाया गया है कभी भी दुर्घटना हो सकती है लेकिन ग्राम प्रधान को इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। इसके अलावा कसरत करने वाले भी ग्रामीण अब यहां आना नहीं चाह रहे हैं। लाखों रुपए की लागत से बना अमृत उद्यान शोपीस बनकर रह गया है। ब्लॉक के अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं साफ-सफाई सालों से नहीं हो रहा है। इस संबंध में जब रेडियो पंचायत श्री कृष्ण उपाध्याय से बात हुई तो उन्होंने कहा कि इस बारे में कोई जानकारी नहीं है बुधवार के दिन मौके पर जाकर मुआयना किया जाएगा। अगर ऐसा है तो अमृत उद्यान की साफ सफाई कराई जाएगी।

### छह वारंटी गिरफ्तार, पुलिस ने न्यायालय में किया हाजिर



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गाँवो देवरी व मनिगढ़ा गांव से छह वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया है। न्यायालय द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर देवरी गांव निवासी वारंटी मेवा लाल, मिश्री लाल, छटंकी, पन्ना लाल व मनिगढ़ा निवासी नेवाज, मुन्ना को एसआइ हंसराज यादव हेड कांस्टेबल नवेंश मिश्रा ने गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया।प्रभारी थानाध्यक्ष हलिया श्यामलाल ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में दो अलग-अलग गांवों से छह वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

### मिर्ज़ापुर के बेटे ने रचा मेडिकल इतिहास, लार की एक बूंद से एक मिनट में अल्जाइमर की पहचान

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और जिले का नाम रोशन करने वाले लालगंज निवासी दक्षिण कोरिया में वैज्ञानिक डॉ. गुलाम रब्बानी ने चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अल्जाइमर जैसी जटिल बीमारी की शुरुआती पहचान के लिए एक अत्याधुनिक फ्लेक्सिबल बायोसेंसर विकसित किया है। जिससे अब बिना किसी दर्दनाक या जटिल जांच प्रक्रिया के मरीज की लार की केवल एक बूंद से एक मिनट के भीतर बीमारी का पता लगाया जा सकेगा।कार्बन नैनोट्यूब तकनीक पर आधारित यह बायोसेंसर लार में मौजूद लाइसोजाइम प्रोटीन के स्तर को मापकर सटीक परिणाम देता है। इसकी खासियत यह है कि यह बहुत कम वोल्टेज पर काम करता है और इसे मोबाइल फोन से भी जोड़ा जा सकता है। जांच के परिणाम महज एक मिनट में डिस्प्ले पर प्रदर्शित हो जाते हैं। जिससे अल्जाइमर की पहचान शुरुआती अवस्था में ही संभव हो सकेगी। विशेषज्ञों के अनुसार यह तकनीक भविष्य में बुजुर्गों और न्यूरोलॉजिकल रोगियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी।डॉ गुलाम रब्बानी का यह शोध अंतराष्ट्रीय प्रतिष्ठित जर्नल बायोइलेक्ट्रोकैमिस्ट्री में प्रकाशित हुआ है, जिसे वैज्ञानिक जगत में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर वैश्विक मंच तक पहुंचने वाले डॉ. रब्बानी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लालगंज के प्राथमिक विद्यालय तथा बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने जामिया हमदर्द से एमएससी और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से बायोटेक्नोलॉजी में पीएचडी की।

## मंदिर कॉरिडोर निर्माण व सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# महाशिवरात्रि को लेकर अलर्ट दिखीं नवागत एसपी ख्याति गर्ग, गोला कोतवाली का किया प्रथम दौरा

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।**

जनपद की नवागत पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने सोमवार को गोला कोतवाली का प्रथम औपचारिक निरीक्षण किया। अपने पहले ही दौरे में उन्होंने आगामी महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए सुरक्षा, यातायात एवं भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान वह गोला स्थित प्रसिद्ध मंदिर परिसर भी पहुंचीं, जहां उन्होंने मंदिर कॉरिडोर निर्माण से संबंधित व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान एसपी ने कोतवाली परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, शस्त्रागार व कार्यालय व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों को प्राथमिकता से सुना जाए तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

महाशिवरात्रि पर्व पर गोला में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए एसपी ने विशेष सुरक्षा प्लान की समीक्षा की। उन्होंने मंदिर मार्गों पर बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन कैमरों के उपयोग, महिला सुरक्षा इंतजाम तथा ट्रैफिक डायवर्जन प्लान को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने को कहा।

मंदिर कॉरिडोर निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली और पर्व से पूर्व श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम बनाने के निर्देश दिए। नगर पालिका को साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

इस अवसर पर एडिशनल एसपी अमित कुमार राय, गोला क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी, कोतवाली प्रभारी अंबर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू', क्राइम इंस्पेक्टर संतोष कुमार, एसएसआई देवेंद्र सिंह तथा ट्रैफिक इंचार्ज सचिन गंगवार सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो गोवंशों की मौत, एक घायल

जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी)।** इज्जतनगर एक्सप्रेस की चपेट में आने से दो गोवंशों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि दो गोवंश मृत अवस्था में पड़े थे और एक घायल था। तत्काल पशु चिकित्सा अधिकारी और गोला कोतवाली को सूचना दी गई। पशु चिकित्सा टीम तथा थाना प्रभारी अंबर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद सभी के सहयोग से गोवंशों को रेलवे ट्रैक से हटाया गया, जिससे रेल यातायात सुचारु हो सका।

## डीसीएम और बाइक की टकर में दो घायल



**समृद्धि न्यूज़, फरधान (लखीमपुर खीरी)।**

लखीमपुर-गोला मार्ग पर सोमवार दोपहर डीसीएम और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सकतापुर नहर के पास उस समय हुआ जब दोनों युवक निजी कार्य से लखीमपुर वापस लौट रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

मोहल्ला सौजन्या चौक, कोतवाली सदर लखीमपुर निवासी रोहित कुमार ने बताया कि वह अपने साथी करण कुमार निवासी ग्राम कुआडंडा, थाना बंडा जिला शाहजहांपुर के साथ बाइक से गोला की ओर गए थे और सोमवार दोपहर वापस लखीमपुर लौट रहे थे। जैसे ही वे सकतापुर नहर के पास पहुंचे, सामने से आ रही डीसीएम ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। एम्बुलेंस के ईएमटी वीरेश कुमार और पायलट मनोज कुमार ने प्राथमिक उपचार देते हुए दोनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान पहुंचाया, जहां उन्हें भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। सीएचसी फरधान के अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने बताया कि दोनों घायलों को गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन समय से अस्पताल पहुंच जाने के कारण उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। चिकित्सकीय निगरानी में उपचार जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और डीसीएम चालक के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## युवक ने खुद को मारी गोली, अस्पताल ले जाते समय मौत

- शादी को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद से था आहत, 7 मार्च को होनी थी शादी

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ (खीरी)।**

भीरा थाना क्षेत्र के पड़रिया तुला गांव में एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। शादी को लेकर घर में चल रहे पारिवारिक विवाद से आहत एक युवक ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार पड़रिया तुला गांव निवासी अमित खन्ना उर्फ मनी (28) पुत्र सुखदेव राज खन्ना ने सोमवार सुबह करीब 11:35 बजे



अपने घर में ही लाइसेंसी बंदूक से सीने में गोली मार ली। गोली चलने की तेज आवाज सुनकर घर के लोग घबराकर कमरे की ओर दौड़े तो अमित खून से लथपथ पड़ा था। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले ही अमित की शादी तय हुई थी, जिसकी तारीख 7 मार्च निर्धारित की गई थी। बताया जा रहा है कि अमित फिलहाल शादी नहीं करना चाहता था और कुछ समय बाद विवाह करने की बात कह रहा था। इसी मुद्दे को लेकर घर में कहासुनी और तनाव बना हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि मानसिक दबाव और पारिवारिक विवाद से परेशान होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। सूचना मिलते ही भीरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर लाइसेंसी बंदूक को कब्जे में ले लिया तथा कमरे को सील कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की असामयिक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में शोक की लहर है और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## पलिया में आईजीआरएस शिकायत बनी मुसीबत

**पलिया (लखीमपुर खीरी)।** सरकार जहां आईजीआरएस पोर्टल को आमजन की शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण का माध्यम बताती है, वहीं पलिया कोतवाली क्षेत्र का एक मामला इस व्यवस्था की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़ा कर रहा है। आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने वाला ही अब दबाव का सामना कर रहा है और पुलिस कार्रवाई के बजाय प्रकरण को 'संतुष्ट' दिखाने में अधिक रुचि लेती दिखाई दे रही है।

मामला बाईपास रोड स्थित एक दुकान के सामने कार संख्या यूपी-31-एए-4490 खड़ी करने को लेकर शुरू हुए विवाद का है। वाहन हटाने को लेकर कहासुनी हुई, जो आगे बढ़कर धक्का-मुक्की तक पहुंचने का आरोप है। शिकायतकर्ता नितेश चन्द्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि उनके पिता के साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया गया। घटना का आंशिक वीडियो भी पुलिस को सौंपा गया, हालांकि पीड़ित का कहना है कि धक्का मुक्की, गाली गलौज हो जाने के बाद बतौर साक्ष्य पीड़ित के साथियों ने वीडियो बनाया। आईजीआरएस पर दर्ज शिकायत की जांच उप निरीक्षक प्रेम नारायण सरोज द्वारा की गई। जांच आख्या में कहा गया कि वीडियो में केवल तेज आवाज में बातचीत दिखाई दे रही है, गाली-गलौज या मारपीट स्पष्ट नहीं है। साथ ही वाहन की जानकारी यातायात चालान जांच प्रणाली पर देखी गई, लेकिन कोई विवरण प्राप्त नहीं हुआ। इसके बाद निष्कर्ष निकाल दिया गया कि कोई आपराधिक कृत्य नहीं पाया गया और पुलिस कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है। यहीं से पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। यदि वाहन संख्या का कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं है, तो क्या यह फर्जी नंबर प्लेट की आशंका को मजबूत नहीं करता? फर्जी नंबर प्लेट लगाना स्वयं में दंडनीय अपराध है।

### गड़बड़ा शीतला धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने किया दर्शन पूजन

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम में सोमवार को फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष अष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर मां शीतला देवी के चरणों में मत्था टेका। भोर से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आगमन शुरू हो गया और देर शाम तक लगभग 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला देवी के दरबार में मत्था टेका।दर्शनपूजन के दौरान मंदिर परिसर मां के जयकारों, ढोल-नगाड़ों तथा घंटा-घड़ियाल की ध्वनि से गूंजता रहा। दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने परिवार सहित पहुंचकर मां शीतला देवी से सुख-शांति और स्वास्थ्य की कामना की। दर्शन से पूर्व भक्तों ने सेवटी नदी में स्नान कर लोटिया में जल भरा तथा चुनरी, नारियल, फूल-माला, फल और मिष्ठान अर्पित कर दर्शन के लिए कतार में लगे। मां शीतला के श्रृंगार एवं आरती के बाद कपाट खुलते ही दर्शन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में प्रसाद अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।वहीं मंदिर परिसर के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं रही। शौचालय और शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था न होने से श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करते रहे।

## रेलवे पुल के पास युवती से मारपीट, तीन नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** जिले में महिला सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। रेलवे पुल के पास मोटरसाइकिल खराब होने पर खड़ी युवती व उसके साथी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में अंजलि मिश्रा पुत्री राजकुमार मिश्रा निवासी मड़ियावां थाना मड़ियावां जनपद लखनऊ ने बताया कि वह 8 फरवरी 2026 को शिवकरन पुत्र रामदास निवासी नकुरीकलां थाना हरगांव जिला सीतापुर के घर जा रही थी। रास्ते में ग्राम छोटी उमरिया स्थित रेलवे पुल के पास नहर किनारे उनकी मोटरसाइकिल अचानक खराब हो गई, जिससे दोनों वहीं खड़े हो गए।

आरोप है कि इसी दौरान पीछे से आए तीन युवक—सूरज पुत्र महेश प्रसाद, नितेस पुत्र चंद्रभाल तथा धीरज पुत्र पप्पू निवासी मोहल्ला मुराउन टोला ओयल थाना व जिला खीरी—ने बिना किसी कारण गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक पटेल सिंह राठी को सौंपी गई है।

## सड़क हादसे में घायल पति की इलाज के दौरान मौत, अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज

**मैलानी (खीरी)।** भीरा-मैलानी मार्ग पर बीते वर्ष हुए सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद पुलिस ने अब अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की तहरीर पत्नी द्वारा स्वास्थ्य लाभ के बाद थाने पहुंचकर दी गई। पुलिस को दी गई तहरीर में उर्मिला पत्नी स्व. धनराज मीना निवासी बुद्धा मंदिर के पीछे, लखीमपुर (हाल पता रेलवे गार्ड कॉलोनी, मैलानी) ने बताया कि 10 सितंबर 2025 को वह अपने पति धनराज मीना के साथ यामाहा मोटरसाइकिल से भीरा से मैलानी की ओर आ रही थीं। शाम करीब 5:30 बजे कुरियानी गांव से पहले नहर के पास एक अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर सामने सड़क पर आ रहे जंगली जानवर से टकरा गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने दोनों को सीएचसी खुटार (जिला शाहजहांपुर) पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें चंदन हॉस्पिटल, गोमतीनगर लखनऊ रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान 19 नवंबर 2025 को धनराज मीना की मौत हो गई। मृत्यु के बाद विभूतिखंड थाना, लखनऊ पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उर्मिला का उपचार लंबे समय तक लखनऊ में चलता रहा। स्वास्थ्य में सुधार होने पर उन्होंने 9 फरवरी 2026 को मैलानी थाने पहुंचकर घटना की लिखित सूचना दी और कार्रवाई की मांग की।

## सामान लेने जा रहे परचून व्यापारी की गोली मारकर हत्या

- हाथ में तमंचा पकड़ाकर घटना को भटकाने की कोशिश

**मितौली (खीरी)।** थाना मितौली क्षेत्र में परचून व्यापारी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने से क्षेत्र में दहशत और सनसनी फैल गई। ग्राम लल्हौआ निवासी मनीष राठौर (35) देर शाम अपने घर से दुकान का सामान लेने के लिए मोटरसाइकिल से मितौली जा रहा था। बताया जा रहा है कि वह रोज की तरह दुकान का सामान लेने निकला था, लेकिन रास्ते में ही घात लगाए बैठे अज्ञात हमलावरों ने उसे निशाना बना लिया। लल्हौआ और तेंदुआ पुलिया के बीच सुनसान स्थान पर हमलावरों ने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद हमलावरों ने घटना को संदिग्ध रूप देने का प्रयास भी किया। मृतक की मोटरसाइकिल को गांव की दिशा में घुमाकर खड़ा कर दिया गया, वहीं उसके हाथ में 315 बोर का तमंचा पकड़ा कर छोड़ दिया गया। आशंका जताई जा रही है कि हत्या को



आत्मरक्षा या आपसी मुठभेड़ जैसा दिखाने की कोशिश की गई, हालांकि पुलिस प्रथम दृष्टया इसे सोची-समझी साजिशन हत्या मानकर जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस उपाधीक्षक मितौली यादवेंद्र यादव तथा प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक मय पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया, फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए गए तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन गृह लखीमपुर खीरी भेज दिया है। मृतक मनीष राठौर गांव में ही परचून की दुकान चलाता था, जो अच्छी खासी चलती बताई जाती है। ग्रामीणों के अनुसार वह व्यवहार कुशल व्यक्ति था और गांव में उसकी अच्छी पहचान थी। साथ ही वह ब्याज पर रुपये देने का काम भी करता था, जिससे आर्थिक लेन-देन का दायरा भी बड़ा था। हालांकि परिजनों का कहना है कि उसकी किसी से खुली रंजिश नहीं थी। मनीष, पिता वेदनाथ के तीन पुत्रों में सबसे छोटा था। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी, छह वर्षीय पुत्र कार्तिक तथा माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। घर पर शोक का माहौल है और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी रही। पुलिस का कहना है कि हत्या के पीछे के कारणों की गंभीरता से जांच की जा रही है। आर्थिक लेन-देन, पुरानी रंजिश तथा अन्य सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर छानबीन की जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सपा का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा देवहट गांव, श्रमिक की हत्या का राजफाश किए जाने की मांग

- मृत श्रमिक के परिजनों से मिलकर घटना के संबंध में ली जानकारी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्ज़ापुर)।**

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर सोमवार दोपहर समाजवादी पार्टी का बारह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल क्षेत्र के देवहट गांव पहुंचा। समाजवादी पार्टी के छानबे विधानसभा अध्यक्ष सोकिम अहमद के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने मृत श्रमिक छोटकऊ कोल के घर पहुंचकर परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। प्रतिनिधि मंडल ने



श्रमिक छोटकऊ कोल की हत्या का अभी तक पर्दाफाश नही किए जाने पर सरकार के प्रति रोष जताया।कहा कि कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है अपराधियों पर कार्रवाई नही हो रही है।प्रतिनिधि मंडल के सदस्य मृत श्रमिक के पुत्र रविन्द्र कुमार उर्फ पिंटू के साथ ड्रमंडगंज थाने पर पहुंचे और श्रमिक हत्या की जांच के संबंध में थानाध्यक्ष भारत सुमन से जानकारी ली। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने श्रमिक की हत्या का जल्द से जल्द राजफाश किए जाने थानाध्यक्ष से मांग की। थानाध्यक्ष ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि घटना की जांच चल रही है जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। समाजवादी पार्टी के अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव सियाराम जैसल ने बताया कि जिलाध्यक्ष के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिलकर घटना के संबंध में जानकारी ली है। कहा कि पीड़ित श्रमिक परिवार को न्याय दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर विधानसभा तक आवाज उठाएगी। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज से श्रमिक की हत्या के मामले में जांच के संबंध में वार्ता की गई है। कहा कि हम लोग उम्मीद करते हैं कि डीएम और एसपी पीड़ित श्रमिक परिवार को न्याय दिलाने का कार्य करेंगे। राष्ट्रीय सचिव ने आरोप लगाया कि श्रमिक दुलार मनि कोल ने आत्म हत्या नही कि बल्कि उसकी भी हत्या कर पेड़ से लटका दिया गया।छोटकऊ कोल की हत्या में शामिल लोगों ने बचने के लिए इस घटना को अंजाम दिया है। समाजवादी पार्टी श्रमिक की हत्या में शामिल लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में सुरेंद्र तिवारी, रमाशंकर कोल, हरिशंकर यादव, रविन्द्र कोल, शकील अहमद, मुकुंद लाल यादव, नियाज खान आदि रहे।

## श्रीराम कथा के लिए गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के लिए सोमवार को गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कथावाचक विंध्य पीठाधीश्वर लक्ष्मणाचार्य महराज के अगुवाई में मनकामेश्वर महादेव मंदिर से कलश शोभायात्रा यात्रा आरंभ हुई। पटेहरा गांव स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कन्याओं और महिलाओं ने कलश में जल भरा।कलश यात्रा पटेहरा गांव से होती हुई मनकामेश्वर मंदिर कथा स्थल पर पहुंची जहां विधि विधान से कलश स्थापना की गई।